रांची
गुरुवार
24.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 01
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-288 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
हर कोशिश में शायद सफलता नहीं मिल पाती, लेकिन सफलता का कारण कोशिश ही होती है।

## न्यूज गैलरी

### हाईकोर्ट ने निशिकांत दुबे समेत अन्य को अंतरिम राहत बरकरार रखने का दिया आदेश



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में बुधवार को देवघर एयरपोर्ट में नाइट टेक ऑफ या लैंडिंग की सुविधा नहीं होने के बावजूद शाम में चार्टर्ड प्लेन उड़ा कर दिल्ली जाने से संबंधित मामले में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत पूर्व में सांसद निशिकांत दुबे एवं अन्य को दी गयी अंतरिम राहत को अगले आदेश तक के लिए जारी रहने का आदेश दिया है। देवघर एयरपोर्ट एटीसी विवाद मामले में राज्य सरकार के अधिवक्ता की ओर से समय की मांग की गयी, जिस पर अदालत ने मामले की अगली सुनवाई छह मार्च 2023 निर्धारित की है। कोर्ट ने इस मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे एवं उनके पुत्र, मनोज तिवारी और एयरपोर्ट डायरेक्टर को दी गयी अंतरिम राहत के तहत उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। कोर्ट ने मामले में देवघर डीसी, कुंडा थाना प्रभारी, डीएसपी सिक्योरिटी इंचार्ज देवघर एयरपोर्ट को नोटिस जारी किया था।

### एलईडी की तेज लाइट से मधुमेह रोगी होने का खतरा

- आरपी सिंह

**नयी दिल्ली।** चीन के शंघाई जियाओतोंग यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने मधुमेह के बढ़ते जोखिम और रात में तेज रोशनी के बीच एक संबंध पाया है। उन्होंने पाया कि रात में एलईडी की तेज रोशनी के तीव्र संपर्क मेलाटोनिन और कॉर्टिकॉस्टरॉन जैसे हार्मोन के प्रोफाइल को बदल सकते हैं और हमारे सर्कैडियन लय में हस्तक्षेप कर सकते हैं। जो सभी सीधे शरीर में चीनी उत्पादन से संबंधित हैं। रात में चमकदार रोशनी के कारण शारीरिक परिवर्तन ग्लूकोज चयापचय को परेशान करते हैं। शोधकर्ताओं ने आगे पाया कि रात में तेज रोशनी एक्सपोजर समूह में लोगों को सबसे कम एक्सपोजर समूह की तुलना में मधुमेह का 28 प्रतिशत अधिक जोखिम था। उन्होंने यह भी पाया कि उच्च जोखिमवाले समूहों में लोगों का बीएमआई आमतौर पर अधिक था और कम जोखिमवाले समूहों में शारीरिक गतिविधि के उच्चस्तर की सूचना दी गयी थी। यह अध्ययन हाल ही में यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज के जर्नल डायबेटोलोजिया में प्रकाशित हुआ था।

---

झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) की बैठक सम्पन्न, लिये गये कई निर्णय

# आबादी के आधार पर तय होगा आरक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में बुधवार को जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। जानकारी के मुताबिक टीएसी की बैठक में कुल 11 एजेंडों पर चर्चा हुई। इसमें सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा 'द प्रोविजन ऑफ द म्यूनिसिपैलिटिज बिल 2001' पर स्टैंडिंग कमेटी द्वारा प्रस्तावित संशोधन पर चर्चा हुई। इस बिल में प्रावधान किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्र में स्थित नगर निकायों में अनुसूचित जनजाति की आबादी अधिक होने पर उसके अनुरूप मेयर अध्यक्ष या वार्ड पार्षद का पद अनुसूचित जनजाति के लिए ही आरक्षित होगा। परंतु इसके लिये टीएसी की अनुशंसा अनिवार्य है। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निकायों में पुराने प्रावधान को यथावत रखने के लिए केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी जायेगी। वहीं, जनजातीय भाषा में कक्षा एक से पांच तक के अध्ययन के लिए नीति बनेगी।



### नगर निकाय चुनाव टला

**राज्य** में होनेवाला नगर निकाय चुनाव टल गया है। इसको लेकर बुधवार को टीएसी की बैठक में प्रमुख रूप से पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में एकल पद आरक्षण को लेकर चर्चा हुई। कहा गया कि इस मामले में विधि परामर्श लिया जायेगा, क्योंकि अभी तक पंचायतों में पेसा कानून के तहत ही चुनाव हो रहे हैं। पेसा कानून में कोई संशोधन नहीं किया गया है। बैठक में अधिकांश सदस्यों ने एकल पद पर एसटी का आरक्षण समाप्त करने का विरोध किया और इसको लेकर कैबिनेट में एक प्रस्ताव लाकर केंद्र सरकार भेजने का सुझाव दिया है। ऐसे में नगर निकाय चुनाव की तिथि को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया है जिसके बाद चुनाव को टालने का निर्णय लिया गया।

### बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय : -

- पर्यावरण और जनजातीय संस्कृति का संरक्षण करते हुए राज्य में परिवेश के अनुकूलन पर आधारित पर्यटन अर्थात ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जायेगा।
- लघु वन उत्पाद की खरीद-बिक्री के लिए सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड कार्यरत है। इसके अंतर्गत व्यापक रूप से लघु वन उत्पाद की खरीद-बिक्री कर वन क्षेत्र में रहनेवाले लोगों की अधिक से अधिक आय वृद्धि हो, इसके लिये पहल किये जायेंगे।
- वनाधिकार अधिनियम-2006 के अन्तर्गत अधिक से अधिक सामुदायिक पट्टा दिये जाने और उसमें अधिक से अधिक वन भूमि का उपयोग वन विभाग के नियमों एवं पर्यावरण के अनुकूल किये जाने पर जोर दिया गया।
- जनजातीय भाषा में कक्षा 1 से 5 तक के लिए अध्ययन और जनजातीय भाषाओं के अधिक से अधिक उपयोग पर डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के माध्यम से अध्ययन कराते हुए एक नीति बनायी जायेगी। जनजातीय भाषाओं में अधिक से अधिक पाठ्य पुस्तकों का अनुवाद कराते हुए उसका वितरण कराये जाने का निर्णय लिया गया।
- जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज की जाये। आवश्यकता अनुसार पद सृजन भी किया जाये। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

---

अनुसंधान पदाधिकारियों के लिए डीजीपी ने जारी किया आदेश

## 41ए के नोटिस के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं, जांच पदाधिकारियों को करना होगा पालन



■ डीजीपी नीरज सिन्हा ने आरोपियों, गवाहों या साक्षियों को नोटिस भेजने को लेकर जारी किया आदेश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य पुलिस में अनुसंधान को सुधारने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। भारतीय दंड संहिता के तहत आरोपियों, गवाहों, साक्षियों या संदिग्धों को बुलाने के लिए धारा 41ए, 91, 160 और 175 के तहत नोटिस भेजा जाता है। डीजीपी नीरज सिन्हा ने इस संबंध में नया पुलिस आदेश जारी किया है। इस पुलिस आदेश के मुताबिक, यदि धारा 41ए के तहत नोटिस भेजे जाने के बाद व्यक्ति की गिरफ्तारी आवश्यक नहीं होगी। पुलिस आदेश में जिक्र है कि कोई आरोपी अगर 41ए के नोटिस पर उपस्थित होता है, ऐसे में उसे तब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता जब तक पुलिस के जांच पदाधिकारी इसके लिए स्पष्ट कारण न दें। 41ए के तहत नोटिस मिलने के बाद भी आरोपी उपस्थित नहीं होता है तो उस मामले में सक्षम न्यायालय में सूचना देकर वारंट लेने का निर्देश दिया गया है।

**धारा 91 के तहत कैसे कार्रवाई करेगी पुलिस :** किसी केस में अनुसंधान पदाधिकारी दस्तावेज या केस से जुड़ी चीज प्राप्त करने के लिए नोटिस भेजती है। अगर कोई व्यक्ति इस धारा के अधीन दस्तावेज या अन्य चीज स्वयं उपस्थित होने के बजाय पेश कर दें तो उसे उपेक्षा का अनुपालन माना जायेगा। लेकिन डाक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर,

---

भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार सख्त

## वित्तीय गड़बड़ी करनेवाले अभियंताओं के विरुद्ध अभियोजन की सीएम ने दी स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सरकारी पद का दुरूपयोग, आपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करनेवालों के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरेंद्र कुमार मिश्रा, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम एवं दीप नारायण साहा, तत्कालीन सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, हाटगम्हरिया के विरुद्ध धारा-420/409/467/468/471/120-बी के तहत अभियोजन स्वीकृत्यादेश दिया है। उपरोक्त के खिलाफ पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा जिलान्तर्गत हाटगम्हरिया थाना कांड संख्या-28/2016 दिनांक-19.10.2016 भारतीय दंड विधान 1860 की धारा 420/409 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वर्तमान में कांड का अनुसंधान जारी है एवं अनुसंधान के क्रम में भारतीय दंड विधान की अन्य धाराओं को जोड़ा गया है।

**क्या है आरोप :** अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि प्राथमिकी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड राज्य दिवस समारोह में मंत्रमुग्ध करेगा पारम्परिक नृत्य, गीत और संस्कृति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में गुरुवार 24 नवम्बर को झारखंड राज्य दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर झारखंड के पारम्परिक नृत्य, गीत और संस्कृति से लोग रूबरू होंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। यह समारोह सांय पांच बजे नयी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित एम्फी थिएटर में आयोजित होगा।

■ मुख्यमंत्री दिल्ली में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में होंगे शामिल



**स्वरोजगार सृजन हेतु किये जा रहे कार्यों की झांकी :** ट्रेड फेयर में ना सिर्फ झारखंड के रेशमी परिधान लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, बल्कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार सृजन हेतु किये जा रहे कार्यों की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच के अनुरूप मेले में कृषि, पशुपालन विभाग द्वारा जैविक कृषि का स्टॉल, वन विभाग का स्टॉल, जेरेडा का स्टॉल, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के स्टॉल में प्रदर्शित विभिन्न शिल्पकारों के हस्तनिर्मित लकड़ी, बांस से निर्मित नेम प्लेट, पेन स्टैंड, टी कोस्टर, सर्विस प्लेट, मूर्ति आदि दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है। झारखंड जैविक कृषि प्राधिकार ने स्टॉल के माध्यम से जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी की है। मेला में आनेवालों को जैविक कृषि से सम्बंधित बुकलेट, फिल्म आदि के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। झारखंड जैविक कृषि प्राधिकार के डॉ. एम. शिवा ने कहा कि वर्तमान में करीब 97 हजार कृषक ओफाज से जुड़े हैं और एक लाख हेक्टेयर भूमि से अधिक जैविक खेती के अंतर्गत है।

## तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आज सांसद करेंगे उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत-श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में शहर के गांधी स्मृति टॉउन हॉल में 24 से 26 नवम्बर तक तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम जनों में देश और राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना, भारत की एकता और अखंडता को बनाये रखना, सांस्कृतिक विरासत का आदान-प्रदान करना एवं संवैधानिक मूल्यों के बारे में आम लोगों को जागरूक करना है। प्रदर्शनी का उद्घाटन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, सदर विधायक आलोक चौरसिया, मेयर अरुणा शंकर, उप महापौर राकेश कुमार सिंह, आयुक्त जटा शंकर चौधरी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला, उपायुक्त आंजनेयुलु डोड्डे, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रामलखन सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में पूर्वाह्न 11 बजे किया जायेगा।

---

## ईडी ने एक हजार करोड़ रु. की मनी लाउंड्रिंग में कईयों को बनाया गवाह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन व परिवहन से की गयी कमायी की मनी लाउंड्रिंग में ईडी ने आईएएस अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, वन सेवा से जुड़े अधिकारियों, बैंक के अफसरों के साथ-साथ बड़े पैमाने पर कारोबारियों को अपना गवाह बनाया है। पूर्व में अवैध खनन के खिलाफ शिकायत कर चुके लोगों को भी ईडी ने अपना गवाह बनाया है। ईडी की तरह से इस मामले की जांच में जुटे असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा, रांची में पूर्व में पोस्टेड रहे डिप्टी डायरेक्टर सुबोध कुमार, ऋषिकेश पांडेय, अनुपम कुमार, अवध बिहारी राय को भी गवाहों की सूची में रखा गया है।

■ अवैध खनन केस में संताल परगना के तत्कालीन कमीश्नर, साहिबगंज एसडीओ समेत 42 को ईडी ने बनाया गवाह

### किन-किन महत्वपूर्ण लोगों को ईडी ने बनाया गवाह

**ईडी** ने इस मामले में बरहरवा थाने में मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, मंत्री आलमगीर आलम समेत 11 लोगों पर दर्ज केस के अनुसंधानक सरफुद्दीन खान को गवाह बनाया गया है। शंभूनंदन भगत के द्वारा बरहरवा थाने में टॉल टेंडर को लेकर विवाद से जुड़ा केस दर्ज किया गया था। इस केस को ही ईडी ने टेकओवर किया था। इस मामले में उन्हें गवाह बनाया गया है। वहीं, मुंगेर के रोहित कुमार, मुकेश यादव, शिव कुमार प्रसाद, रमेश पासवान, पूर्व में डीएमओ विभूति कुमार व पंकज मिश्रा पर केस कराने वाले विनोद हांसदा, पत्थर कारोबारी विनोद कुमार जायसवाल को भी गवाह बनाया गया है। विनोद कुमार ने ईडी को बताया था कि पंकज मिश्रा ने जबरन उनके स्टोन क्रशन प्लांट को हड़प लिया था। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## श्रृंगार गौरी नियमित पूजा के अधिकार मामले में 29 नवम्बर को सुनवाई

- आरएनएम

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर के श्रृंगार गौरी में नियमित पूजा के अधिकार मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई होनी थी, जो टल गयी। न्यायालय ने अगली तारीख 29 नवम्बर की दी है। मालूम हो कि वाराणसी के जिला जज न्यायालय ने मामले पर अपना फैसला 12 सितम्बर को दिया था। जिसके खिलाफ इंतजामिया कमेटी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील की। न्यायालय ने 12 सितम्बर को मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज कर दी थी और श्रृंगार गौरी मामले में राखी सिंह के केस को चलते रहने की मंजूरी दी थी।

मुख्यमंत्री का प्रयास ला रहा रंग

## मानव तस्करी की शिकार झारखंड के चार बच्चों को दिल्ली में कराया गया मुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। उसी कड़ी में मानव तस्करी की शिकार झारखंड राज्य के रांची जिले के तीन बालकों एवं गुमला की एक बालिका को दिल्ली में मुक्त कराया गया है। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नयी दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया कि चारों बच्चे मानव तस्करी के शिकार होकर अलग-अलग समय पर दिल्ली आये थे। तीन बालकों को दिल्ली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से बरामद कर मुक्त कराया। वहीं, गुमला जिले की एक लड़की को मानव तस्करी कर दिल्ली लाया गया था। उसे एक कोठी में घरेलू काम करने के लिए बेच दिया गया था, जहां बालिका से दिन-रात काम कराया जाता था। उसको पैसे भी नहीं दिये जा रहे थे। अततः शारीरिक यातना से प्रताड़ित होकर बच्ची वहां से ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

---

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति संबंधी सभी दस्तावेज किया तलब

❍ सर्वोच्च न्यायालय ने कहा - नियुक्ति में कोई गड़बड़ी तो नहीं, इसे देखेंगे

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार से चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति से संबंधित सभी दस्तावेज पेश करने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि हम देखेंगे कि नियुक्ति में कहीं कुछ गलत तो नहीं हुआ। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने यह चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में सुधार के लिए दायर याचिका पर चल रही सुनवाई के दौरान कही। इसके पहले 22 नवम्बर को हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि 2007 से अब तक मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल बहुत कम समय के लिए रह गया है। जबकि कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल छह वर्ष का होता था। अब ऐसे व्यक्ति को नियुक्त किया जा रहा है जो छह वर्ष का कार्यकाल पूरा किये बिना सेवानिवृत्त हो जाये। जिसके कारण आयोग की स्वायत्तता बाधित होती है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनाव आयुक्तों के चयन मंडल में देश के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाना चाहिए। इससे पारदर्शिता का संदेश जायेगा। जिस पर सरकार के सबसे बड़े वकील यानि अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि न्यायालय को इस मामले में दखल नहीं देना चाहिए, क्योंकि शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। न्यायालय इस मामले को संसद पर छोड़ दे। जिस पर न्यायालय ने कहा कि जब चुनाव आयुक्तों को पूरा कार्यकाल नहीं मिल रहा है, तो वह अपना काम कैसे पूरा करेंगे। यह प्रवृति लगातार जारी है, चाहे किसी की भी सरकार हो। इनकी नियुक्ति पर संविधान की चुप्पी का सभी ने शोषण किया है। इस बारे में एक वरिष्ठ वकील का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय का कहना काफी हद तक सही है। क्योंकि, इसके प्रमाण टीएन शेषन रहे हैं। जिन्होंने दिखा दिया था कि चुनाव आयोग की हैसियत क्या होती है। अब जो हालत है वह तो सबके सामने है।

■ कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त का छह वर्ष का होता था कार्यकाल

### सुप्रीम कोर्ट ने ईसी नियुक्त किये जाने संबंधी सभी दस्तावेज क्यों किया है तलब?



- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सेवानिवृत्त नौकरशाह अरुण गोयल को शनिवार 19 नवम्बर, 2022 को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया। पंजाब कैडर के पूर्व अधिकारी गोयल को नौकरी से 18-11-2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के एक दिन बाद राष्ट्रपति ने शनिवार 19 नवम्बर, 2022 को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया। पोल पैनल ने कहा कि गोयल ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। जिसके बाद 1985 बैच के पंजाब कैडर के अधिकारी अरुण गोयल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के साथ चुनाव पैनल में शामिल हो गये। सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने सवाल उठाया कि अरुण गोयल की जिस तरह से चुनाव आयुक्त पद पर हड़बड़ी में नियुक्ति हुई है, नौकरी से 18-11-2022 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के एक दिन बाद शनिवार 19 नवम्बर, 2022 को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया और सोमवार 21 नवम्बर से काम शुरू कर दिया। ऐसे में वीआरएस लेने के बाद तीन माह का गैप कहां है। नियमानुसार तो वीआरएस लेने के तीन माह बाद ही उनको ऐसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया जा सकता है? ऐसे में उनकी नियुक्ति से संबंधित सभी दस्तावेज की जांच जरूरी है। इसी के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त नियुक्त किये जाने संबंधी सभी दस्तावेज तलब किया है।

## जमीन कारोबारी की गोली मार कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातु थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी धवन राम की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार धवन राम एदलहातु चौक के पास स्थित एक पान गुमटी के पास खड़ा था, उसी दौरान दो अपराधी मौके पर पहुंचे और धवन को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। आनन-फानन में घायल जमीन कारोबारी को रिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले की जानकारी मिलते ही बरियातू थाना प्रभारी ज्ञानरंजन मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुट गये। मिली जानकारी के अनुसार जमीन कारोबार को लेकर ही धवन राम को स्थानीय अपराधियों ने निशाने पर रखा था। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। हालांकि, इस घटना में धवन राम का एक दोस्त भी घायल हुआ है, एक गोली उससे छूते हुए निकल गयी। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से पुलिस की टीम पूछताछ कर अपराधियों का सुराग हासिल करने में लगी हुई है।

## न्यूज गैलरी

### सांसद ने स्मार्ट क्लासरूम एवं पुस्तकालय का उद्घाटन किया



नामकुम। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गढखटंगा में आईसीसी कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लासरूम, बाल पुस्तकालय का उद्घाटन सांसद संजय सेठ ने किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कमला सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार उपस्थित थे। सांसद ने विद्यालय का भ्रमण कर सभी क्लासरूम, कार्यालय कक्ष, रसोईघर, शौचालय की साफ सफाई, लाइब्रेरी रुम जाकर देखा. स्कूली बच्चों ने पारंपरिक मांदर की थाप पर अतिथियों का स्वागत किया. अतिथियों ने कार्यक्रम में 150 बच्चों में जाति प्रमाण पत्र वितरण किया।अध्यक्षता लालखटंगा मुखिया पुष्पा तिर्की संचालन भूदेव चंद्र महतो ने की. मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, राजेश टोप्पो, पूर्व मुखिया रितेश उरांव आदि उपस्थित थे.

### पावर ब्लॉक की वजह से ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

रांची । आद्रा मंडल के छर्रा स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य हेतु ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जाएगा अत: रांची रेल मण्डल से परिचालित हटिया झ्र खड़गपुर एक्सप्रेस और खड़गपुर झ्र हटिया एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। ट्रेन संख्या 18036 हटिया झ्र खड़गपुर एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ दिनांक 25/11/2022 को हटिया से पुरुलिया तक जाएगी तथा यह रेक ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर झ्र हटिया एक्सप्रेस बन कर पुरुलिया से हटिया आएगी। ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर झ्र हटिया एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ दिनांक 25/11/2022 को खड़गपुर से आद्रा तक आएगी तथा यह रेक ट्रेन संख्या 18036 हटिया – खड़गपुर एक्सप्रेस बन कर आद्रा से खड़गपुर जाएगी। इन ट्रेनों का परिचालन आद्रा–पुरुलिया के बीच रद्द रहेगी।

### अमावस्या पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की हुई विशेष पूजा अर्चना

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में मार्गशीर्ष अमावस्या तिथि पर भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई। भगवान का पुष्प, धूप, दीप आदि से पूजा हुई। विविध अनुष्ठानों के बाद दशांग धूप, मनोहर दीप तथा खीर का नैवेद्य चढ़ाया गया। इसके बाद नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती करके उत्तम स्तोत्रों द्वारा श्रीभगवान की स्तुति की गई। आज के दिन भर का भोग रांची निवासी सुनीता खोसला की ओर से लगाया गया। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य व नारायण दास ने सभी अनुष्ठान कराए। पूजा अनुष्ठानों में रामअवतार नारसरिया, शंभुनाथ पोद्दार, जगमोहन नारसरिया समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का डीडीसी ने किया निरीक्षण

# लंबित आवासों को तीव्र गति से पूर्ण करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** को तमाड़ प्रखण्ड के पुण्डीदीडी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत निर्मित पूर्ण आवास में गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त, रांची श्री विशाल सागर एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा लाभुकों को गृह प्रवेश करवाया गया। उप विकास आयुक्त रांची विशाल सागर ने लुंगटू पंचायत में लंबित डिले आवास को पूर्ण करने हेतु चल रहे राजमिस्त्री प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण भी किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाता को लक्ष्य के अनुरूप ससमय प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अर्द्धनिर्मित आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाये। ताकि जाड़े के मौसम में लोगों को रहने की काफी परेशानियां होती है, यह आवास ससमय बन जाने से लोगों को सुविधा मिलेगी। साथ ही लंबित आवासों को तीव्र गति से पूर्ण कराना सुनिश्चित करने को कहा। उप विकास आयुक्त विशाल सागर द्वारा आंगनबाड़ी, आम बागवानी एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया। योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में संबंधित जनप्रतिनिधि, परियोजना अर्थशास्त्री, जिला समन्वयक, प्रखण्ड समन्वयक, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत सचिव, जनसेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, प्रखण्ड तकनीकी विशेषज्ञ एवं स्वयंसेवक इत्यादि उपस्थित थे।

### शहर में नहीं थम रही हैं चोरी की घटनाएं

**रांची।** राजधानी रांची में बेखौफ चोर लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा घटना जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के धुर्वा सेक्टर वन मार्केट की है। यहां चोरों ने एक मोटर्स पार्टस दुकान का ताला तोड़कर नगदी समेत 50 हजार रुपए के सामान की चोरी कर ली। चोरों ने इस वारदात को बीते मंगलवार देर रात अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार धुर्वा सेक्टर वन मार्केट में प्रसाद इलेक्ट्रॉनिक्स नामक प्रतिष्ठान है। मालिक ज्ञान प्रसाद ने बताया कि मंगलवार की रात आठ बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। बुधवार की सुबह जब वह पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है और प्रतिष्ठान के भीतर सामान बिखरा पड़ा है। कैश काउंटर से 15 हजार रुपए गायब है। साथ ही दुकान में रखे 35 हजार रुपए के सामान गायब है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा। अब पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

### लव जिहाद के खिलाफ बने कानून, लिव इन रिलेशनशिप की मान्यता रद्द हो : सुनील कुमार सिंह

**रांची।** देश में बढ़ती लव जिहाद की घटनाओं पर चिंता जताते हुए राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि देश में लव जिहाद के खिलाफ कठोर कानून बनाये जाने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि कानून बनाकर लिव-इन-रिलेशनशिप की मान्यता को रद्द की जाये। श्री सिंह ने कहा कि इन दिनों देश में लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने के कारण महिलाओं के खिलाफ घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार अडल्ट्री कानून को बहाल करे, जो सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2018 में रद्द कर दिया गया था।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**RAMGARH MUNICIPAL COUNCIL**

**NIT No.:RGH/NP/06/2022-23 [ VERY URGENT TENDER]**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Selection of Chartered Accountant/ Cost Accountant Firms for Internal Audit of Ramgarh Municipal Council, |
| 2 | Descriptions and Objectives of the Assignments | Internal Audit to assist in improving the accountability of use, Funds and provide a deterrent to malpractice or mismanagement. |
| 3 | Language of Documentation | English |
| 4 | Mode of submission of bids | Online |
| 5 | Tender Document Fees | 10,000 |
| 6 | Earnest Money Deposit | @2%OF quoted rate |
| 7 | EMD Exemption Allowed | No |
| 8 | EMD Payable to | Executive Officer, Ramgarh Municipal Council payable at Ramgarh |
| 9 | Method of Selection | "QCBS (Quality Cost Based Selection method) |
| 10 | Total time Period | 3 Years |
| 11 | Date of starting of Online Sale/downloading of Tender. | 25/11/2022 |
| 12 | Date of Start of Submission of Bids | 25/11/2022 |
| 13 | Last Date/Time for submission of Bids | 06/12/2022 |
| 14 | Last date for submission of Bid Security, Cost of Bid Documents | 07/12/2022 |
| 15 | No of Copies of Tech. and Financial Proposal for each package. | 1 copy of Technical Proposal<br>1 copy of Financial proposal |
| 16 | Date/Time of Technical Bid Opening | 09/12/2022,up to 3:00p.m |
| 17 | Bid Sale/ Submission address | Nagar Parishad Ramgarh |
| 18 | Helpline no. | 7979852821 |

Sd/-
Executive Officer
Ramgarh Municipal Council

PR 283206 (District) 22-23 (D)


# झारखंड की चार महिला हॉकी खिलाड़ी भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर आरके श्रीवास्तव ने हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि स्पेन में 27 नवंबर से 18 दिसंबर 2022 तक आयोजित एफआईएच महिला हॉकी राष्ट्र कप में भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार महिला हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। झारखंड की चार-चार महिला हॉकी खिलाड़ियों के भारतीय टीम में चयन होने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के लिए बड़े ही सौभाग्य एवं गौरवपूर्ण है कि हमारी चार-चार बिटिया देश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। वर्तमान समय में भारतीय टीम में जगह बनाना बहुत बड़ी उपलब्धि है, जब भारतीय महिला हॉकी टीम ओलंपिक और विश्वकप जैसे बड़े-बड़े प्रतियोगिताओं में क्वालीफाई कर रही है और अच्छे पोजीशन तक पहुंच रही है। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने कहा की झारखंड से एक जमाना में तीन चार खिलाड़ी भारतीय टीम में हुआ करते थे परंतु बीच में सभी टीमों में झारखंड शून्य हो गया था। परंतु झारखंड के सभी लोगों ने हॉकी के विकास के लिए समर्पण और निस्वार्थ भाव से राज्य के हॉकी के विकास की सोच लेकर कार्य किया जिसके रिजल्ट अब देखने को मिल रहा है और हमारे चार चार खिलाड़ी एक साथ टीम में चुने जा रही है। निक्की प्रधान-खूंटी जिला के मोरो प्रखंड अंतर्गत पेरोल गांव जहां आज तक एक खेल का मैदान नहीं वहां अपनी बड़ी बहनों से प्रेरणा लेकर नंगे पांव हॉकी की शुरूआत करते हुए बढ़ी हैं। झारखंड की पहली हॉकी खिलाड़ी जो कि दो-दो ओलंपिक खेलने का इतिहास रचने वाली निक्की प्रधान विश्व के सभी बड़े प्रतियोगिताओं ओलंपिक गेम्स, वर्ल्ड कप, कॉमनवेल्थ गेम, एशिया कप सहित सभी बड़े-बड़े प्रतियोगिताओं भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कई कीर्तिमान बना चुकी हैं।

### बीएयू में मत्स्यपालन, पर्यावरण एवं जैव विविधता पर हुई चर्चा

**रांची।** टिकाऊ कृषि एवं संबद्ध विज्ञान के लिए वैश्विक शोध पहल विषय पर मेरठ के आस्था फाउंडेशन द्वारा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के ऑफलाइन मोड का समापन हो गया. कृषि, पशु चिकित्सा, वानिकी, मत्स्यपालन, पर्यावरण एवं जैव विविधता आदि विषयों पर 11 सत्र आयोजित किए गए. सम्मेलन में ओरल और पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जीरो टिलेज कृषि, प्रक्षेत्र यंत्रीकरण, मात्स्यिकी, गृह विज्ञान, उत्पादों का सेल्फ लाइफ संवर्धन, पशु विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों पर चर्चा हुई।

### सीसीएल के कार्मिक निदेशक एनआईपीएम रांची चैप्टर के अध्यक्ष बने

**रांची।** सीसीएल में बुधवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट रांची चैप्टर की सामान्य निकाय की बैठक हुई। इसमें सीसीएल व बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र एनआईपीएम रांची चैप्टर के अध्यक्ष चुने गए। यहां उन्होंने कहा कि एचआर कैडर के लोगों को स्वेच्छा से सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इसके लिए चैप्टर द्वारा हर माह कुछ गतिविधियां की जाएंगी। इसके अलावा विभिन्न संस्थाओं में तकनीकी सत्र पर कार्यशाला आयोजन करने का निर्णय लिया गया। यह भी बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका को ध्यान में रखते हुए 17 दिसंबर को सीसीएल के न्यू कन्वेंशन हॉल में डीमिस्टिफाइंग द रोल ऑफ एआई इन एचआर विषय पर सत्र का आयोजन किया जाएगा।

### मार्गशीर्ष अमावस्या के अवसर पर श्रृंगार आरती के बाद पंचमेवा का लगाया गया भोग

# जय-जय-जय खाटू के वासी जय-जय बाबा श्याम शरणागत हम आये आपके दर्शन, हमको दे दो श्याम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मंदिर में बुधवार को मार्गशीर्ष अमावस्या के अवसर पर श्रृंगार आरती के बाद पंचमेवा के भोग के समय भक्ति भाव से उक्त भजन का गायन कर खाटू नरेश को रिझाया जा रहा था। पूरा मंदिर परिसर खाटू नरेश की जय-जयकारों से गूंज रहा था । श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज अमावस्या के अवसर पर खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की व्यवस्था अनुसार खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न हुआ। गंगाजल शुद्ध जल दूध, दही, शहद, चीनी, गुड़, लाल गुलाब के फूल आदि



से महास्नान करवाया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब स्टार पीला स्टार ब्लू स्टार सफेद स्टार ऑरेंज रजनीगंधा मुर्गन तुलसीदल लाल गेंदा पीला गेंदा फूलों की मोटी मोटी मालाओं से मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मनोहरी देवी श्रृंगार किया गया। पंचमेवा का भोग लगाया गया। प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती की गई। चिरौंदी निवासी संजीव कुमार ने श्रृंगार मधुश्री पंचमेवा राजेश शर्मा व राजेश सिंघानिया ने सेवा निवेदित की। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि अमावस्या के कारण आज प्रातः सहित भारी संख्या में भक्तों ने श्याम दरबार में अपना मत्था टेका व खाटू नरेश के श्यामल रूप का दर्शन किया। रात्रि 9:30 बजे पट बंद होने तक भक्तों ने मंदिर में आकर अपनी मनोकामना निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया सर्व श्रवण, अनिल नारनौल, प्रवीण अग्रवाल, अरुण खुटेटा, गोपाल मुरारका, श्याम सुंदर जोशी, छगनलाल चांडक, दुर्गा चांडक सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

#### शनिवार को श्री श्याम भंडारा

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष पर शनिवार 26 नवंबर को संध्या 5:00 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 38 व श्री श्याम भंडारा होगा मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा होता है। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी


**कार्यालय, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला।**
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला –835207
E-mail ID – dscogumla2@gmail.com

**आम चुनाव**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची का राज्यादेश सं० –41 दिनांक 11.11.2022 के द्वारा राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में व्यक्तिगत कृषक/महिला स्वयं सहायता समूह/अन्य कृषक समूह को पम्पसेट एवं छोटे कृषि यंत्र अनुदानित दर पर वितरण के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

| क. सं. | कृषि यंत्र का नाम एवं विवरण | लाभुक का पात्रता की शर्त्त | लक्ष्य | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | गुमला | सिमडेगा | |
| 1 | पम्पसेट (1.5 to 5 HP) | 1. मनरेगा से निर्मित कूप के लाभुक कृषक 2. भूमि संरक्षण निदेशालय से विगत वर्षो में तालाब जीर्णोद्धार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेषन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्य 3. अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषक | 678 | 680 | आवेदन निम्न पत्ते पर जमा करें:– 1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी का कार्यालय सिमडेगा। 2. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, का कार्यालय गुमला। 3. जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी का कार्यालय गुमला। |
| 2 | पम्पसेट (3 to 5 HP) | | 039 | 034 | |
| 3 | सोलर (1HP) | | 020 | 017 | |
| 4 | कृषि उपरकण बैंक का स्थापना (मिनी ट्रैक्टर, Power Tiller, Reaper, Rotavator, Transplanter, Rice Mill, Altenator, Thresher ets) | 1. महिला स्वयं सहायता समूह 2. LAMPS 3. FPO 4.अन्य कृषक समूह 5.व्यक्तिगत कृषक 6.मा० विधायक से अनुषंसित आवेदन को प्राथमिकता दिया जाना है। 7.कृषि योग्य भूमि होना चाहिए। | समूह –036 व्यक्तिगत–012 | समूह–016 व्यक्तिगत–012 | |

PR 283141 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23)D

जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला।


# सांसद झारखंड से लगभग 5000 की संख्या में कार्यकर्ताओं को दिल्ली के लिए 25 नवम्बर को करेंगे रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह के अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश से लगभग पांच हजार (5000) फाउंडेशन के कार्यकर्ता दिल्ली के लिए सड़क मार्ग बस एवं रेल मार्ग से रवाना होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, नवीन जयसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह, छात्र क्लब ग्रुप के प्रदेश संरक्षक युवराज पासवान आदि रांची से प्रस्थान करने वाले फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं को शिव मंदिर परिसर पिस्कामोड़ से विदा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह ने कहा जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर देश भर से लगभग लाखों की संख्या में सनातनी जंतर मंतर दिल्ली में



फाउंडेशन द्वारा आयोजित महारैली में भाग लेंगे। अगर हमारे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना तो इसके गंभीर परिणाम हम सभी को भुगतने होंगे। गृह युद्ध के हालात पैदा हो जाएंगे। आज दिल्ली जंतर मंतर में आयोजित महारैली की सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह के नेतृत्व में फाउंडेशन के लोग पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, नवीन जयसवाल, सीपी. सिंह से मिले। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह, रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष महेश भारती, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, प्रदेश महासचिव भावेश सिंह, प्रदेश संयोजिका महिला विंग नीतू सिंह, कार्यसमिति सदस्य सूरजभान सिंह, प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग संपत्ति देवी सहित बबली देवी आदि उपस्थित थे।


**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(जिला समाज कल्याण शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत तथा अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से सिमडेगा जिला अन्तर्गत 07 परियोजनाओं में दिव्यांगों के लिए विशेष यंत्र/उपकरण की आपूर्ति हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान/निर्माता से मुहर बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता द्वारा द्वी बीड पद्धति के अनुरूप मुहरबन्द लिफाफे में तकनिकी एवं वित्तीय अंश को अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में दिनांक – 12.12.2022 को 01:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदा को दिनांक – 12.12.2022 को 03:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उप विकास आयुक्त, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा।

| क्र0स0 | सामग्री का नाम | क्र0स0 | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्राई साईकिल | 5 | वैसाखी मध्यम |
| 2 | व्हील चेयर व्यस्क | 6 | श्रवण यंत्र |
| 3 | व्हील चेयर मध्यम | 7 | ब्लाइंड स्टीक |
| 4 | वैसाखी व्यस्क | 8 | वॉकिंग स्टीक |

14. उपर्युक्त दर्शायी गई सामग्रियों की सूची, नियम एवं शर्तें जिले के वेवसाईट **www.simdega.nic.in** एवं जिला समाज कल्याण के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा। | उप विकास आयुक्त सिमडेगा।

PR 283217 Social Welfare,Women and Child Development(22-23)#D



**समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–2, टाटीसिलवे, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (समाचार-पत्र)**

झा0स0पु0–2, टाटीसिलवे, राँची के सरकारी वाहनो के लिए टायर एवं टयुब क्रय हेतु निबंधि प्रतिष्ठानो/एजेंसियो से डी0जी0एस0एण्ड डी0 दर पर मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | वाहन का प्रकार | टायर/टयुब का साईज | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1. | टाटा बड़ीबस | 1000X20 CEAT | 14+14 अदद |
| 2. | टाटा 407 (ट्रक) | 8.25X16 CEAT | 05+05 अदद |
| 3. | टाटा सुमोविक्टा/टाटा सुमोगोल्ड | 215/75-R-15 CEAT | 10 अदद (टयूबलेश) |
| 4. | मारूति जिप्सी | 215/75-R-15 CEAT | 05+05 अदद |
| 5. | थार जीप | 185/85-R-16 CEAT | 05+05 अदद |

अत: दिनांक 02.12.2022 से दिनांक 06.12.2022 को कार्यालय अवधि 11.00 पूर्वा0 से 17:00 बजे अप0 तक निबंधित डाक या स्वयं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय मे निर्धारित तिथि एवं समय के अन्दर निविदा जमा किया जायेगा। निविदा दिनांक 08.12.2022 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी।

नियम/शर्तें :–
1. आपूर्तिकर्ता को वाणिज्यकर विभाग से निवंधित होना चाहिए।
2. वाणिज्यकर का नियमित भुगतान करता हो।
3. TIN, PAN & GST नम्बर प्राप्त किया हो।
4. शर्त पुरा नही होने पर निविदा रदद घोषित कर दिया जायेगा।
5. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त निविदा का मान्य नही होगा।
6. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि, प्राप्त निविदा मे से न्युनतम दर वा निविदा का अनुमोदन कर अन्य को कर दिया जायेगा।

ह0/–
(इन्द्रजीत माहथा)
22.11.2022
समादेष्टा, झा0स0पु0–2, टाटीसिलवे, राँची।

PR.NO.283127 Police(22-23):D

## न्यूज गैलरी

### श्रम मंत्री ने विधायक को तेनुघाट व कसमार आईटीआई शीघ्र शुरू करने को लेकर किया आश्वस्त



रांची। राज्य के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो को इस बात के लिए आश्वस्त किया है कि तेनुघाट और कसमार में बनकर तैयार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा। गोमिया विधायक ने मंत्री से मिलकर आज कहा कि लंबे समय से दोनों आईटीआई अपने -अपने उद्घाटन की बाट जोह रहा है. उद्घाटन नहीं होने की वजह से शैक्षिक सत्र भी प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। यह भी कहा कि आईटीआई के प्रारंभ हो जाने का लाभ गोमिया विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में रहने वाले छात्रों को प्राप्त हो सकेगा। छात्र रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

### चंदन कुमार सिन्हा की माता का निधन



रांची। चंदन कुमार सिन्हपा की माता शकुंतला देवी का 70 वर्ष की अवस्था में 23 नवंबर को रांची मेडिकल कॉलेज मैं तड़के सुबह निधन हो गया। इनकी तबीयत खराब होने पर रांची के हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों की देखरेख में कई दिनों से इलाज होने पर भी स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा था। हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया था। रिम्स में शंकुलता देवी के इलाज के दौरान बुधवार को सुबह 4:00 बजे निधन हो गया है। चंदन कुमार सिन्हा की माता के निधन की खबर को सुनकर उनके दोस्तों और शुभचिंतकों ने रिम्स में जाकर मुलाकात की। शोकाकुल परिवारों वालों को ढांढस बांधा।

### जूट से उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण

रांची । खादी ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार द्वारा पीएमईजीपी के माध्यम से जन सहभागी विकास केंद्र, कमड़े में जूट से उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण देगी। बुधवार को रांची सांसद संजय सेठ ने इसका उद्घाटन किया। 11 लाख रुपए का ऋण लेकर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया है। वोकल फॉर लोकल के साथ स्वरोजगार के लिए यह सशक्त कदम है। श्री सेठ ने कहा कि यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत निर्माण के साथ स्वरोजगार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो, वे ऐसी कामना करता हैं।

### वाउ फोटोज स्टूडियो का सांसद ने किया शुभारंभ




रांची। पहाड़ी मंदिर के पीछे कुम्हारटोली में वाउ फोटोज स्टूडियो का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन सांसद संजय सेठ ने किया। इस अवसर पर सांसद ने स्टूडियो की सफलता की शुभकामनाएं दी और कहा कि वेडिंग और प्री वेडिंग जैसे इवेंट से फोटोग्राफी के नए अवसर खुल गए है। इससे कई लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। स्टूडियो के एमडी अभय राज ने बताया कि यहां वेडिंग, प्री वेडिंग, एड शूट, डॉक्यूमेंट्री, प्रमोशनल वीडियो आदि की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। वेडिंग शूट के लिए लेटेस्ट कैमरा का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि नए जोड़ों को एक नया अनुभव महसूस हो। प्रोफेशनल टीम के द्वारा सभी फोटोशूट किए जाते है। टीम के सभी मेंबरों को फोटोग्राफी का लंबा अनुभव है। अभय राज ने बताया कि जनवरी और फरवरी में होने वाले शादियों की बुकिंग शुरू हो गई है। जो लोग बुकिंग करवाना चाहते है, वो जल्द से जल्द संपर्क कर सकते है। अभय ने बताया कि आने वाले समय में वाउ फोटो स्टूडियो में फोटोग्राफी की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

### स्वास्थ्य व समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# प्रखंड स्तर पर मासिक बैठक नियमित रूप से करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला मलेरिया पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, आयुष मेडिकल ऑफिसर, सभी एमओआईसी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत, सभी सीडीपीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं बाल संरक्षण पदाधिकारियों को प्रत्येक माह स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण का




प्रखण्ड स्तर पर मासिक समन्वय बैठक नियमित रूप से करने का निर्देश दिया गया। सीडीपीओ द्वारा नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण नहीं किए जाने पर उपायुक्त द्वारा नाराजगी जताई गई। उन्होंने कहा कि सभी सीडीपीओ नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को वीएचएसएनडी दिवस पर निश्चित रूप से क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा 15वें वित्त आयोग से निमार्णाधीन स्वास्थ्य केन्द्र/उप स्वास्थ्य केन्द्र आदि को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य/केन्द्र स्तर से प्राप्त आदेश/निदेश से ससमय संबंधित पदाधिकारी/कर्मी को अवगत कराएं। टीकाकरण/संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने डीयू लिस्ट के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि आईफा टैबलेट एवं कैलशियम टैबलेट का आवश्यकता अनुरूप वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने यक्ष्मा रोग से पीड़ित व्यक्तियों को ससमय दवा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पात्र लोगों को योजना का लाभ ससमय देने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अन्तर्गत लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा कुपोषण उपचार केन्द्र में महिला पर्यवेक्षिका को बेड आवंटित करते हुए कुपोषित बच्चों को उपचारित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर में शत-प्रतिशत लाभुकों का एंट्री सुनिश्चित करें।

> प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पात्र लोगों को योजना का लाभ ससमय देने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अन्तर्गत लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सीडीपीओ नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें।

### पांच दिनी मशरूम प्रशिक्षण का समापन, बाजार की व्यवस्था करने की जरूरत

**रांची।** जिला उद्यान कार्यालय द्वारा संचालित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को मोबाइल एग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेज संस्थान में हुआ। इस समापन समारोह में टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने मशरूम के उत्पादन और प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ में यह भी कहा कि इसके लिए बाजार की व्यस्था कराने की जरूरत है। अंत में उन्होंने मोबाइल एग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेज संस्थान की काफी सराहना की और कहा कि मास अपने आप में एक अनोखी पहल है और आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना बीस साल पहले था। टअरर के सचिव विजय भरत ने पांच दिनों से चले प्रशिक्षण कार्यक्रम की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि 50 लाभुकों को प्रशिक्षण दिया गया।

## प्रांतीय अध्यक्ष ने झारखंड मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय कार्य समिति की घोषणा की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2022- 24 की प्रांतीय कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। जो कि इस प्रकार है-संरक्षक- गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, नंदलाल रुंगटा, विनय सरावगी, गोविंद प्रसाद डालमिया, भागचंद पोद्दार, राजकुमार केडिया, निर्मल काबरा, ओम प्रकाश अग्रवाल , प्रांतीय अध्यक्ष- बसंत कुमार मित्तल, प्रांतीय उपाध्यक्ष-शिव हरि बंका, ताराचंद जैन, अरुण बुधिया, ओमप्रकाश रिंगसिया, मनोज बजाज, केदारनाथ मित्तल, प्रांतीय महामंत्री- रवि शंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष- राहुल मारू, संगठन महामंत्री- प्रदीप राजगढ़िया, संयुक्त महामंत्री-दीपक पारीक, रंजीत डालमिया सुभाष पटवारी, राकेश जैन रारा, अजय चेतानी, सौरभ सरावगी प्रमंडलीय उपाध्यक्ष -पवन कुमार पोद्दार रांची, अशोक पाण्डया धनबाद, सुमेर जैन सेठी हजारीबाग, राजकुमार मुंदड़ा कोल्हान, शिव सर्राफ संथाल परगना, सुरेश उदयपुरिया पलामू, प्रमंडलीय मंत्री-पवन कुमार अग्रवाल, विमल बुधिया, शिव प्रकाश शर्मा, राजेंद्र मेहरिया, सुशील अग्रवाल, जितेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारिणी समिति में 25 सदस्यों को, तथा स्थायी विशेष आमंत्रित में 75 सदस्यों को शामिल किया गया है। प्रमंडलीय कार्यकारिणी समिति में 12 सदस्यों को शामिल किया गया। परामर्शदात्री समिति में -नीरा बथवाल, मुकुंद रूंगटा, बन्ना गुप्ता, रतनलाल बंका, केके पोद्दार, जुगल किशोर मारु, विद्याधर शर्मा, धर्मचंद जैन रारा, महेश पोद्दार, अजय मारू, रामजीलाल शारदा, समरी लाल, अशोक गोयल, पुष्पा भुवालका प्रेम कटारुका, जगदीश सेन, अरुण बाकरेवाल, शामिल है।

### इटकी में युवक की हत्या कर शव को नदी में फेंका

**रांची।** राजधानी रांची के इटकी थाना क्षेत्र स्थित एक नदी से पुलिस ने युवक का शव बरामद किया है। युवक के सिर में तीन गोली मारी गयी है। युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए नदी में फेंक दिया गया। बुधवार की शाम को इटकी थाने की पुलिस ने शव को बरामद किया है। मृतक युवक का नाम मनोज महली है और वह मूल रूप से लालगुटवा का रहनेवाला है। इटकी थाना की पुलिस ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने इस युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए नदी में फेंक दिया है।

## झारखंड अलग राज्य उपहार में नहीं, आंदोलनकारियों के त्याग, संघर्ष व शहादत के बल पर हुआ है : मथुरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक व जेएमएम के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समर्पित नव वर्ष का कैलेंडर का लोकार्पण एवं राज्यपाल के द्वारा झारखंड विधानसभा के 22 वें स्थापना दिवस में झारखंड अलग राज्य को उपहार में दिए जाने के संदर्भ दिए गए अभिभाषण का विरोध किया गया। श्री महतो के मोरहाबादी, दीनदयाल नगर स्थित आवास में आयोजित लोकार्पण व संवाददाता सम्मेलन में में कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंडियों के त्याग, संघर्ष व बलिदान के बल व संविधान की धारा 3 (अ) के तहत भाषा व संस्कृति के आधार पर हुआ है। उपहार में मिला हुआ स्वाभाविक राज्य झारखंड नहीं है। लाखों झारखंड आंदोलनकारियों के खून से बना है। ये बात और है कि तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में तीन राज्य एक साथ बने उसमें झारखंड भी एक है। आज भी वृहद अलग राज्य का सपना अधूरा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आंदोलनकारियों के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने की दिशा में पहल हुई है। कई लाभ व मान सम्मान दिए जा रहे है। इस अवसर पर टीएसी के सदस्य व झारखंड आंदोलनकारी विश्वनाथ सिंह सरदार ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की मांग 1928 ईस्वी में उन्नति समाज के द्वारा साइमन कमीशन के समक्ष की गई थी।

### वेंचुरा स्किल अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और टेंडर हार्ट को पूरे अंक

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और टेंडर हर्ट की टीम ने बुधवार को यहां आरडीसीए द्वारा जारी वेंचुरा स्किल अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत अपने-अपने मैच जीतकर पूरे अंक अर्जित किए ।शाखा मैदान में खेले जा रहे इस प्रतियोगिता के तहत जेवीएम श्यामली की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ।जेबीएम की टीम 31.4 ओवर में 174 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी।जवाब में सरस्वती शिशु मंदिर की टीम ने 22.3 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाकर मैच को जीत लिया ।विजेता टीम की ओर से हर्षित ने 38 अविनाश ने 34 जयप्रकाश ने 25 रनों का योगदान किया। आदर्श को दो और रणवीर और आयुष्मान को एक विकेट मिले ।जे वी एम के लिए अर्जुन ने 63 हर्ष ने 21 रनों की पारी खेली। जयप्रकाश को तीन सौरभ को तीन और प्रणव को दो विकेट मिले। वहीं गोल चक्कर मैदान में खेले गए मैच में टेंडर हार्ट की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 4 विकेट पर 296 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसमें कृष्णा ने 83 नाबाद आकाश ने 65 हर्ष ने 48 रनों की पारी खेली। दिव्यांशु और गौरव को दो-दो विकेट मिले। जवाब में संत माइकल की टीम 23.2 ओवर में 133 रन पर ही सिमट गई जिसमें दीपांशु ने 29 अभिमन्यु ने 43 साल गौरव ने 17 रनों की पारी खेली। सचिन और नितिन को चार चार विकेट मिले टेंडर हर्ट की टीम ने इस मैच को 163 रनों से जीता


### सदर अस्पताल में नियुक्ति के नाम पर असामाजिक तत्व कर रहे उगाही

**रांची।** सदर अस्पताल में नियुक्ति के नाम पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न वेबसाइट और अन्य माध्यमों से पैसे की उगाही की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी दी है कि स्वास्थ विभाग रांची द्वारा नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया गया है। किसी प्रकार की नियुक्ति नहीं की जा रही है। प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों और दलालों से सावधान रहें। वहीं बीते दिनों टी एंड एम सर्विसेज कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर भी कुछ लोग स्वास्थ विभाग में नियुक्ति के लिए पैसे की मांग कर रहे थे। इस बाबत कंपनी ने जानकारी दी थी कि सोशल मीडिया पर रिक्तियों को लेकर किसी तरह का पोस्ट नहीं किया गया है। कंपनी न तो ऑफर लेटर और ना ही ज्वाइनिंग लेटर दे रही है।




### ग्रामीण विकास विभाग प्रशांत कुमार ने की योजनावार बजट के विरुद्ध खर्च की गई राशि की समीक्षा

# जेएसएलपीएस को सौर ऊर्जा की दिशा में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव श्री प्रशांत कुमार ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पूर्व से चल रही योजनाओं की सतत निगरानी करते रहें। वहीं कुशल वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक सुधार की पहल करने को भी कहा। उन्होंने सरकारी खर्च पर पैनी नजर रखने और उसे युक्तिसंगत बनाने पर भी जोर दिया। ये बातें सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्री प्रशांत कुमार ने कही। सचिव योजनावार बजट के विरुद्ध खर्च की गई राशि का विवरण, योजना बजट के विरुद्ध निर्गत स्वीकृति आदेश और व्यय की स्थिति की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में सचिव प्रशांत कुमार ने वितीय वर्ष 2022-23 में योजना के विरुद्ध निर्गत स्वीकृति आदेश, आवंटन आदेश, व्यय की स्थिति, विभाग द्वारा संचालित मुख्य योजनाओं के कार्यान्वयन की अद्यतन स्थिति, योजनाओं की स्वीकृति तथा उनके कार्यान्वयन की स्थिति, भारत सरकार से राशि की प्राप्ति एवं उसके व्यय की अद्यतन स्थिति की जानकारी एवं आगामी बजट की तैयारी को लेकर निदेश दिया। बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, विशेष सचिव रामकुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, अवर सचिव चंद्रभूषण, उप सचिव प्रमोद कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**सौर ऊर्जा की दिशा में कार्य करने की जरूरत**

> सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्री प्रशांत कुमार ने कहा कि आज पूरी दुनिया सौर ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। झारखण्ड में भी इसपर कार्य शुरू करें। छोटे स्तर पर इसकी शुरूआत करें। सिंचाई के क्षेत्र में छोटे पैमाने पर इसका उपयोग हो रहा है। अब माइनर इर्रिगेशन पर भी विभाग ध्यान केंद्रित करें। इस दिशा में बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सकता है।

## न्यूज गैलरी

### अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध कुल 77 वाहन जब्त

**चाईबासा ।** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्तरीय खनन टास्कफोर्स अनन्य मित्तल के निदेशानुसार जिला खनन कार्यालय द्वारा चक्रधरपुर अनुमण्डल अंतर्गत गोईलकेरा / सोनुवा / गुदड़ी आदि थाना क्षेत्रों में रात्रि समय 7:00 से 9:00 बजे तक बालू खनिज के अवैध खनन / परिवहन / भण्डारण के रोकथाम हेतु औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में सोनुवा - चक्रधरपुर मार्ग में महतो पेट्रोल पम्प, निश्चिंतपुर के समीप सोनालिका ट्रैक्टर वाहन ख़ल06द-1554 को बगैर खनन परिवहन के चालान पाया गया तथा खान अधिनियम के तहत वाहन के चालक नरसिंह मांझी, वाहन मालिक एवं उक्त क्षेत्र में बालू चोरी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध सोनुवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जिसकी काण्ड संख्या 46 / 2022, दिनांक 23.11.2022 है। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष अप्रैल 2022 से अब तक अवैध खनन / परिवहन / भण्डारण के विरुद्ध कुल 77 वाहनों को जब्त किया गया है, एवं 33 प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही 05 लाख 90 हजार रूपय की वसूली भी की गयी है।

### शनिवार और रविवार को दो दिवसीय प्रखंड आयुष मेला का होगा आयोजन

**चाईबासा ।** राष्ट्रीय आयुष मिशन-झारखंड के तत्वावधान पर पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर एवं नोआमुंडी प्रखंड में आगामी शनिवार और रविवार(26 एवं 27 नवंबर) को प्रातः 9:00 से संध्या 6:00 तक दो दिवसीय प्रखंड आयुष मेला का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन के निमित्त जानकारी देते हुए जिला आयुष पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी)-मनोहरपुर के समीप स्थित नरसिंह आश्रम मैदान में राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी और नोआमुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा साई मैदान- गुवा पश्चिमी में सिंहभूम सांसद श्रीमती गीता कोड़ा एवं जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु के कर-कमलों से प्रखंड आयुष मेला का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन को लेकर जिला आयुष पदाधिकारी के द्वारा आम जनों से अपील किया गया है कि उक्त दोनों स्थानों पर निर्धारित प्रखंड आयुष मेला में आएं एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

### स्कूली बस पलटी, 40 बच्चे घायल

**जमशेदपुर ।** झारखंड सीमा क्षेत्र से नजदीक बंगाल के बर्धमान स्थित भालूपहाड़ी क्षेत्र में स्कूली बस अचानक पलट गई। वही बस सवार लगभग 3 दर्जन छात्र घायल हो गये है। वही घायलो मे से 8 छात्र गंभीर हैं । वही 4 छात्रों को टीएमएच अस्पताल रेफर किया गया है । बस चालक के अनुसार ब्रेक पैडल अचानक लॉक होने में कारण बस पलटी अनियंत्रित होकर पलट गई । बंगाल के बर्धमान के भालू पहाडी क्षेत्र में स्कूल बस पलट गई। वही बस पर सवार लगभग 40 छोटे बच्चे थे, जो स्कूल से घर जाने के क्रम में घटी घटना हैं। वही 8 छात्रों को गंभीर चोट लगी हैं। घायलो को जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहा 4 बच्चो को टीएमएच अस्पताल रेफर किया गया है। सभी घायल छात्रों को लेकर स्कूल ट्रस्ट के मालिक के साथ अभिभावक जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल पहुचे। वही सभी छात्र 1,2,3,4 क्लास के छात्र है। जिनका इलाज एमजीएम अस्पताल के डॉक्टर पूरी सक्रियता से इलाज में जुटे गए है। जहा घायल छात्रों के अभिभावक ने बताया यह घटना किसी अनजान कारण से घटी, जिसमे एक स्कूल बस पलट गई। वही बस चालक ने बताया ब्रेक पैडल फसने से बस अचानक पलट गई, जिसमे हमे भी चोट आई है ।

### प्रशासन ने बूचड़खाने को किया ध्वस्त

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर जिला प्रशासन ने अवैध बूचड़खानों के खिलाफ सख्ती दिखते हुए बुधवार को एसडीओ पियुष सिन्हा के निर्देश पर टेल्को थाना अंतर्गत घोड़ाबांधा में जिला प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित हो रहे बूचड़खाने को ध्वस्त कर दिया है। बता दें कि इस शहर में ऐसे कई अवैध बूचड़खाने संचालित हो रहे हैं। इसको लेकर हिंदूवादी संगठनों ने जिला प्रशासन से अवैध रूप से संचालित हो रहे बूचड़खाना को हटाने की मांग की थी। आए दिन क्षेत्र में तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने कार्यवाई शुरू कर दी है। मौके पर मौजूद सिटी एसपी के विजय शंकर ने कहा कि अवैध रूप से संचालित हो रहे बूचड़खाने के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। बूचड़खाने से लगभग एक दर्जन गाय और बछड़े को मुक्त कर गौशाला भेजा गया। बूचड़खाने के मालिक पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### गोली लगने से महिला की मौत

**साहिबगंज ।** साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के जेटके के गांव के समीप मोरंग नदी पुल के पास मंगलवार की रात अपराधियों ने पैदल आ रहे एक दंपति से पैसे की मांग की और नहीं देने पर गोली मार दी । गोली लगने से महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि पति को गंभीर स्थिति में ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में भर्ती कराया गया । अपराधियों ने महिला का कान भी काट दिया है । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### 100 से अधिक मवेशी जब्त, 5 धरायें

**गिरिडीह ।** पुलिस ने गिरिडीह जिले की गांडेय थाना बुधवार की सुबह छापा मारकर 3 बड़ी गाड़ियों में लादकर तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 100 से अधिक गौवंश पशु को जब्त किया । एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में 5 पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि जिस गाड़ी से गौवंश को जब्त किया गया है उस गाड़ी में कोई कागजात नहीं है। गौवंश को पचम्बा गौशाला ले जाया गया है जहाँ उसकी गिनती होगी। उन्होंने बताया कि ये गौवंश को बिहार से कोलकाता ले जाया जा रहा था।

### 26 एवं 27 नवंबर को आयुष मेला का होगा आयोजन

**जमशेदपुर ।** 26 एवं 27 नवंबर को पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत पोटका एवं बहरागोड़ा प्रखंड मुख्यालय में दो दिवसीय 'प्रखंड आयुष मेला'का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा । जिला प्रशासन ने जनसाधारण से बड़ी संख्या में इस दो दिवसीय मेला में शामिल होते हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है ।

### पेड़ से गिरकर वृद्ध घायल

**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के भंडार गांव निवासी अंबिका सिंह पिता स्व.दरबारी सिंह पेड़ से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। बताया गया कि अंबिका सिंह के पोता ने अमरूद खाने की जिद किया। तब वे अमरूद तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ने लगे। इस दौरान फिसलकर नीचे गिर गए।इस घटना में उनके बायां पैर की हड्डी फ्रैक्चर हो गई। इसके बाद स्वजनों ने उन्हें सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### बेड़ो में खेलो इंडिया के तहत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

# खेल से शरीर स्वस्थ रहता है जो जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास का मार्ग प्रशस्त करता है: बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में प्रखंड संसाधन केंद्र बेड़ो के तत्वाधान में खेलो इंडिया के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हो गया। दो दिनों तक चले इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न उच्च व मध्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं ने हिस्सा लिया। खेलों में दौड़,लंबी व ऊंची कूद,गोला फेंक हॉकी व फुटबॉल का आयोजन किया गया । जिनमें से प्रखंड स्तर पर बेहतर खेल खेलने वाले टीम और खिलाड़ियों का चयन प्रखंड चयन समिति के द्वारा किया गया। वहीं प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और



टीम को बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख विनिता कच्छप,सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय मुखिया सुशांति भगत बीडीओ डा प्रवीण कुमार प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी प्रो करमा उरांव समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी है। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है जो जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में इस तरह का आयोजन होने से युवतियों व युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में देव कुमार,अनिल खलखो, विकास भूषण,अरुण कुमार साहू, अनमोल टोप्पो सुशील कच्छप, अजय महतो, जगरनाथ राम, प्रवीण सुचित, वर्जय,राखी कुमारी, मृणाल खलखो, अनामिका तिर्की,सुषमा टोप्पो, पूनम एक्का, शकुंतला कुमारी, मेरी वीआ एक्का, सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थी।

# जिप सदस्य ने असहाय लोगों के बीच कंबल का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बांसजोर।** जिला परिषद सदस्य बांसजोर समरोम पॉल तोपनो द्वारा ठंड को मद्देनजर रखते हुए अपने क्षेत्र में असहाय वृद्ध लोगों के घर पर जाकर कंबल वितरण किया बुधवार को उन्होंने 10 वृद्ध सारे लोगों के घरों का भ्रमण करते हुए उनका हालचाल जाना उसके बाद उन्हें कंबल मुहैया कराई मौके पर कोम्बाकेरा पंचायत में उन्होंने विशेश्वर जोजो, सैंका जोजो, बुधवा जोजो,पीटर जोजो, बुधवा कांडुलना, रामचंद्र मांझी, अगाफित किंडो, मटिल्डा मड़की सनियारो टोपनो ,विदान किंडो शामिल थे। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि लगातार ठंड बढ़ रही है ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है और लोग ठंड के कारण काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं जिसको देखते हुए प्रशासन की ओर से कंबल उपलब्ध है और इसे जन जन तक पहुंचाने का कार्य जनप्रतिनिधि होने के नाते किया जा रहा है उन्होंने कहा है कि अन्य क्षेत्रों में भी जल्द से जल्द लोगों को कंबल मुहैया कराई जाएगी ताकि ठंड से निजात मिल सके।

# जंगली हाथियों ने मवेशी को मार डाला घरों को तोड़ा, ग्रामीण इलाकों में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** मंगलवार रात्रि लगभग 1:00 बजे हाथियों के झुंड ने बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बसिया पंचायत के बड़का आहार टोला में जंगली हाथियों के झुंड में एक वृद्ध महिला का घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को भी तहस-नहस करते हुए चट कर दिए। घर में रखे सभी सामान को नष्ट कर दिया। वही घर के बाहर बंधे गाय को बेरहमी से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया घटना से पूरा परिवार और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत है। इस घटना से पीड़ित को लाखों रुपए की संपत्ति जान माल का नुकसान हुआ है। जिससे बुजुर्ग गरीब पीड़ित महिला बहुत शोक में है।



### भाजपा नेता ने घटनास्थल पर पहुंचकर ली जानकारी

घटना के बारे में भाजपा नेता लक्ष्मण कुशवाहा को जानकारी मिलते ही पार्टी के कई कार्यकर्ता के साथ घटना स्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को संतावना देते हुए वन विभाग को घटना की जानकारी दिया और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। वही मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने संवेदनशील इलाकों में जहां हाथियों का दहशत है। उस क्षेत्र में टॉर्च मशाल इत्यादि सामान वन विभाग से देने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को खतरा की जानकारी पर खुद को सुरक्षा प्रदान कर सके। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के अलावे एस सी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, सुरेश गंझु, आशिक गंझु मुकेश मंझु, टेपर गंझु, मंटू गंजू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक पद पर करम सिंह महतो ने दिया योगदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर करम सिंह महतो ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका उषा कुमारी सिंह शिक्षक व शिक्षिकाओं ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण के बाद प्रधानाध्यापक ने शिक्षकों, अभिभावकों व छात्रों से समन्वय स्थापित कर विद्यालय की समस्याओं और विकास के लिए प्रयास करने का वादा किया। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक उमाचरण प्रसाद, श्वेता कुमारी, ममता कुमारी,रोज मेरी मिंज, भिंसेन्ट सोरेन, सुदामा साहू, रविकांत सिंह,तीर्थनाथ उरांव उपस्थित थे।

### ठेठईटांगर में 26 एवं 27 नवंबर को आयुष मेला का होगा आयोजन

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में आगामी 26 एवं 27 नवंबर को आयुष विभाग की ओर से प्रखंड स्तरीय आयुष मेला का आयोजन किया जाएगा और आयुष मेला में मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक विक्सल नमन कौनगाडी होगे। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया की इस मेले में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जिसमें आयुर्वेद ,होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा पर विशेष जोर दिया गया है।बहुत सारे विकसित देशों में हमारी पुरानी तकनीक का ज्ञान आयुर्वेद की ओर लोग आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त आयुष मेला में हमारे आसपास के क्षेत्रों में मिलने वाले औषधीय पौधों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी ताकि किसी समय अगर हमें उन पौधों की आवश्यकता होगी तो उनसे हम उपचार कर सकेंगे उन्होंने प्रखंड वासियों को उक्त मेला में आकर मेला का लाभ उठाने की अपील की।

### मुरमा खुर्द गांव महिला ने कीटनाश्क खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की

**गढ़वा।** पलामू जिले के बिश्रामपुर थाना के मुरमा खुर्द गांव निवासी शमशेर अंसारी की पत्नी सबरुन निशा कीटनाश्क खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में बताया कि पति पत्नी के बीच आपसी विवाद हुआ था। उसी के आक्रोश में आकर महिला ने कीटनाशक पदार्थ खा ली। जब उसकी स्थिति बिगड़ी तो परिजनों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया।

# सत्य साईं बाबा जन्मदिन के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा के कोचेडेगा में बुधवार को सत्य साईं बाबा के 97 जन्मदिन के मौके पर सामुदायिक भवन में भजन सत्संग एवं नारायण सेवा का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार उपस्थित रहे जहां पर सर्वप्रथम उनका स्वागत शाल ओढ़ाकर समिति के द्वारा की गई जिसके बाद सत्य साईं बाबा के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने कुल 17 यूनिट रक्तदान किया जिसमें कोंडरा पंचायत के मुखिया लंकेश्वर बड़ाईक भी शामिल हुए। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कहा कि ऐसे रक्तदान शिविर का आयोजन करने से जिले में रक्त की कमी कभी नहीं होगी और इस



रख से दूसरे की जिंदगी बचेगी ऐसे कार्य को आप और हमें बढ़-चढ़कर करनी चाहिए जिससे कि जिले में कभी भी रक्त संबंधित परेशानियां साथ ही उन्होंने इस आयोजन के लिए संस्थान का भी आभार व्यक्त किया।मुख्य रूप से सत्य साईं सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष गणपति बड़ाइक, मोहन सिंह लालदेव बड़ाइक,शंभू कुमार सिंह, नरेश अग्रवाल, प्रीतम जैन, रंजीत साहू ,सुधीर साहू, कमलेश ग्वाला, महादेव साहू ,आदि लोगों का महत्वपूर्ण भूमिका रहा वही भजन सत्संग भंडारा में भी सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# खबर का असर: खेलो झारखंड प्रतियोगिता से वंचित दो विद्यालय के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** कल के राष्ट्रीय नवीन मेल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित खेलो झारखंड कार्यक्रम में कई विद्यालय के छात्र प्रतियोगिता से रह गए वंचित शीर्षक नामक खबर का असर देखने को मिला। खेलो झारखंड कार्यक्रम में जिन 4 विद्यालयों के बच्चों ने भाग नहीं लिया था। खेलने से वंचित रह गए उन में से दो विद्यालयों के बच्चों ने खेल में भाग लिया और अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रखंड स्तरीय खेल में ऊंची कूद प्रतियोगिता में घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र हेसातु गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के आठवीं कक्षा का छात्र मुकेश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कल तक प्रतियोगिता



में शामिल नहीं होने वाले मध्य विद्यालय रामर की सातवीं कक्षा की छात्रा कविता तिर्की जूनियर वर्ग की ऊंची कूद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त की इसी प्रकार रामर के ही आठवीं कक्षा का छात्र जितेंद्र सिंह लंबी दौड़ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद बच्चे काफी उत्साहित देखे गए।

प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बड़गड़ में झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर दो दिवसीय खेलो झारखंड 2022- 23 के आयोजन का समापन बुधवार को हो गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में शामिल विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

खेलो झारखंड के तहत आयोजित कार्यक्रम के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य रुपांजलि जायसवाल उपस्थित थीं। मौके पर उपरोक्त के अलावा विशिष्ट अतिथी के रूप में प्रधानाध्यापिका द्रोपदी मिंज सहित खेल शिक्षक रवि प्रताप सिंह, सुपिन केरकेट्टा , सीआरपी ब्रह्मदेव राम, एम आई एस संजीत कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अरूण बैठा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए निकले करमचंद भगत महाविद्यालय के छात्र

# शैक्षणिक भ्रमण से कई विषयों की मिलेगी जानकारी: मेहता

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो इतिहास विभाग एम.ए. सेमेस्टर 3 के छात्र छात्राओं ने बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर और बोधगया के लिए महाविद्यालय परिसर से निकल गए। शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अल्पना मेहता और डॉक्टर मथुरा राम उस्ताद के नेतृत्व में छात्र गुरुवार की सुबह में नालंदा विश्वविद्यालय पहुंचकर शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। नालंदा विश्वविद्यालय के बाद छात्रों को बोध गया बुद्ध स्तूप ले जाया जाएगा। जहां भगवान बुद्ध के मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण कर ज्ञान प्राप्त करेंगे। वही बोधगया के बाद छात्रों को राजगीर और पावापुरी में शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा।



इधर शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व करते हुए डॉक्टर अल्पना मेहता ने कहा कि बच्चों में शैक्षणिक भ्रमण से ज्ञान की प्राप्ति होगी। वही भ्रमण के दौरान छात्र अपने इतिहास को भी जानेंगे। राजगीर की पहाड़ियों, पावापुरी के मंदिर और नालंदा के प्राचीन विश्वविद्यालयों के भग्नावशेषों, दीवारों, रज्जु मार्ग, कुंड आदि भ्रमण कराया जाएगा। वही डॉक्टर अल्पना मेहता और डॉक्टर मथुरा राम उस्ताद ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्हें देश, राज्य आदि के इतिहास एवं समाज की धारा को समझने में मदद मिलती है व सामूहिकता की भावना का विकास होता है। शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय एम.ए. सेमेस्टर 3 इतिहास विभाग के 30 छात्र समेत शिक्षक शामिल है।

# बीडीओ ने किया उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कंकादासा का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** बोड़ाम प्रखण्ड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कंकादासा का दिशा की बैठक दिनांक 22.11.2022 को प्रस्ताव आया था कि उप्रावि कंकादासा में 01 बालक एवं 01 बालिका शौचालय है। वृहद मरम्मति की आवश्यकता है, दीवार एवं फर्श में मरम्मति की आवश्यकता है, विद्यालय में पानी का कनेक्शन नही दिया गया है । यह उप्रावि चिमटी मैनरोड से 08 कि0मी0 घने जंगल के अन्दर है। इस क्रम में विद्यालय का निरीक्षण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सहायक अभियंता, प्रखड समन्वयक, पंचायत राज, ग्राम पंचायत के मुखिया, जल एवं स्वच्छता विभाग के एस0एम, शिक्षा विभाग के सीआरपी, ग्राम रोजगार सेवक दल द्वारा किया गया।

निरीक्षण के क्रम में वर्ग 01 से 05 तक 15 बच्चे नामांकन रेजिस्टर में अंकित मिले। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विद्यालय के बच्चों का आधार कार्ड नही बना है, प्रखण्ड में उन सभी बच्चों का आधार कार्ड बनाया जायेगा। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि 15 वें वित आयोग मुखिया फण्ड से शौचालय मरम्मतीकरण, विद्यालय में पानी का कनेक्शन, दीवार एवं फर्श का मरम्मतीकरण की जायेगी। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद, रामधन हाँसदा, सहायक अभियंता, सुमित कुमार, कनीय अभिंयता, सुजित राणा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रतिनिधि विभिषण गोप, एस0एम0, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि मनोरंजन महतो, सीआरपी, मुखिया, सुकान्ती किस्कू, पंचायत सचिव, किरन महतो, ग्राम रोजगार सेवक, भागीरथ महतो उपस्थित हुए।

## न्यूज गैलरी

### सेंट्रल टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश



**बरही।** डॉ मीता महर की अगुवाई में 5 सदस्य सेंट्रल टीम के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम में अस्पताल में उपलब्ध ओटी, प्रसव कक्ष, ऑक्सीजन प्लांट, ट्रामा सेंटर, एक्सरे रूम, ब्लड बैंक, डेंटिस्ट कक्ष आदि के संचालन की डीएस डॉ पी ज्ञानी से विभिन्न जानकारियां ली। इस दौरान सेंट्रल टीम के द्वारा अस्पताल में कचरा निष्पादन हेतु कलर बैग का प्रयोग का निर्देश दिया। साथ ही कचरा निष्पादन हेतु बायो मेडिकल पीट लगाने की बात कही। इस दौरान टीम के द्वारा आयुष्मान भारत के तहत किए जाने वाले कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। अस्पताल की साफ-सफाई एवं व्यवस्था से टीम के सदस्य संतुष्ट दिखे। निरीक्षण के क्रम में डॉ इंद्रजीत, डॉ मेराजुल, डॉ एजाज, डॉ अनुभा कुमारी, डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ अमन कुमार, विनय कुमार सिन्हा, पंकज कुमार आजाद, प्रहलाद कुमार, मोती कुमार आदि सहित अस्पताल के कई कर्मी मौजूद थे। निरीक्षण टीम में डॉ ध्रुव उपाध्याय, डॉ रतीश मांझी, राजेश रंजन, अजय पाठक आदि शामिल थे।

### डिवाइन स्कूल में वीर गाथा परियोजना के तहत प्रतियोगिता का आयोजन




**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई के सहयोग से वीर गाथा परियोजना के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार छात्रों में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को फिर से जगाने के लक्ष्य के लिए छात्रों के बीच ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। वीर गाथा परियोजना के अंतर्गत पेंटिंग, ड्राइंग, कहानी लेखन तथा वाचन, कविता वाचन, वीरता पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों का जीवन परिचय लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताएं को चार ग्रुप में बांटा गया सफल प्रतिभागियों को विद्यालय के निदेशक आई पी भारती तथा प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किए। सफल प्रतिभागियों में रुही फातिमा, कोमल कुमारी,उजमी मिन्हाज, पुनित राणा,शिव राणा,आफरीन हबीबी, कुंदन कुमार, सिद्धार्थ पंडित, प्रदीप कुमार, शोहरत परवीन,परी कुमारी, विपुल कुमार,आरव कुमार, आरोही कुमारी,महिनुर आलम,रीतिक कुमार,परी वर्मा, सचिन कुमार आदि शामिल हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में काशीनाथ महतो, प्रीति प्रभा, सुलेखा मोदी, अनिल उपाध्याय, मनोहर सिंह, कुलदीप पासवान, रामानंद कुमार,अजय कुमार, विमल किशोर आदि शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

### मानव विकास संस्था गूंज ने कंबल व अन्य सामग्री का किया वितरण

**बरकट्ठा।** प्रखंड के चेचकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम धोबारी में मानव विकास संस्था गुंज के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल के अलावे अन्य सामग्री का वितरण किया गया ।संस्था के द्वारा जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव हेतु 25 कंबल,स्वेटर व चप्पल का वितरण किया गया। ग्राम धोबारी के ललन कुमार ने बताया कि मानव विकास संस्था के द्वारा लगातार गरीबों,असहायों व जरूरतमंदों के कल्याण हेतु यह कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्था के बीरबल प्रसाद,सुरेश राम,रोबिन कुमार,राहुल कुमार उपस्थित थे ।वहीं ग्रामीण मंजू देवी ,संगीता,खुशबू, ललन ,दिनेश किशुन ,अशोक ,पुनीत ,बसंत, परमेश्वर, राजू ,भोला, सुदामा, सुनीला, आरती ,मायावती देवी, चिंता, मुकेश, आरती, अनीता ,बहादुर सिंह, महेश समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाया गया रक्तदान शिविर

**बरही।** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के द्वारा बुधवार को बड़ी प्रखंड मैदान में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चो के सहयोग के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 61 लोगों ने रक्तदान कर बच्चों की सहायता में अपना हाथ बढ़ाएं। शिविर का आयोजन हजारीबाग मेडिकल कॉलेज की नर्स चिकित्सक एवं वॉलंटरी ब्लड एसोसिएशन के सौजन्य से किया गया था। मौके पर रक्त दाताओं को एचडीएफसी के सीनियर मैनेजर चंद्रशेखर कुशवाहा एवं ब्रांच मैनेजर संतोष कुमार ने उपहार देकर मनोबल बढ़ाने का काम किया गया। कार्यक्रम एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन की निगरानी में आयोजित की गई थी।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, कहा

# 18 वर्ष की उम्र हो जाने पर वैसे सभी युवा अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक चंद्र किशोर उरांव ने बुधवार को झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में आयुक्त ने मतदान केंद्र मध्य विद्यालय गुमो, क्वालिटी कंट्रोल के पास मतदान केंद्र संख्या 07, 08, 09, 10, 11, 12 और उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा बस्ती के मतदान केंद्र संख्या- 101,102 व 103 का भ्रमण किया। आयुक्त ने मतदाता सूची



में नाम जोड़ने, हटाने या नाम सुधारने से संबंधित फार्म के बारे में सभी बीएलओ से जानकारी प्राप्त की। जिन मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन किया गया, उन मतदाताओं के घर जाकर बातचीत किया। उन्होंने सभी युवा मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुका है, या 18 वर्ष से अधिक उम्र हो तो वैसे सभी युवा मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें।

मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय, नगर प्रशासक विनित, अंचल अधिकारी कोडरमा अनिल कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## परियोजना पदाधिकारी ने मनरेगा कर्मियों के साथ की बैठक, दिए गये निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में जिला परियोजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभात कुमार के द्वारा मनरेगा कर्मियों के साथ आवश्यक मीटिंग की गई। बैठक में प्रखंड में चल रहे विभिन्न योजनाओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिया। साथ ही मनरेगा योजना में गाइडलाइन का पालन करने की सलाह दी गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्यामनाथ वर्मा ने सभी कर्मियों को दिशा निर्देश का पालन करने की बात कही। वहीं परियोजना पदाधिकारी ने गैड़ा, चुगलामो, बरकनगांगो, गंगपाचो और बेलकपी पंचायत में चल रहे मनरेगा योजनाओं का अनुश्रवण किया। साथ ही कार्यों में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में जी आर एस नारायण प्रसाद, मनोहर दास, भरत प्रसाद, बी एफ टी त्रिवेणी प्रसाद, उमेस प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## देश की आधी आबादी महिला शक्ति को सशक्त और मजबूत बनना आजसू की प्राथमिकता है : राजेश महतो

- वार्ड नं 1 में आजसू महिला मोर्चा की कमेटी का किया गया गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 01 धनहारा, सांडी बस्ती,तिलैया, बेहरा टांड़, अम्बा टांड़ की महिलाओं के साथ महिला मोर्चा कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वार्ड नं 01 अध्यक्ष विशेश्वर बेदिया व संचालन जिला सह सचिव छात्र संघ रवि कुमार ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि महासचिव छोटू पटेल, जिला मीडिया प्रभारी जयकिशोर महतो,नगर परिषद अध्यक्ष आजसू छात्र संघ मनोज कुमार महतो एवं वरिष्ठ नेता रामप्रसाद बेदिया उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने कहा कि रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डो में महिला मोर्चा का गठन किया जा रहा है। महिला मोर्चा आजसू पार्टी को मजबूती देगी। महिला मोर्चा कमिटी में चयनित पदाधिकारियों को जवाबदेही दी जा रही है। महिला मोर्चा के गठन का उद्देश्य संगठन को घर घर तक पहुंचाना है। कहा कि आजसू पार्टी के नीति सिद्धांत से लोगों को अवगत कराना है। पार्टी के नगर परिषद कमेटी महासचिव छोटू पटेल ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी, रौशनलाल चौधरी, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के निर्देश पर नगर परिषद क्षेत्र में महिला मोर्चा का गठन किया जा रहा है। महिला मोर्चा सांगठनिक कार्यों में महत्ती भूमिका अदा करेगी। पार्टी निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करेगी। वार्ड नं 01 की महिला मोर्चा कमेटी में अध्यक्ष सुनीता देवी, सचिव पुष्पा देवी, कोषाध्यक्ष संगीता देवी, कार्यकारी अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष कुंती कुमारी, दिव्या देवी, पूनम देवी, गायत्री देवी, सह सचिव प्रियंका देवी,चरकी देवी,सीमा देवी, उर्मिला देवी, सक्रिय सदस्य शांति कुमारी, विद्या कुमारी, आलो देवी, सुषमा देवी, सुधा देवी, संगीता देवी, सीता देवी, सरोज देवी, मनीषा देवी, देवंती देवी को बनाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से आदि उपस्थित कुशुम शर्मा, युवा नेता युगल महतो, बैजनाथ मुंडा, भरत महतो, सुभाष पासवान, संजीव शर्मा, आदि लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने खेलो झारखंड के तहत बच्चों को किया पुरस्कार वितरण

## खेल शारीरिक व मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है : ललिता देवी




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कन्या +2उच्च विद्यालय बेलकपी में खेलो झारखण्ड कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, बोरा रेस, जलेबी रेस यदि खेल आयोजित किये गए। तत्पश्चात प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुखिया ललिता देवी, प्रधानाध्यापक छत्रु प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय एवं शिक्षकों के द्वारा पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर मुखिया ललिता देवी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए खेल उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बच्चों के भविष्य निर्माण में यह महत्वपूर्ण कड़ी है। खेल कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य छत्रु प्रसाद, शिक्षक/शिक्षिकाएं, ग्रामीण नंदू राणा, राजू मंडल, बब्लू पांडेय समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## टाटीझरिया में हाथियों के झुंड ने लाखों की फसलों को पहुंचाया नुकसान

**दारू।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के झुंड के लौटने से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। हाथियों का झुंड दो महीने के अंतराल में फिर से क्षेत्र में आ धमके हैं। मंगलवार की रात चिरुआं में में ऋण लेकर किसान निर्भय सिंह पिता लक्ष्मण सिंह के द्वारा की गई टमाटर की खेती को तहस-नहस कर दिया है। उन्होंने बताया कि फसल बिल्कुल तैयार थी। जिसे तीन एकड़ के क्षेत्रफल में हाथियों ने रौंद डाला है, इससे उनका लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं खंभवा निवासी अरूण कुमार सिंह, बंशी के पेरल सिंह, डुगी सिंह, राजू सिंह, यशोदा देवी, जिरवा देवी के धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। खंभवा निवासी हीरामन यादव के धान की तैयार फसल हाथियों ने नष्ट कर दिया। किसान सुरेंद्र सिंह, पुनीत सिंह, अमनारी में जीतन राणा और बैजू महतो के धान की पकी हुई फसल को हाथियों ने बर्बाद कर दिया है। हाथियों को खदेडने में वन विभाग की टीम संजीत रविदास के नेतृत्व में तत्पर रही। हाथियों को 17 माइल, गोधिया, डहरभंगा, केसड़ा, बौधा, अमनारी, खंभवा गांव पार कर दिया गया था। बुधवार को खबर लिखे जाने तक हाथियों के हरदिया जंगल में रहने की सूचना थी।

## कांग्रेस जिला महासचिव ने किया बैठक

## भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** आगामी 26 नवंबर को चौपारण प्रखंड में कांग्रेस की प्रस्तावित भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तैयारियो कों लेकर जिला महासचिव विनोद यादव की अगुवाई में प्रखंड के कांग्रेसियों की एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ओबीसी प्रखंड उपाध्यक्ष यमुना यादव व संचालन कुणाल कटरियार ने किया। उपस्थित लोगो को जानकारी देते हुए जिला महासचिव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष, प्रभारी, मंत्री आलमगीर आलम सहित कई प्रदेशस्तरीय, जिला स्तरीय व स्थानीय नेता शिरकत करेंगे जो दस किमी पदयात्रा तय है। जिसमे हजारों की संख्या में शामिल लोगो के शामिल होने की उम्मीद है कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का अपील किया। विदित हो कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा कश्मीर से



कन्याकुमारी तक आहूत इस यात्रा का एकमात्र उद्देश्य संगठन को आम जनों से जोड़ते हुए पार्टी के उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाना है। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार देते हुए एकमत के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष यमुना यादव व संचालन कुणाल कतरियार ने किया। जिसमे करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, रघुनंदन यादव, वासुदेव यादव, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, प्रमोद सिंह, रंजीत निषाद, मास्टर अब्दुल सत्तार अंसारी, मो जलील अंसारी, राजेंद्र मधेशिया, शरीफुल हक, कोलेश्वर चंद्रवंशी, मुकेश गुप्ता, राकेश रजक, मंटू सिंह, सुशील केसरी उर्फ नुनू, मोहन प्रजापति, टिंकू केसरी, जीतू मधेशिया, इनायत अंसारी, नरेश साहू गणेश साहू, फि रदौस खान, छोटी ठाकुर समेत कई कांग्रेसी उपस्थित हुए।

## बरही में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता 'खेलो झारखंड 2022-23' का हुआ आगाज

- पहले दिन 90 प्रतिभागी हुए पुरस्कृत, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बुधवार से प्रखंड मैदान बरही में झाशिप के प्रखंडस्तरीय दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता 'खेलो झारखंड 2022-23' का आगाज हुआ। खेल का शुभारंभ सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीपीएम बीआरसी अरुण कुमार, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी व उपस्थित शिक्षको ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में प्रखंड के 50 से भी अधिक विद्यालयों से विद्यालय स्तर पर आयोजित खेलो झारखंड 22-23 प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियो ने भाग लिया। बीपीएम ने बताया कि झाशिप के निर्देशानुसार कार्यक्रम में



एथलेटिक्स व स्पोर्ट्स के कई खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसमे प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभागियो को पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सभी सफल प्रतिभागी 28 से 30 नवंबर को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे । प्रतियोगिता के पहले दिन एथलेटिक्स से संबंधित विभिन्न श्रेणियों में दौड़, रिले दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉट पुट, जैबलिन, चक्का और गोला फेंक का आयोजन किया गया । जिसमे विभिन्न विद्यालयों के लगभग 900 से भी अधिक छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में 90 सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण मे विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप भी मौजूद रहे। दूसरे दिन गुरुवार को होनेवाले प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, डिसकर्स आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सफल बनाने में रविकांत ओम, मथुरा प्रसाद, संजय दुबे, मनोज घोष, रमेश कुमार, तुलसी दास, प्रीतिवाला, रश्मि द्विवेदी, दीपक कुमार, सुनील कुमार यादव, मुन्नीलाल, ज्योत्सना सिसोदिया, अर्पणा कुमारी, मोनिका कुमारी इत्यादि शिक्षको ने सार्थक भूमिका निभाई। हालांकि पूरे कार्यक्रम में बीपीएम के अलावा अन्य विभागीय पदाधिकारी नही दिखे । पूछे जाने पर बीईओ राकेश कुमार ने बताया कि उनकी ड्यूटी खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत चौपारण में लगाया गई है।

## नगर भवन में कार्यशाला का हुआ आयोजन

# समाज के कमजोर व वंचित वर्गों को लाने की दिशा में प्रदत्त वैधानिक अधिकारों व कानूनी प्रावधानों को लागू करना हम सब की जिम्मेवारी है : पुलिस अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1955 एवं अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम 1989 एवं संशोधन नियम 2016 विषय पर कार्यशाला का आयोजन समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में बुधवार को किया गया। नगर भवन हजारीबाग में आयोजित कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशून यादव, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, अनुमंडल पदाधिकारी बरही पूनम कुजुर, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन, सहित पुलिस उपाधीक्षक, सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। वर्कशॉप के दौरान समाज के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाने एवं नागरिक सुरक्षा कानून 1955 एवं अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम 1989 को लागू करके उनके विकास एवं संवर्धन के लिए वैधानिक संरक्षण के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अपने विचार रखते हुए कहा समाज के कमजोर व वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में प्रदत्त वैधानिक अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों को लागू करना हम सब की जिम्मेवारी है। उन्हें समाज के मुख्यधारा में लाना, समान अवसर प्रदान करना हमारी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा ऐसे वर्ग के लोगों को कुछ विशेष कानूनी संरक्षण दिया गया है जब कभी ऐसे वर्ग के लोगों पर शोषण अत्याचार के मामले आते हैं तो पुलिस डीएसपी स्तर के अधिकारी से निर्धारित समय सीमा में मामलों का अनुसंधान किया जाता है। उन्होंने कहा अधिकतर ऐसी घटनाओं के पीछे की मुख्य वजह जमीन हड़पना होती है। ऐसे में पुलिस को अंचल एवं कर्मचारी स्तर से समय पर रिपोर्ट भेजी जाए ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने अधिकारियों एवं आम लोगों के बीच कानूनी प्रावधानों के बारे में ग्रास रूट लेवल तक पहुंचाने के लिए प्रदत कानूनी प्रावधान के बारे में लोगों को जागरूक करने की अपील की और साथ ही समाज के लोगों को अपने मानसिक प्रवृत्ति में बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने अनुसूचित जाति, जनजाति समुदाय एवं नागरिक सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा इन वर्गों के सामाजिक आर्थिक न्याय के लिए इनके शिक्षा पर विशेष फोकस करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों, पिछड़े दुर्गम इलाकों में संवेदनशीलता से कानूनी प्रावधानों की जानकारी से लोगो को अवगत कराने के साथ साथ सरकार की योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए संवेदनशीलता व तत्परता से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने कहा समतामूलक समाज में सभी वर्गों को समान अवसर मिले शोषण अत्याचार से मुक्ति मिले इसके लिए संविधान में प्रदत्त कानूनी अधिकार और संरक्षण प्रावधानों से लोगों को सशक्त बनाने के लिए काम करने की आवश्यकता है। जिला प्रशासन संवेदनशीलता से ऐसे मामलों पर कार्रवाई कर रही है।

जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन ने इस अवसर पर बताया हजारीबाग जिला में कल्याण शाखा के द्वारा विगत 5 वर्षों से लंबित मामलों को जिला स्तरीय समिति में पारित कराकर पीड़ितों को विधिक सहायता के साथ साथ मुआवजा की राशि प्रदान करने का सफल प्रयास किया गया है। उन्होंने नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के बारे में बताते हुए कहा यह अधिनियम लोगों के धर्म, समुदाय, वर्गों के आधार पर भेदभाव से संरक्षण प्रदान करता है। कहा अनुसूचित जाति जनजाति समाज के साथ भेदभाव अत्याचार उत्पीड़न की स्थिति में यह अधिनियम तुरंत सहायता एवं राहत पहुंचाने एवं उन्हें पुनर्वास की व्यवस्था कराता है। पुलिस व प्रशासन इन मामलों में वरीय अधिकारियों के माध्यम से फौरी राहत देने का काम करती है। उन्होंने वर्कशॉप में अत्याचार के विभिन्न तौर-तरीकों एवं उसमें मिलने वाली आर्थिक एवं विधिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में उपस्थित पुलिस महकमे तथा अंचलाधिकारीयों के साथ ओपन फोरम में इस कानून से संबंधित अड़चनों व समस्या निराकरण को लेकर परिचर्चा की गई।

## बरही का आईलेक्स नित्य गढ़ रहा है नया आयाम

## विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ हुआ घुड़सवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** पंचमाधव स्थित सीबीएसई मान्यता प्राप्त आईलेक्स प्लस टू पब्लिक स्कूल अपने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयासरत है। इसके लिए निदेशक शैलेश कुमार की सोच व प्रयास ने हमेशा विद्यालय को हमेशा नया और अन्य से अलग करने का काम किया है। इसी कड़ी को बढ़ाते हुए इन्होंने विश्वप्रसिद्ध सोनपुर मेले से तीन उन्नत प्रजाति का घोड़ा लाकर लिए विद्यालय में नया अध्याय जोड़ने का काम किया है। जो संभवतः इस अनुमंडल का पहला विद्यालय साबित होने वाला है जहां आइलेक्स के विद्यार्थियों को निःशुल्क घुड़सवारी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए ट्रेनर भी नियुक्त किए गए है। जो मंगलवार से ही विद्यार्थियों को घुड़सवारी करवाना प्रारंभ कर दिया है। इसकी निगरानी निदेशक स्वय कर रहे है। इनका मानना है कि वर्तमान समय में विद्यार्थी को हरफनमौला होने की आवश्यकता है। पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक स्वस्थता, व्यायाम इत्यादि नितांत आवश्यक है। घुड़सवारी एक ऐसा प्रशिक्षण है



जिसमे न केवल शिक्षा बल्कि पूर्ण शारीरिक विकास भी होते है। घुड़सवारी का प्राचीन काल में भी महत्व था और आज भी सेना के जवानों के द्वारा इसका उपयोग किया जाता है। एक अच्छा घुड़सवार अपने शत्रु को पानी पिला सकता है। इतिहास साक्षी है कि राणा प्रताप के चेतक जैसे घोड़ों ने फिरंगियों के छक्के छुड़ा दिए थे। बुधवार को एलकेजी, यूकेजी आदि कक्षाओं के विद्यार्थियों को घुड़सवारी करवाई गई है। जो प्रतिदिन रूटीन के अनुसार विभिन्न कक्षाओं के लिए जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में अभिभावकों को यह महसूस होगा कि उनके बच्चे किसी महानगर के स्कूल से कम नही है। आईलेक्स के इस नए आयाम के लिए अभिभावकों ने निदेशक का आभार जताया है।

## न्यूज गैलरी

### नाली निर्माण में हो रहा घटिया सामग्री का इस्तेमाल

**मेदिनीनगर।** शहर के रांची रोड स्थित नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के समदा बांध में नगर निगम के ठेकेदारों द्वारा घटिया नाली का निर्माण कराया जा रहा है। वार्ड नंबर 16 के स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में नाली का निर्माण होने से सड़क पर चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे रास्ते में आने जाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में नगर निगम के ठेकेदारों द्वारा जिस नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उसमें बालू के जगह डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। वही ईटा सीमेंट भी दो नंबर का लगाया जा रहा है । यहां बने हुए नाली पर ही नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा शहर में सड़क, नाले, नाली, पार्क आदि निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए नगर निगम में दर्जनों सुपरवाइजर को रखा गया है। नगर निगम से इनकी नियुक्ति निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और घटिया सामग्री लगाए जाने पर उच्च अधिकारियों को जानकारी देने की है। लेकिन नगर निगम में एक दो सुपरवाइजर को छोड़ दें तो बाकी कोई सुपरवाइजर क्षेत्र में निर्माण कार्यों की निगरानी करने नहीं पहुंचता है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब सुपरवाइजर सरकारी जिम्मेदारी भूलकर स्वयं घर पर बैठा हो तो अच्छी निर्माण सामग्री की उम्मीद कितनी हो सकती है । वही स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि समय रहते निगम द्वारा शहर में हो रहे सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पूर्वक जांच नही कराया गया, तो आने वाला समय में फिर से नगर निगम नरक निगम बन जायेगा।

### एसपी के आदेश पर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा अवैध खनन और बालू कारोबार के खिलाफ सख्त हैं। उनके आदेश पर समय-समय पर अभियान चलाकर अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहर थाना क्षेत्र के टीओपी तीन प्रभारी मंतुस्ट कुमार महतो ने हमीदगंज बीएन कॉलेज पानी टंकी के पास से एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर शहर थाना भेज दिया है। जानकारी के अनुसार टीओपी 3 प्रभारी मंतुस्ट महतो गश्ती पर निकले थे। इसी दौरान बीएन कॉलेज के पास एक ट्रैक्टर को रूकवाकर जांच की। जांच के क्रम में किसी तरह के कागजात नहीं मिले। इस पर उन्होंने ट्रैक्टर को जब्त कर कार्रवाई के लिए शहर थाना भेज दिया। मौके पर उपस्थित मंतुस्ट महतो ने बताया कि कई दिनों से इलाके में अवैध बालू तस्करी की सूचना मिल रही थी। इस सूचना के बाद एक टीम गठित कर छापेमारी की गयी। जिसमें एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया । उन्होंने बताया कि छापामारी अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अवैध बालू कारोबार को लेकर सजग है। पकड़े गए ट्रैक्टर मालिक का नाम

13 करोड़ की लागत से बनेगा बिरसा मुंडा स्मारक सह हेलीपैड पार्क, बोले मंत्री

# देश का सबसे विकसित राज्य बनेगा झारखंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के कल्याणपुर स्थित हेलीपैड के समीप बिरसा मुंडा स्मारक पार्क सह हेलीपैड पार्क,विकास भवन एवं रिसेप्शन भवन का निर्माण किया जाएगा। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर व भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। 13 करोड़, 15 लाख, 50हजार रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शहरी जीवन में स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए पार्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। पार्कों में ही शहरवासी शुद्ध हवा में सांस लेते हैं। जीवन की भागदौड़ से दूर सुकून के पल पार्क में ही बिताते हैं। इस तरह के पार्क की गढ़वा में कमी थी। जो आज पूरा किया जा रहा है। मंत्री ने



कहा कि विपरीत परिस्थितियों में झारखंड सरकार काफी बेहतर कार्य कर रही है। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि के पास इच्छाशक्ति हो तो विकास कार्य में कोई भी बाधा आड़े नहीं आ सकती है। मंत्री ने कहा कि आज विकास विरोधी लोग हर कदम पर विकास कार्यों का विरोध कर रहे हैं। परंतु विकास विरोधी लोग विधानसभा तो क्या पंचायत चुनाव भी नहीं जीत सकते हैं। मंत्री ने कहा कि पार्क के निर्माण का समय एक साल निर्धारित है, परंतु आगामी छह माह के अंदर इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। मौके पर डीडीसी राजेश राय, जुडको के प्रोजेक्ट चेयरमैन अनुराग कुमार, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, प्रमुख विमला देवी, मुखिया अशोक चंद्रवंशी आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से एसडीओ राज महेश्वरम, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिंह, अनिता दत्त, परेश तिवारी, मुन्ना सिंह, आशुतोष पांडेय, दिव्य प्रकाश केशरी, झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अत्याधुनिक सुविधा संपन्न होगा पार्क

पार्क का निर्माण 13 करोड़, 15 लाख, 50 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके तहत करीब छह एकड़ भूमि में पूरे क्षेत्र के चहारदीवारी, भव्य प्रवेश द्वार, कियोस्क, टिकट काउंटर एवं सिक्योरिटी, रिसेप्शन बिल्डिंग, हेलीकॉप्टर से आने जाने वाले लोगों के लिए प्रतीक्षालय कक्ष, पुरुष, महिला शौचालय की व्यवस्था, वाटर फाउंटेन का निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट, दिन, वाटर हार्वेस्टिंग, अंडर ग्राउंड वाटर टैंक निर्माण सहित पूरे ग्राउंड में फूल, पौधा, औषधीय पौधे, घास लगाया जाएगा । साथ ही सुबह शाम टहलने वाले लोगों के लिए वाकिंग ट्रेक, योगा के लिए शेड तथा गजीबो का निर्माण, बच्चों के लिए पार्क, ओपन जिम, पार्क में बैठने के लिए बेंच, ओपन एयर थेटर, कैफेटेरिया, दो पहिया, चार पहिया वाहन वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।

## परती कुशवानी के मुखिया मुन्नी देवी पर प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के परती कुशवानी पंचायत के पनियाखोंह निवासी कृपा चेरो ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर मुखिया मुन्नी देवी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिये गये आवेदन में कृपा चेरो ने कहा है की मैं अपनी पुत्री शांति का विवाह उत्तरप्रदेश के कोण थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी सनोज चेरो के साथ किया था। शांति को ससुराल वालों द्वारा बराबर प्रताड़ित किया जा रहा था। मेरी पुत्री किसी तरह जान बचाकर वहां से भागकर मेरे घर आई थी। विगत 6 सितम्बर को मुखिया मुनी देवी लड़की के ससुराल वालों के साथ मेरे घर आकर मेरी पुत्री शांति को भद्दी भद्दी गालियां देने लगी। गाली देने से मना करने पर उग्र हो गई और लड़की को ससुराल भेजने के लिए दबाव बनाने लगी। जब मैंने कहा की लड़की के पति और ससुर के द्वारा मारपीट किया जाता है मैं नहीं भेजुंगा। इतना सुनते ही मुखिया मुन्नी देवी जबरन घर में घुस गयी और शांति का हाथ पकड़कर खिंचते हुये घर से बाहर निकालकर सैकड़ों लोगों के सामने लड़की का बाल पकड़कर जमीन पर पटक दी। जब लड़की विरोध करने लगी तो मुखिया ने लड़की का पर्स छिनकर 1800 रू नगद और गहना रख लिया। जबरन उसके पति सनोज के साथ गाड़ी में बैठाकर भेज दिया गया। इसके बाद मुखिया मुन्नी देवी के द्वारा धमकी दी गयी की इसकी शिकायत करने पर तुम्हारे पुरे परिवार को जान से मारवा दुंगी। कुछ दिन बाद पता चला की मेरी पुत्री शांति ससुराल से गायब है और उसका पति सनोज दुसरी शादी भी कर लिया है। मुझे सम्भावना है की मुखिया मुन्नी देवी द्वारा षड्यंत्र के तहत दुसरी शादी कराकर मेरी पुत्री को गायब कर दिया गया है। उक्त आवेदन के आलोक में मुखिया मुन्नी देवी के विरूद्ध मामला दर्ज पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

## जिला उपभोक्ता फोरम ने सूद समेत बीमा राशि भुगतान करने का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला उपभोक्ता फोरम ने इंश्योरेंस कंपनी को सूद समेत बीमा राशि को भुगतान करने का आदेश दिया है। फोरम के अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन और सदस्य आशा दुबे ने बजाज एलियांज इंश्योरेंस कंपनी को महेंद्र परहिया की बीमा राशि एक माह के अंदर उनकी पत्नी रीता देवी को भुगतान करने का यह आदेश दिया है । मनातू थाने के जगराहा निवासी रीता देवी ने उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर कर शिकायत की थी कि उनके पति महेंद्र परहिया बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से 40साल के लिए बीमा कराया था । उनके पति द्वारा इंश्योरेंस की स्टॉलमेंट राशि भी जमा की गई थी । परिवादिनी ने कहा है कि उनके पति की मृत्यु 29 अप्रैल 2020 को हो गई थी । तत्पश्चात उन्होंने इंश्योरेंस कंपनी से बीमा राशि की मांग की। किंतु इंश्योरेंस कंपनी ने बीमा की राशि यह कहते हुए देने से इंकार कर दिया था कि उनका बीमा रद्द कर दिया गया था। फोरम ने सुनवाई के दौरान पाया कि परिवादिनी के पति का बीमा 16 अप्रैल 2024 तक के लिए 40 वर्षों का किया गया था। साथ ही इंश्योरेंस कंपनी के बीमा रद्द किए जाने का कोई ठोस कारण नहीं पाया गया। तत्पश्चात फोरम ने महिंद्र परहिया की पत्नी को बीमा की राशि भुगतान करने का आदेश पारित किया । फोरम ने बीमा कंपनी को मानसिक प्रताड़ना के लिए 10,000 और 5000 परिवाद शुल्क के लिए जुर्माने की राशि भुगतान करने का आदेश दिया है।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोन का प्रावधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त जिले के नागरिकों व युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर सक्रिय हैं। आपके अधिकार, आपकी योजना, आपके सरकार कार्यक्रम के तहत लगाये गये शिविरों में उपायुक्त जहां-जहां शामिल हुए। उन सभी शिविरों में लोगों से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ लेने व खुद को स्वरोजगार से जोड़ने की अपील की।

**256 लाभुकों के बीच 1 करोड़ 61 लाख 70 हजार ऋण का वितरण :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 एवं 22-23 में दिव्यांग वर्ग से 6 लाभुकों के खाते में 3 लाख रुपये भेजी गयी है। इस तरह पिछड़ा वर्ग से 64 लाभुकों के खाते में 55 लाख 70 हजार रुपये भेजी गयी है। वहीं अनुसूचित जनजाति के 36 लाभुकों का खाते में 22 लाख रुपये भेजी गयी है। इसके अलावे अल्पसंख्यक समुदाय के 16 लाभुकों के खाते में 8 लाख रुपए की राशि भेजी गयी है। इसी क्रम में अनुसूचित जाति के 134 लाभुकों के खाते में 73 लाख रुपये की राशि भेजी गयी है। यह पहली किस्त की राशि है जिला से दूसरे किस्त की राशि की भी मांग की गयी है।

**युवाओं से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ उठाने की अपील की :** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के युवाओं से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले के ऐसे बेरोजगार युवक-युवतिया जिनकी उम्र 18-50 के बीच हो उनके लिए सरकार बिना गारंटर के 1 लाख तक रुपये का लोन दे रही है। जिससे वो खुद के लिये रोजगार का सृजन कर सकेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिले के ऐसे बेरोजगार युवक-युवतियां जो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। उन सभी के लिये यह सुनहरा मौका है। उपायुक्त ने कहा कि ऋण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि कल्याण विभाग की ओर से बेरोजगार युवक-युवतियों के बीच 25 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है। जिसमें 40 फीसदी सब्सिडी भी दी जाती है।

व्यवसायियों को होल्डिंग टैक्स में मिली राहत

## चौधराना बाजार का किराया चार रुपये स्क्वायर फीट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में व्यापार कर रहे व्यवसायियों को अब होल्डिंग टैक्स से कुछ राहत मिल गई है। जिसमे पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का एक प्रयास यहां व्यवसायियों को काफी राहत पहुंचा है। वही मेयर अरुणा शंकर के द्वारा भी व्यवसायियों के हित मे किया गया प्रयास काम आया है। अब भले ही दोनों गुट इसका श्रेय लेने की होड़ में लगी हो ,लेकिन व्यवसायियों के लिए एक सुखद पहल किया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व मंत्री कई माह से राज्य सरकार के सचिव और मुख्यमंत्री के पास दौड़ लगा रहे थे। गौरतलब है कि वर्ष 2012 में मेदिनीनगर नगरपालिका ने पुरे शहर के व्यापारियों का होल्डिंग टैक्स एक रुपए प्रति स्कायर फीट से बढ़ाकर छह रुपये किया था। लेकिन नगर निगम गठन होने के बाद इसे 6 से बढ़ाकर 24 रूपया स्कायर प्रति फिट अनायास वृद्धि कर दिया गया था। जिसको लेकर व्यापार मंडल के सदस्यों ने हाईकोर्ट मे पिटिशन दिया था। लेकिन आज दस वर्षों के बाद सरकार के नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे के समक्ष हाईकोर्ट के निदेशानुसार 04 रूपया स्क्वायर फिट दर तय किया गया। इसमें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का बहुत बड़ा योगदान है। मंगलवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को एक सरकारी पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी। वही इस पहल से गदगद हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि खासमहल के लिए भी सरकार के रेवेन्यु सचिव, मुख्यमंत्री व अधिकारियों से वार्ता हुई हैं। जल्द ही इसका भी निवारण सरकार द्वारा कर दी जायेगी। वहीं दूसरी ओर मेयर के द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स के किशोर मंत्री के पलामू आगमन पर यहां के मुदे पर मुख्यमंत्री से मिलकर चौधराना बाजार ,फ्री होल्ड सहित अन्य मुद्दे पर प्रस्ताव रखने के बाद विभाग के द्वारा व्यापारियों के हित में किया गया काम का श्रेय देने के लिए कई व्यापारियों के द्वारा मेयर का भी आभार जताया गया।

### आईटीआई में पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अर्न्तगत, राज्य कार्यालय खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा स्थानीय राजकीय औधिगिक प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में बुधवार को एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक उद्योग विभाग, आरएसइटीआई के 171 के प्रतिनिधि तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग रांची से आये हुए अधिकारियों के साथ प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के भारी जनसमूह भी उपस्थित रहा। उक्त कार्यकम में उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रधान मंत्री स्वरोजगार योजना के संबध में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके साथ छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण के अंतर्गत योजना का लाभ लेने और उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

संचालित विकास योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

## सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करें: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला योजना अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं कि समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय सहायता मद अंतर्गत अपूर्ण योजना, वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त आवंटन के विरूद्ध क्रियान्वित योजना, सीएसआर मद अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं, जिला योजना से अनाबद्ध निधि द्वारा अपूर्ण योजनाओं की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवंटन के विरूद्ध ली जाने वाली योजनाओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सीएसआर मद अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग में आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके आपूर्ति से संबंधित कार्य जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। विशेष केन्द्रीय




सहायता मद अंतर्गत आधारभूत संरचना के निर्माण के साथ पीसीसी सड़क, पुल, पुलिया, भवन आदि निर्माण कार्य समेत शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि क्षेत्र आदि की समीक्षा कर लंबित कार्यों की जानकारी लेते हुए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन श्याम नंदन सिंह, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार राय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### मुखिया कालो देवी ने सड़क निर्माण कार्य की रखी आधारशिला

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय में पंचायत के मुखिया कालो देवी ने बुधवार को सादे समारोह में प्रखंड के पंचमुखी मंदिर के नीचे बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण का आधारशिला रखी। जानकारी के अनुसार मुखिया कालो देवी ने 15वें वित्त आयोग मद से डॉक्टर प्रेमचंद के घर से अशोक कुमार के घर तक बनने वाली पीसीसी पथ का शीलापट्ट का अनावरण व भूमि पूजन कर सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर मुखिया श्री देवी ने कहा कि चाक मुख्यालय क पंचायत मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों के आवश्यकतानुसार सभी सड़कों का चरणबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराया जाएगा। मौके पर निर्माण कार्य के अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, सचिव संजय कुमार, रविंद्र पासवान, रविंद्र पासवान,सुनील कुमार सिंह,अनिल कुमार, बैज नाथ राम,संजय कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चैनपुर में कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक के नेतृत्व में चैनपुर प्रखंड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनील दुबे ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रतिनिधि प्रखंड प्रभारी विनोद तिवारी ने की। कांग्रेस पार्टी के निर्देशानुसार जिन प्रदेशों से होकर भारत जोड़ो यात्रा नहीं गुजरेगी वैसे राज्य के जिले में बूथ स्तर तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करना सुनिश्चित की गई है । भारत जोड़ो कार्यक्रम को लेकर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा द्वितीय चरण जिला के सभी प्रखंड एवं पंचायत नगर वार्ड निरंतर भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है और इसी कड़ी में आज चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम किया गया। उन्होंने कहा कि देश में आज महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से देश की जनता जूझ रही है। केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोल डीजल रसोई गैस एवं खाद्य सामग्रियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर लोगों को कमर तोड़ने का काम किया है । भारत जोड़ो यात्रा इसलिए जरूरी है, क्योंकि देश में तानाशाही एवं नकारात्मक की राजनीति की जा रही है। मौके पर प्रखंड प्रभारी विनोद तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक आयोजित भारत जोड़ो यात्रा एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, नफीज खान, राजेन्द्र अग्रवाल, विद्या सिंह चेरो, जितेन्द्र कमलापुरी ,गुरा तिवारी ,राजेश चौरसिया, देवांगन शुक्ला, अजय साहू आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय विद्यालय परिसर में अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सिमरिया के केंद्रीय विद्यालय परिसर में अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ प्रसाशन ने बुधवार को आखिरकार बुलडोजर चला दिया। ज्ञात हो कि परिसर के इर्द गिर्द कई दुकानें लगी हुई थी और प्रसाशन ने सभी को कई बार दुकानों को हटाने का नोटिस दिया था, मगर सब प्रसाशन की बातों को अनसुनी कर रहे थे। हद तो तब हो गई जब विद्यालय परिसर के अंदर प्रकाश नामक एक शख्स ने झोपड़ी बना डाला और प्रसाशन द्वारा आधा दर्जन बार दिए गए नोटिस को नजरअंदाज करता रहा। बुधवार को सीओ सीके दास की अदालत ने झोपड़ी हटाने का आदेश पारित करते हुए उसे हटाने का आदेश पारित कर दिया। सीओ ने कहा कि प्रकाश के पास अपने दावे को लेकर कोई वैद्ध कागजात नहीं मिले। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और थाना प्रभारी विवेक यादव के नेतृत्व में जब झोपड़ी को हटाने की प्रक्रिया शुरू की तो दावेदार ने घुटने टेक दिए. और अपने झोपड़ी को खुद हटाना शुरू कर दिया। करीब एक घंटे

प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

## खेलकूद को बढ़ावा देने की जरूरत: बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय की रेलवे क्लब में चल रहे हैं दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह मंगलवार की देर शाम आयोजित किया गया। 2 दिनों तक चले इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दौरान लोंग जंप , हाई जंप , 100 मीटर, 200 मीटर रिले रेस , कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी जैसी 2 दर्जन से अधिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिनमें से प्रखंड स्तर पर बेहतर खेल खेलने वाले टीम और खिलाड़ियों का चयन करने का काम प्रखंड चयन समिति के द्वारा किया गया। वहीं इसके साथ-साथ प्रखंड स्तर की इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीम को समापन समारोह के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ राकेश सहाय,जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत अन्य अतिथियों के द्वारा बारी बारी से पुरस्कार वितरण किया किया गया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में छिपादोहर मरियम विद्यालय समेत छिपादोहर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने अपने सर्वोच्च खेल का प्रदर्शन पर अधिक से अधिक पुरस्कार प्राप्त किया। विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले

### बच्चों का होता है बौद्धिक विकास : बीडीओ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस तरह का प्रतियोगिता आयोजित कर ग्रामीण स्तर पर छिपे प्रतिभागियों को आगे आने का अवसर प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किए जाने से स्कूली बच्चों का बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों को बढ़ावा देने की जरूरत है। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह, कामेश्वर सिंह,श्याम मनोहर यादव, अशोक यादव सुशीला कुमारी,सुमन कुमार, मुकेश राम,सत्येंद्र कुमार ,जितेंद्र सिन्हा, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, राजू कुमार समेत काफी संख्या में शिक्षाकर्मी और खिलाड़ी मौजूद थे।

## बूढ़ा पहाड़ के इलाके में सड़क और पुल निर्माण की कवायद तेज




**अजय सिन्हा**

**लातेहार।** जिले अति उग्रवाद प्रभावित बूढ़ा पहाड़ के इलाके में सड़क और पुल निर्माण को लेकर प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। मंगलवार को तिसिया में ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर सड़क, पुल और छलका निर्माण योजनाओं को पारित किया।

उल्लेखनीय है कि लातेहार पुलिस ने नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में गत 8 सितम्बर को एक दिन में बारेसांढ़-तिसिया मार्ग में बूढ़ा नदी पर अस्थायी ओणम सेतु का निर्माण किया था। गारू सीओ शम्भू राम ने बताया कि ग्राम सभा में बुढ़ा पहाड़ पथ पर बारेसांढ से बुढ़ा नदी तक रोड, पुल और छलका निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है।

ग्राम सभा में श्री राम के अलावा उपप्रमुख रामदास यादव, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, सीआई अलीमुद्दीन अंसारी समेत अन्य मौजूद रहे।

सम्पादक की कलम से...

# बिजली खरीदने के पैसे नहीं

जिस झारखंड के कोयले की बदौलत देशभर के पावर प्लांटों में उत्पादन है, उस झारखंड में बिजली का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। राज्य में कोयला पर आधारित एकमात्र बिजली उत्पादक संयंत्र तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड (टीवीएनएल) से बमुश्किल राज्य की कुल बिजली जरूरतों का 15 से 20 फीसदी ही उत्पादन हो पाता है। रांची के सिकिदिरी में एक हाईडल पावर प्रोजेक्ट भी है, लेकिन यह इन दिनों पूरी तरह ठप है। ऐसे में झारखंड अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए 85 फीसदी बिजली सेंट्रल पूल और डीवीसी, आधुनिक पावर, इनलैंड पावर जैसी कंपनियों से खरीदता है। अब मुश्किल यह है कि राज्य में बिजली सप्लाई करनेवाली कंपनी जेबीवीएनएल (झारखंड बिजली वितरण निगम लि.) के पास डिमांड के अनुसार बिजली खरीदने को पैसे नहीं हैं। निगम ने इस संकट से उबरने के लिए राज्य सरकार को त्राहिमाम संदेश भेजकर पांच सौ करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग की है। आलम यह है कि राज्य के सभी इलाकों में पिछले एक हफ्ते से जबर्दस्त बिजली कटौती हो रही है। रांची, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग, डालटनगंज, गिरिडीह, बोकारो सहित ज्यादातर शहरों में छह से सात घंटे की कटौती की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में तो बमुश्किल 10-12 घंटे बिजली सप्लाई हो रही है। जेबीवीएनएल को हर महीने बिजली खरीदारी पर तकरीबन पांच सौ करोड़ रुपये की जरूरत होती है, लेकिन इसके एवज में वह राज्य के उपभोक्ताओं से लगभग साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये ही वसूल पाता है। अक्टूबर महीने में तो मात्र 305 करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली हो पायी। इसके पहले सितम्बर में 357 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी। राजस्व की कम वसूली के चलते बिजली वितरण निगम सेंट्रल पूल और अन्य बिजली उत्पादक कंपनियों का बड़ा बकायेदार हो गया है। सेंट्रल पूल का लगभग 200 करोड़ रुपये बकाया होने के चलते बीते 15 अक्तूबर से ही लगातार झारखंड द्वारा अतिरिक्त बिजली खरीदे जाने पर पाबंदी लागू कर दी गयी है। इसी तरह आधुनिक पावर से मिलनेवाली 180 मेगावाट बिजली भी बकाया रकम के चलते रोक दी गयी है। झारखंड के छह-सात जिलों में डीवीसी (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) के जरिये बिजली पहुंचती है। झारखंड पर डीवीसी का लगभग तीन हजार करोड़ रुपये का बकाया है। इस वजह से इन जिलों में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश दिया गया है। इन दिनों राज्य में सुबह-शाम बिजली की मांग 1700 से 1800 मेगावाट है, लेकिन कुल आपूर्ति लगभग 1300 से 1400 मेगावाट ही हो पा रही है। टीवीएनएल से 360 मेगावाट, एनटीपीसी से 500 मेगावाट, इनलैंड से 50 मेगावाट व अन्य स्रोतों से 500 मेगावाट बिजली मिल रही है। जरूरतों के हिसाब से लगभग पांच सौ मेगावाट का शॉर्टेज चल रहा है।

## आज का इतिहास

**1787 :** फिलाडेल्फिया में संवैधानिक सम्मेलन द्वारा अमेरिका का संविधान अपनाया गया।
**1809 :** रूस और स्वीडन के बीच हामिना की शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
**1828 :** जापान के क्यूशू में आये भयानक तूफान से लगभग 10,000 लोग मारे गए।
**1842 :** पिट्सबर्ग पोस्ट-गैजेट का पहला संस्करण प्रकाशित किया गया।
**1851 :** न्यूयार्क टाइम्स अखबार ने प्रकाशन शुरू किया।
**1919 :** हॉलैंड में महिलाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ।
**1922 :** हंगरी लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।
**1926 :** अमेरिका के मियामी में चक्रवाती तूफान से 250 लोगों की मौत हुई।
**1947 :** राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम पारित हुआ।
**1950 :** अभिनेत्री शबाना आजमी का जन्?म हुआ।
**1961 :** तत्कालीन सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
**1967 :** नागालैंड ने अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया।
**1986 :** मुम्बई से पहली बार महिला चालकों ने जेट विमान बम्बई से गोवा के बीच उड़ाया।
**1988 :** बर्मा ने अपना संविधान रद्द किया।
**1997 :** अमेरिका ने 'होलोग' नाम से भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
**2003 :** ढाका-अगरतला के बीच बस सेवा शुरू हुई।
**2008 :** शोभना भरतिया एच.टी. मीडिया की अध्यक्ष नियुक्त हुई।
**1598 :** नीदरलैंड के नाविकों ने मॉरीशस की खोज की।
**1737 :** जॉर्ज-अगस्त विश्वविद्यालय गौटिंगेन में खोला गया।
**1761 :** कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया।
**1778 :** अमेरिका और भारतीय जनजातियों के बीच पहली फोर्ट पिट की संधि हुई।
**1871 :** मोंट कैनिस रेलवे सुरंग स्विट्जरलैंड में खोला गया।
**1934 :** तत्कालीन सोवियन संघ लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।

# देश में चिकित्सा का अनैतिक व्यापार

> देश के आम नागरिक के आर्थिक और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए आज पूरा चिकित्सा तंत्र एक बड़े परिवर्तन की मांग कर रहा है। चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश का द्वार ही पैसे की प्राथमिकता से खुलता है। समय-समय पर चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश को लेकर अनियमितताओं की शिकायतें मिलती रही हैं। मध्य प्रदेश में चर्चित व्यापम घोटाले के बाद लगा था कि आने वाले समय में देश का चिकित्सा क्षेत्र साफ-सुथरा हो सकेगा। मगर इसी राज्य से एक बार फिर नर्सिंग घोटाले की गूंज सुनाई दे रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले से कहता आ रहा है कि भारत सहित एशियाई देशों के दस फीसद से अधिक दवा उत्पाद नकली हैं। मगर राजधानी दिल्ली सहित देश के महानगरों में मानक रहित गुणवत्ताहीन औषधियों के थोक विक्रय बाजार निर्मित हो चुके हैं। दवा माफिया इन बाजारों को संचालित कर रहा है। भारत के संविधान में स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया गया है। मगर देश का नागरिक स्वास्थ्य को लेकर सर्वाधिक प्रताड़ित है। स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर दवाओं के निर्माण तक पूरा क्षेत्र अविश्वसनीयता से भरा पड़ा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार अनायास आए स्वास्थ्य और दवाओं के खर्चों के कारण देश के तीन करोड़ लोग प्रतिवर्ष गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। देश के आम नागरिक के आर्थिक और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए आज पूरा चिकित्सा तंत्र एक बड़े परिवर्तन की मांग कर रहा है। चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश का द्वार ही पैसे की प्राथमिकता से खुलता है। समय-समय पर चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश को लेकर अनियमितताओं की शिकायतें मिलती रही हैं। मध्य प्रदेश में चर्चित व्यापम घोटाले के बाद लगा था कि आने वाले समय में देश का चिकित्सा क्षेत्र साफ-सुथरा हो सकेगा। मगर इसी राज्य से एक बार फिर नर्सिंग घोटाले की गूंज सुनाई दे रही है। महंगी शिक्षा और निजी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों की अनैतिक वसूली के चक्रव्यूह से निकल कर चिकित्सा पेशा अपनाने वालों से समाजसेवा की उम्मीद बेमानी है। भारत में मरीज परीक्षण शुल्क का कहीं कोई पैमाना नहीं है। पहली बार शुल्क अदा करने के बाद मरीज कितने समय तक निशुल्क परामर्श ले सकता है, इसका निर्धारण भी इस सेवा क्षेत्र में नहीं है। देश में अधिकतर चिकित्सक दूसरे दिन से ही मरीज से फिर परामर्श शुल्क की मांग करने लगते हैं। पैथोलाजी जांचों में सरकारी स्तर पर दर निर्धारण का अधिकार जिला स्वास्थ्य अधिकारी को होता है। मगर देश के अधिकांश जिलों में वर्षों से नई दरें लागू नहीं हुई हैं। जिले के चिकित्सा अधिकारी भी इस कर्तव्य को भूल चुके हैं। अधिकतर निजी पैथोलाजी में जांच दरें महंगी होने की वजह उनके संचालकों को हर जांच में कमीशन का एक हिस्सा चिकित्सकों को देना होता है। दूसरी तरफ, देश में दवाओं के निर्माण से लेकर उनके विक्रय तक पूरा उद्योग विसंगतियों से भरा पड़ा है। दवाओं की गुणवत्ता परखने वाली त्वरित प्रयोगशालाओं की कमी है। देश की जनसंख्या, दवाओं के निर्माण और खपत के आधार पर इनके विस्तार पर सरकार ने ध्यान ही नहीं दिया है। देश में मात्र तीन दवा परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं, जहां से परीक्षण रिपोर्ट कम से कम छह माह की अवधि में मिलती है। राज्यों में दवा निरीक्षकों के सत्तर फीसद पद खाली हैं, इसलिए दवाओं की दुकानों पर अब नियमित जांच नहीं होती। अफ्रीकी देश गांबिया में छियासठ बच्चों की मौत के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की दवा कंपनी द्वारा बनाई खांसी की दवा की गुणवत्ता को लेकर चेतावनी जारी की। उसके बाद भारत सरकार ने आरोपित कंपनी के उत्पादों की जांच के आदेश देने में लगभग महीने भर का समय लगा दिया। इसके पहले भी देश के जम्मू, मुंबई और गुरुग्राम में नकली उत्पाद से बच्चों के बीमार होने और मौत के मामले सामने आ चुके हैं। मगर कोई भी जांच सजा के मुकाम तक नहीं पहुंच सकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले से कहता आ रहा है कि भारत सहित एशियाई देशों के दस फीसद से अधिक दवा उत्पाद नकली हैं। मगर राजधानी दिल्ली सहित देश के महानगरों में मानक रहित गुणवत्ताहीन औषधियों के थोक विक्रय बाजार निर्मित हो चुके हैं। दवा माफिया इन बाजारों को संचालित कर रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कुछ वर्ष पहले केंद्र सरकार को भेजी रिपोर्ट में कहा था कि भारत में नकली दवा का कारोबार पैंतीस फीसद तक जा पहुंचा है। कमीशन और सस्ती निविदाओं के माध्यम से इन दवाओं की पहुंच सरकारी दुकानों तक हो चुकी है। मगर सरकारों की तरफ से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। भारत विश्व में सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्माता देश होने के साथ विश्व का तीसरा बड़ा दवा निर्यातक है।

**■ विनोद के. शाह**

# एडमिनों की डिक्टेटरशिप

गौतम बुद्ध को पीपल के नीचे तो कुछ लोगों को देसी शराब की भट्टी, पान की दुकान, चाय के बहाने लंबी-लंबी फेंकने वालो की चौपालों पर बैठे-बिठाये लोकल से लेकर ग्लोबल तक का ठन-ठन गोपाल वाला ज्ञान प्राप्त हो जाता है। इसी ज्ञान के सहारे वे गीदड़ों, कौओं, गधों के सरदार बन वाट्सप, टेलिग्राम, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया का संचालन करते हैं। उनके अधकचरे ज्ञान को न मामने वाले अडियल बुद्धिजीवियों को समूह के सदस्यों द्वारा धोबी पछाड़ के मानिंद बड़ी तबियत से धोया जाता है। ऐसे ही किसी समूह का मैं भी सदस्य हुआ करता था। बाद में समूह के एडमिन उर्फ कॉपी, पेस्ट, फॉरवर्ड के सुल्तान के चेले-चपाटों ने तबियत से हमारी क्लास ली। या यूँ कहिए 'बिन मिले हम धुले' की स्कीम का पूरा-पूरा मजा चखाया। हुआ यूँ कि एक दिन हम पान खाने वालों पर कमेंटिया गये। हमें क्या पता समूह में एक से एक पहुँचे हुए पान खवक्कड़ थे। कहते हैं न कुछ बातें अनुभव से सीखी जाती हैं। आज मैं भी इस अनुभव की पाठशाला का छात्र बनने जा रहा था। बात पान गली से शुरू होकर तंबाकू मोहल्ला, चरस कॉलोनी, गांजा गंज, मधुशाला मार्केट तक पहुँच गयी। उस दिन हमने पहली बार जाना कि राई का पहाड़ कैसे बनाते हैं। हमने पान के बारे में कुछ जानकारी वीकिपीडिया से तो कुछ अपने शोध संदर्भों से इकट्ठा कर भानुमति का कुनबा जोड़ने का प्रयास किया। हमें क्या पता था कि समूह में सब के सब सुधीर चौधरी बने हमारा डिएनए-डिएनए खेलेंगे। समूह के एक सदस्य ने वेद, पुराण, उपनिषद, ब्राह्मण ग्रंथ खंगालकर ऐसे-ऐसे उद्धरण रख डाले जिससे यह स्पष्ट होता था कि नशा करने वाला सही बाकी सब गलत है। शिव जी की भांग, अप्सराओं का सुरा बिंदु छिड़काव इसी तथ्य को प्रमाणित कर रहे थे। एक सदस्य ने कहा पान का तंबाकू के बिना कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने इसकी एक लंबी फेहरिस्त हमारे मुँह पर मारते हुए बोले - तंबाकू जब तक पान के साथ है तब तक समाज धुआँ मुक्त रह सकता है। ठीक उसी तरह जब तक तुम हमारी हाँ में हाँ मिलाये मिमियाओगे तब तक तुम्हारी खैर है। वरना पान मसाला, तंबाकू, सुपारी और बुझे हुए चूने का मिश्रण, मैनपुरी तंबाकू, मावा, तंबाकू और बुझा हुआ चूना, चबाने योग्य तंबाकू, सनस, मिश्री, गुल, बज्जर, गुढ़ाकू, क्रीमदार तंबाकू पाउडर, तंबाकू युक्त पानी की तरह खैनी बना दिये जाओगे। वह कहते हैं न जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की ओर दौड़ता है। मेरी हालत भी यही थी। मैंने नासमझी में उन्हें जलाने वाली बात कह दी। चीजें चलकर राख होती हैं लेकिन इंसान जलकर अहंकारी हो जाता है। उन्होंने कहा - तुम अपने आपको बड़ा बुद्धिजीवी मानते हो। तुम्हारे जैसे बुद्धिजीवी टैक्स की चोरी कर देश का भट्टा लगाने में तुले हैं। वह तो हम हैं जो बीड़ी, सिगरेट, सिगार, चुट्टा, धुमटी, पाइप, हुकली, चिलम, हुक्का पी-पीकर देश की आर्थिक व्यवस्था सुधारते हैं। सरकार की आज्ञा से बनाई गई महंगी टैक्स वाली चीजों का सेवन कर हम सच्ची देशभक्ति निभाते हैं। हम लड़खड़ायेंगे, डगमगायेंगे या फिर धुआँ हो जायेंगे लेकिन अपने जीते जी देश की शान पर आँच नहीं आने देंगे। ऐसे देशभक्तों के बीच कहीं देशनिकाला न हो जाए इस डर के मारे हाथ जोड़कर शाष्टांग दंडवत किया और कहा - निकलना खुल्द से आदम का सुनते आये थे लेकिन, बहुत बेआबरू हो कर तेरे कूचे से हम निकले।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

# गुम होती संवेदनाये

हम भी उसके साथ कदम मिलाकर चल रहे हैं। पर इतनी भी रफ्तार ठीक नहीं, कि आराम करने का मौका ही न मिले! आजकल मोबाइल और इंटरनेट का युग है। हर कोई व्यस्त दिख रहा है। अपनी निजता और अभिव्यक्ति की आजादी का हवाला देकर हर कोई दूसरे की जबान बंद कर देता है। घंटों मोबाइल के सामने समय बिताना एक चलन बन गया है। हालत यह है कि अब रिश्ते भी इसी पर ही अच्छे लगने लगे हैं। सोशल मीडिया के अलग-अलग मंच फेसबुक, वाट्सऐप, इंस्टाग्राम, ईमेल आदि ने मानो यह फरमान जारी कर दिया है कि अब लोगों को आपस में प्रत्यक्ष मिलने की जरूरत ही नहीं है। आप अपने स्मार्टफोन से हर ज्ञान, मनोरंजन, भावनाएं, सुख-दुख जैसी तमाम आवश्यकताएं यों ही पूरी कर सकते हैं। लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि संवेदनाएं, सहानुभूति, संवाद, सहयोग, स्वीकृति, प्यार के लिए परिवार, समाज, रिश्तों का एक विशेष स्थान है। इसकी जगह कोई भी मशीन, भौतिक चीज, मोबाइल, कंप्यूटर नहीं ले सकता है। कुछ समय पहले एक सज्जन की पत्नी का निधन हो गया। वे बहुत दिनों से बीमार थीं। उनकी तबियत के बारे में जानकारी अक्सर सोशल मीडिया पर साझा की जाती थी। उसमें हजारों टिप्पणियां मिलती थीं। सैकड़ों लोग सलामती की दुआएं मांगते थे। यह सब देखकर उन सज्जन का जी हल्का हो जाता था। वे मानकर चल रहे थे कि उनका सोशल मीडिया का परिवार बड़ा है। सभी खुशी-गम में काम आने वाले हैं। वे इस डिजिटल दुनिया के नये परिवार की खूब तारीफ किया करते थे। मगर जब पत्नी दुनिया छोड़ गईं, तो कुछ ही दोस्त सांत्वना देने उनके घर पहुंचे थे। हां, हजारों की संख्या में दुख प्रकट करती टिप्पणियां जरूर थीं, उनके फेसबुक पर। हैरानी की बात यह भी थी कि उनके दफ्तर के कुछ करीबी दोस्तों ने भी उनसे मिलना या फोन करना मुनासिब नहीं समझा। बस, सबने सोशल मीडिया का 'धर्म' निभाते हुए उसी मंच पर जाकर दुख प्रकट किया। पिछले महीने की बात है। ट्रेन में महज करीब दो साल का एक बच्चा मोबाइल पर टकटकी लगाये लगातार कुछ देख रहा था। शायद वीडियो गेम या बच्चों से जुड़े कुछ वीडियो। उसके मां-पिता भी अपने-अपने स्मार्टफोन पर चिपके हुए थे। तीनों का आपस में घंटों से कोई संवाद नहीं था। दिन में आठ-नौ घंटों के सफर में पति-पत्नी ने भी आपस में बहुत कम बार बात की। वह भी कुछ ही पल। बीच में जब बच्चा कभी रोता था, तब मां उसके मोबाइल में यूट्यूब पर कोई नया चैनल बदल देती थी या बिस्कुट पकड़ा देती थी। देर-सबेर बच्चा भी डिजिटल दुनिया में व्यस्त हो जाता था। अब सबकी नजर में ये बातें आम हो चुकी हैं। बहुसंख्यक आबादी तो इसी लत और नशे में चूर है। अब सबको सतर्क होना पड़ेगा कि डिजिटल दुनिया के जाल में फंस कर अपने समय और रिश्ते, दोनों को ही लोग खो न दें। स्क्रीन पर क्षणिक सुख तलाशने के चक्कर में जीवन के उत्पादक समय को गंवा न दें। अपने नौनिहालों के हिस्से का समय और प्यार तो किसी भी सूरत में उन्हें देना ही पड़ेगा। तभी भविष्य में ऊर्जावान और काबिल पीढ़ियां पुष्पित-पल्लवित हो सकेंगी। बात सिर्फ यह नहीं है कि हर जानने वाले से प्रत्यक्ष मुलाकात हुई ही हो। हर आदमी की परिस्थितियां अलग हैं। जिंदगी में सबकी अपनी व्यस्तताएं हैं, अलग तरह की समस्याएं हैं। लेकिन कुछ वर्षों में सोशल मीडिया की आड़ में रिश्तों का धड़ल्ले से डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जो एक इंसानी जीवन और स्वस्थ समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। सही है कि डिजिटल मीडिया ने हमारा जीवन बहुत आसान बना दिया है। सूचना, ज्ञान, नई बातें आदि अनेक क्षेत्रों में क्रांति आई है इससे। पर आज हमारी नासमझी या दूसरों को देखकर नकल करने की आदत, बाजार का दबाव या कुछ और, सबने हमसे हमारी सबसे बड़ी ताकत- रिश्तों की अहमियत- को बौना साबित कर दिया है।

**■ प्रेम प्रकाश**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

पुत्राभिलाषी राजा रैम्यने शास्त्रोक्त रीतिसे प्रचुर धन दान दिया। घृतकी आहुति अधिक पड़ते रहने से तीव्र प्रभायुक्त अग्निसे सुन्दर अंगोंवाली, शुभ लक्षणोंसे सम्पन्न, बिम्बाफलके समान ओष्ठवाली, सुन्दर दाँतों तथा भौंहोंवाली, पूर्ण चन्द्रमाके समान मुखवाली, स्वर्णके समान आभावाली, सुन्दर केशोंवाली, रक्त हथेलियोंवाली, कोमल, सुन्दर लाल नेत्रोंवाली, कृश शरीरवाली तथा रक्त पादतल [तलवे ] वाली एक कन्या प्रकट हुई ॥ 41-43 ॥

पुत्री जगत्मे 'एकावली' नामसे प्रसिद्ध होगी। पु इस कन्याको प्राप्तकर आप सुखी हो जायें। है राजेन्द्र सन्तोष कीजिये, भगवान विष्णुन आपको यह कन्या दी है ॥ 44-46 ॥

होताकी बात सुनकर राजाने उस सुन्दर कन्याकी और देखकर होताके द्वारा प्रदत्त उस कन्याको अति प्रसन्न होकर ले लिया। राजाने सुन्दर मुखवाली उस कन्याको ले करके अपनी पत्नी रुक्मरेखाको ` यह कहकर दे दिया कि हे सुभगे। इस कन्याको स्वीकार करो। कमलपत्रके समान नेत्रोंवाली उस मनोहर कन्याको पाकर रानी बहुत हर्षित हुई; वे ऐसी सुखी हो गयीं मानो उन्हें पुत्र प्राप्त हो गया हो।॥ 47-49 ॥

तत्पश्चात राजाने उसके जातकर्म आदि सभी शुभ मंगल कार्य सम्पन्न किये तथा पुत्रजन्मके अवसरपर होनेवाले जो कुछ भी कार्य थे, वे सब उन्होंने विधिपूर्वक सम्पन्न कराये। यज्ञ सम्पन्न` करके राजा रैम्य ब्राह्मणोंको विपुल दक्षिणा देकर तथा सभी विप्रेन्द्रोंको विदाकर अत्यन्त आनन्दित हुए ॥ 50-51 ॥

श्याम नेत्रोंवाली वह कन्या पुत्रवृद्धिके समान दिनोंदिन बढ़ने लगी। उसे देखकर उस समय रानी अपनेको पुत्रवती समझकर परम आनन्दित हुईं। उस दिन महलमें ऐसा उत्सव मनाया गया, जैसा पुत्रजन्मके` अवसरपर मनाया जाता है। वह पुत्री उन दोनोंके लिये पुत्रके ही सदृश प्रिय हो गयी ॥ 52-53 ॥

हे सुबुद्धे! हे कामदेवसदृश रूपवाले ! मैं उन्हीं राजा रैम्यके मन्त्रीकी पुत्री हूँ। मेरा नाम यशोवती है। मेरी तथा एकावलीकी अवस्था समान है। उसके साथ` खेलने के लिये राजाने मुझे उसकी सखी बना दिया। इस प्रकार मैं उसकी सहचरी बनकर प्रेमपूर्वक दिन- रात उसके साथ रहने लगी ॥ 54-56 ॥

एकावली जहाँ भी सुगन्धित कमल देखती थी, वह बाला वहीं खेलने लग जाती थी, अन्यत्र कहीं भी उसे सुख नहीं मिलता था। [ एक बार] गंगाके तटपर बहुत दूर कमल खिले हुए राजकुमारी एकावली सखियोंसहित मेरे साथ घूमती हुई वहाँ।

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# बड़े सब्जी बाजार की आवश्यकता

यह शहर काफी पुराना है। यहां पहले सब्जी बाजार और पुराना खस्सी मार्केट लगभग एक ही जगह पर थे। बाद में खंस्सी मार्केट वहां कई वर्षो तक लगता रहा फिर बाद में वह भी वहां से खत्म हो गया है। हमीदगंज में भी एक खस्सी मार्केट हुआ करता था वह भी अब वहां पर नहीं रहा। अब वह नाम की ही खंस्सी मार्केट है। शहर की बढ़ती हुई आबादी व इसके क्षेत्रफल के कारण अभी सब्जी बाजार सत्तार सेठ चौक से लेकर मनी टेलर तक पहुंच गया है। पहले यह क्षेत्र मुहल्लों में आया करता था। वहीं मांस का मार्केट एक जगह नहीं होकर कई चौक-चौराहों पर दिखाई देने लगा है। शहर के कई स्थानों पर लोग सुविधा के अनुसार सब्जी बाजार लगाने लगे हैं। उनमें से गांधी मैदान के समीप, सुदना गायत्री मंदिर रोड में पीपल के पास, जेलहाता चौक सोहसा बस मालिक के आवास के सामने, बैरिया चौक, सिंचाई विभाग, रेड़मा पुराना रांची रोड आदि जगहों पर सब्जी बाजार लगता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से निगम व प्रशासन से आग्रह करता हूं कि शहरी क्षेत्र के लिए बढ़ती हुई आबादी के कारण एक सब्जी बाजार की आवश्यकता है। साथ ही मांस -मछली के लिए एक मार्केट की आवश्यकता पुराने खस्सी मार्केट की तरह की जरूरत है। कई बार सब्जी बाजार के कन्नीराम चौक पर सुबह 11-12 बजे थोक सब्जियों के टैम्पू व जीप से आने के कारण यहां पर जाम की स्थिति हो जाती है। इसलिए थोक सब्जी व्यापारियों के लिए खुदरा सब्जी बाजार से अलग व्यवस्था की जाये।

**■ अनिल सिन्हा , मेदिनीनगर।**

# पंजाब सरकार को कानून व्यवस्था संभालने के प्रति गंभीर होना होगा

पाकिस्तान देश में अशांति के लगातार प्रयत्न कर रहा है, उसमें युद्ध लड़ने की क्षमता एवं साधन-सुविधाओं का अभाव है। वैसे भी अब युद्ध मैदानों में सैनिकों से नहीं, भितरघात करके, निर्दोषों की हत्या कर लड़ा जाता है। सीने पर वार नहीं, पीठ में छुरा मारकर लड़ा जाता है। देश की कृषि एवं महापुरुषों की शांति भूमि राजनीतिक कारणों से हिंसा, आतंकवाद एवं नशे की भूमि बन गयी है। जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, हिंसा, हथियारों एवं नशे की उर्वरा भूमि बनकर जीवन की शांति पर कहर ढहा रही है। राज्य में तेजी से पनप रही बंदूक एवं नशे की संस्कृति चिन्ता का सबब बन रही है। निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं और अधिकांश लोग नशे में डूब रहे हैं। हथियारों का खुला प्रदर्शन और खूनखराबा आम बात हो गयी है। इस प्रकार यह हथियारों की श्रृंखला, नशे का नंगा नाच, अमानवीय कृत्य अनेक सवाल पैदा कर रहे हैं। कुछ सवाल लाशों के साथ सो गये। कुछ समय को मालूम है, जो भविष्य में उद्घाटित होंगे। इसके पीछे किसका दिमाग और किसका हाथ है? आज करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में यह सवाल है। क्या हो गया है हमारे पंजाब को? पिछले लम्बे दौर से हिंसा रूप बदल-बदल कर अपना करतब दिखाती है- विनाश और निर्दोष लोगों की हत्या का। निदोर्षों को मारना कोई मुश्किल नहीं। कोई वीरता नहीं। पर निर्दोष तब मरते हैं जब पूरा देश घायल होता है। पंजाब की घायल अवस्था पर आम आदमी पार्टी सरकार जागी है, प्राथमिक तौर पर ही सही, उसने पहला कदम तो यह उठाया कि हिंसा को बढ़ावा देने वाले गीतों और हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगा दी। अब सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। यानी सार्वजनिक समारोह, धार्मिक स्थलों, शादियों और इसी तरह के आयोजनों में हथियारों के प्रदर्शन और इस्तेमाल पर रोक रहेगी। संभावना है कि सरकार की जागरूकता से जटिल होते पंजाब के हालात सुधरेंगे। पंजाब सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता उन विद्रोही खूनी हाथों को खोजना होना चाहिए जो शांति एवं अमन के दुश्मन हैं। सरकार को इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी पंजाब की सारी खोजी एजेंसियों की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जायेगा कि कोई दो-चार व्यक्ति कभी भी पूरे प्रांत की शांति और जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं। कोई उद्योग, व्यापार ठप्प कर सकता है। कोई शासन प्रणाली को गूंगी बना सकता है। इसलिये सरकार का सारा जोर हथियारों पर रोक को लेकर है, क्योंकि राज्य में तेजी से पनप रही बंदूक संस्कृति ने सरकार की नींद उड़ा दी है। छोटे-मोटे विवादों में भी लोग आवेश में आ जाते हैं और हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं चूकते। ऐसे विवाद दुश्मनी में बदलते देर नहीं लगती और इसका नतीजा उसी खूनखराबे एवं हत्याओं के रूप में सामने आता है जो पिछले कुछ महीनों में देखने को मिलता रहा है। शिवसेना (टकसाली) के नेता सुधीर सूरी हों या डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी प्रदीप सिंह की हत्या की घटना, जिस तरह से बेखौफ आपराधिक तत्वों ने इन घटनाओं को अंजाम दिया, वह सरकार की कानून व्यवस्था के मुंह पर तमाचा है। जो सरकार की नाकामी को ही प्रदर्शित कर रहा है। क्या सरकार को यह नहीं देखना चाहिए कि हथियारों तक लोगों की पहुंच इतनी आसान कैसे होती जा रही है? आखिर राज्य पुलिस का सूचना तंत्र कर क्या रहा है? खुफिया एजेंसियां क्या कर रही हैं? पंजाब ने अपने सीने पर लम्बे समय तक आतंकवाद को झेला है, हिंसा, हत्याओं एवं आपराधिक गिरोहों का यहां इतिहास पुराना है और अब तो यह साफ हो गया है कि राज्य में जिस तरह के अपराध हो रहे हैं, उन्हें अंजाम देने वाले सरगना विदेशों में बैठे हैं। कुछ महीने पहले पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद तो कोई संदेह ही नहीं रह गया कि राज्य में अपराध किस तेजी से बढ़ रहे हैं। पंजाब को आधार बनाकर विदेशी ताकतें देश में अशांति, अराजकता, अपराध एवं आतंकवाद को पनपाने के लिये आर्थिक एवं अराजक मदद कर रही हैं।

**■ ललित गर्ग**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं:** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### सृजन घोटाले के मुख्य आरोपी के पांच ठिकानों पर सीबीआई ने चिपकाया इश्तेहार



**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार के बहुचर्चित सृजन घोटाला मामले में बुधवार को सीबीआई ने मुख्य आरोपी रजनी प्रिया और अमित कुमार के कई ठिकानों पर इश्तिहार चिपकाया है। सीबीआई की टीम पटना से भागलपुर पहुंची है। जहां सीबीआई की टीम ने तिलकामांझी थाना क्षेत्र के न्यू विक्रमशिला कॉलोनी के अलावा कई ठिकाने पर इश्तेहार चिपकाया। अमित और प्रिया के पांच ठिकानों पर इश्तेहार चिपकाया गया है। सीबीआई के टीम ढोल नगाड़े के साथ अमित प्रिया के ठिकानों पर पहुंची थी। लोगों से सीबीआई की टीम ने अपील किया कि अमित और प्रिया अगर कहीं भी दिखे तो स्थानीय थाना में सूचित करें। उल्लेखनीय है कि सृजन घोटाला के मुख्य आरोपी अमित और प्रिया अभी सीबीआई के पकड़ से बाहर हैं।

### बस्ती निकाय चुनाव में 38 हजार नये मतदाता करेंगे मतदान

**बस्ती (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर निकाय चुनाव में इस बार 38 हजार से अधिक नये मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि नगर निकाय चुनाव मे मतदाता सूची का पुनरीक्षण हो चुका है और सभी मतदान केन्द्रो पर सूची चस्पा कर दी गयी है। इस बार 38 हजार 805 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। इसमे सबसे अधिक युवा मतदाता है। नगर पालिका बस्ती मे 10 हजार 247 मतदाता,नगर पंचायत भानपुर मे 3961,नगर पंचायत बनकटी मे 3297,नगर पंचायत नगर मे 6287,नगर पंचायत गनेशपुर मे 1000,नगर पंचायत गायघाट मे 2023 ,नगर पंचायत मुण्डेरवा मे 2257 ,नगर पंचायत बभनान मे 1773 ,नगर पंचायत हरैर्या मे 2174 ,नगरन पंचायत कप्तानगंज मे 2802 ,नगर पंचायत रूधौली मे 3961 नये मतदाताओं का नाम शामिल किया गया है।

### केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के भतीजे ने घर में लगायी फांसी

**लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के भतीजे नंद किशोर (47) ने बुधवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दुबग्गा के बेगरिया में रहने वाला नंद किशोर का शव घर के अंदर फांसी पर लटका मिलने से परिवार में रोना-पीटना मच गया। इस घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक सुखवीर सिंह भदौरिया के मुताबिक, नंद किशोर रियल एस्टेट कारोबार करते थे। बेटे विशाल ने पुलिस को बताया कि पिता काफी दिनों से परेशान चल रहे थे। आंशका है कि उन्होंने इसी वजह से यह कदम उठाया है। नंद किशोर केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशर किशोर के चचेरे भतीजे थे। उन्होंने दो शादियां की थी। पहली पत्नी मुस्लिम और दूसरी हिन्दू है। पहली पत्नी शकिला से दो बच्चे अफजल, साहिल और दूसरी पत्नी से बेटा विशाल, आदर्श और दो बेटियां अंशिका एवं शिखा हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बूढ़ी काली मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में अमावस्या पर हुई पूजा



**किशनगंज (एजेंसी)।** जिले में बूढ़ी काली मंदिर व रुईधासा कालितला मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में बुधवार को अमावस्या पूजा आयोजित की गई। बूढ़ी काली में मंदिर के पुरोहित श्रवण दुबे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां काली की पूजा अर्चना की गई। पूजा को लेकर मंदिर में आने वाले श्रद्धालु उत्साहित थे। भक्त सुबह से ही माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुंच रहे थे। भक्तों का उत्साह कम नहीं था। भक्त बढ़ चढ़ कर पूजा में शामिल हुए थें। मंदिर में मां काली की पूजा की गई। पूजा के दौरान पुष्पांजलि भी दी गई। कमिटी के सदस्य मनोज मजूमदार व साधन दास ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे या अंतिम सप्ताह में अमावस्या पूजा आयोजित की जाती है। पूजा के बाद भक्तों के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूजा में भक्त अमित दास, साधन दास, निखिल पाल, कल्याण बोस, समर कुमार, नवजीत मित्रा, अनिर्बान दास, बसंत रॉय, सुदीप्ता मुखर्जी आदि मौजूद थें। वही रुईधासा कालितला मंदिर में पुरोहित प्रणव चक्रवर्ती के द्वारा मां काली की पूजा अर्चना की गई। इसके अलावे रोलबाग में भी अमावस्या पूजा की गई।

## त्रिस्तरीय पंचायतों के उप चुनाव: 2682 पंचायतों पर दो फरवरी को कराया जायेगा मतदान

**पटना (एजेंसी)।** त्रिस्तरीय पंचायतों में उप चुनाव कराने की घोषणा हो गयी है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार कुल 2682 पदों पर दो फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मतों की गिनती तीन फरवरी को होगी। इसके लिए अधिसूचना 10 जनवरी को जारी होगी।

आयोग के अनुसार नामांकन का क्रम 11 से 18 जनवरी तक चलेगा। इसके बाद 21 जनवरी को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। 23 जनवरी तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन अंतिम रूप से उपचुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम की घोषणा आयोग करेगा। उल्लेखनीय है कि पंचायत आम चुनाव के बाद यह पहला उपचुनाव है।

**मतदाता सूची का प्रकाशन होगा 24 दिसंबर को**

24 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन और 28 दिसंबर को मुद्रण कराने की तिथि आयोग ने तय की है। इस संबंध में आयोग सचिव मुकेश सिन्हा ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। साथ ही आयोग ने पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव को भी सूचित कर दिया है।

**फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश**

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत उपचुनाव को लेकर फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिये हैं। आयोग के निदेर्शानुसार सूची का अंतिम प्रकाशन 24 दिसंबर तक कर लिया जाएगा। पंचायत चुनाव 1 जनवरी 2022 के अर्हता तिथि पर तैयार किए जा रहे मतदाता सूची के आधार पर किया जाएगा। आयोग ने 24 दिसंबर तक मतदाता सूची छपवाने का निर्देश दिया है।

**रिक्त पदों को किया गया चिह्नित**

आयोग ने 15 जून 2022 तक रिक्त पदों को चिह्नित कर उपचुनाव कराने का कार्यक्रम तय किया है। इस आधार से जिला परिषद सदस्य के चार, पंचायत समिति सदस्य के 26, ग्राम पंचायत मुखिया के 29, ग्राम कचहरी सरपंच के 35, ग्राम पंचायत सदस्य के 266 और ग्राम कचहरी पंच के 2322 यानी कुल 2682 पद रिक्त हैं।

**सीवान में सबसे अधिक और गया सबसे कम पद है रिक्त**

आयोग ने इसे लेकर जिलों को सूची भेजी है। जिसके अनुसार उपचुनाव के सर्वाधिक 187 पद सीवान जिले में रिक्त हैं। गया जिले में 166, मधुबनी में 153, सारण में 149, पटना में 138, नालंदा में 117 और दरभंगा जिले में 116 पद रिक्त हैं।

### बस्ती में सामूहिक दुष्कर्म की घटना का खुलासा, दो गिरफ्तार

**बस्ती (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश मे बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 21 नवम्बर को एक बालिका से सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी थी। पीड़िता की तहरीर पर दो अभियुक्तों के विरूद्व मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमे दोनो अभियुक्तो रविन्द्र निवासी ग्राम भकुरहिया थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर तथा एक बालअपचारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने पिछड़ा वर्ग व अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा की

# हमलोगों ने अलग से पिछड़ा वर्ग व अतिपिछड़ा कल्याण विभाग बनाया

**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग शुरू से ही पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए कई कार्य करते आ रहे हैं। हमलोगों ने अलग से पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा कल्याण विभाग बनाया। सीएम ने कहा कि पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए विशेष सुविधा दी गई। राज्य सरकार अपने मद से इस पर काफी खर्च कर रही है। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करते रहे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले गए हैं ताकि यहां के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत हो। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट योजना का लाभ दिया जा रहा है। राज्य में छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का भी लाभ दिया जा रहा है। हमलोगों का उद्देश्य है कि राज्य के सभी छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करें, उनका उत्थान हो।

उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं के उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराएं ताकि इसका वे लाभ उठा सकें। इससे पहले बैठक में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव पंकज कुमार ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री अनिता देवी और पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेशक वीरेंद्र यादव उपस्थित थे।

## सीवी आनंद बोस ने पशिचम बंगाल के राज्यपाल के रूप में ली शपथ



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) पूर्व अधिकारी सीवी आनंद बोस ने बुधवार को कोलकाता के राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव ने राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें राज्यपाल के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके कुछ कैबिनेट मंत्री और सरकार के शीर्ष अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस शपथ ग्रहण समारोह में राज्य के पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी, राज्य विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी और वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस भी शामिल हुए। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी हालांकि इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए श्री बोस आईएएस के 1977 बैच के केरल कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्हें 17 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल के तौर पर नामित किया गया था। श्री बोस की नियुक्ति ला गणेशन के स्थान पर की गई है। श्री जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति बनने के बाद मणिपुर के राज्यपाल श्री गणेशन अतिरिक्त प्रभार के रूप में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल की भूमिका निभा रहे थे।

## धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून बनाये सरकार : राजीव रंजन

**कटिहार (एजेंसी)।** बिहार के कटिहार में लव जिहाद का ताजा मामला सामने आने के बाद भाजपा ने सरकार से जबरन धर्मांतरण के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा इस मुद्दे पर पहले चुप थी। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए से अलग होकर महागठबंधन के साथ सरकार बनाने के बाद से भाजपा लगातार उन पर हमलावर है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी राजीव रंजन ने कहा कि राज्य में आये दिन धर्मांतरण को लेकर मामले सामने आ रहे हैं। लेकिन सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण से होने वाले खतरे को देखते हये पड़ोसी राज्य झारखंड, ओडिसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों ने पहले ही कानून बना लिया है।



कयी अन्य राज्य भी इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन बिहार में इसे लेकर अभी तक कोई सुगबुगाहट नही है। जबकि राज्य मे आये दिन जबरन या तरह तरह के प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। राजीव रंजन ने कहा कि एक मामले में सुनवाई करते हुये सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल में टिप्पणी की है कि जबरन धर्मांतरण न केवल धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है,बल्कि देश की सुरक्षा के लिये भी खतरा है। राजीव रंजन ने कहा कि इसके बाद भी राज्य सरकार धर्मांतरण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसके अतिरिक्त प्रतिबंधित संगठन पीपुल फ्रंट आप इंडिया (पीएफआई) के मिशन 2047 के बारे में जो जानकारी मिली है उसमें भी धर्मांतरण का उल्लेख है। ऐसे में राज्य सरकार को चाहिए कि वह धर्मांतरण के कारण प्रदेश का माहौल बिगड़ने से पहले ही इसके खिलाफ सख्त कानून बनाये। गौरतलब है कि बीते दिन कटिहार मे शादी के बाद एक युवति पर धर्म परिवर्तन के लिये दवाब डालने का मामला दर्द हुआ है। कटिहार के एसपी जितेन्द्र कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। इस मामले में न्याय संगत कार्रवाई की जायेगी।

## वैशाली में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत, एक घायल

**हाजीपुर (एजेंसी)।** बिहार में वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र में हाजीपुर-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 22 पर बुधवार को पेट्रोल टैंकर में विस्फोट होने से 3 लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया । पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गोरौल थाना क्षेत्र के गोढिया चौक के पास पेट्रोल टैंकर में वेल्डिंग के दौरान ब?लास?ट हो जाने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक ?यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि टैंकर दो हिस्से में बट गया और एक हिस्सा करीब 20



फीट दूर जाकर गिरा । इस हादसे में वेल्डिंग दुकानदार गोरौल थाना क्षेत्र वेलवर गांव निवासी गिरधारी सहनी का 48 वर्षीय पुत्र वकील सहनी, गाड़ी का चालक पटना जिले के दनियावां थाना के गोरारी गांव निवासी सुरेश यादव का 48 वर्षीय पुत्र रंजीत यादव और खलासी सिवान जिले के विनोद चौधरी का 40 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार की मौत हुई है । घायल व्यक्ति गोरौल थाना के इस्लामपुर गांव निवासी कौशल कुमार है जिसे सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया गया है।

## 30 को मेरठ आएंगे मुख्यमंत्री योगी, प्रबुद्धजन सभा को करेंगे संबोधित

**मेरठ (एजेंसी)।** नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को साधने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार कार्य कर रहे हैं। 30 नवम्बर को मुख्यमंत्री मेरठ में आएंगे और प्रबुद्धजन सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान अरबों रुपए लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समय प्रदेश के बड़े शहरों में प्रबुद्धजन सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। जिसमें विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया जा रहा है। नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा से पहले वे पूरे प्रदेश के शहरी मतदाताओं की नब्ज को टटोल रहे हैं। 21 नवम्बर को गाजियाबाद में प्रबुद्धजन सभा को संबोधित करने के बाद अब 30 नवम्बर को मुख्यमंत्री मेरठ आ रहे हैं।

मेरठ में विक्टोरिया पार्क में आयोजित निकाय प्रबुद्धजन सभा को मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंच गया है। इसके बाद से ही प्रशासन और भाजपा नेता मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी में लग गए हैं। बागपत रोड स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बना रहे हैं। सांसद राजेंद्र अग्रवाल, सांसद विजयपाल तोमर, ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष विमल शर्मा, महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, कमलदत्त शर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेंद्र शर्मा लगातार मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चर्चा कर रहे हैं। जिला प्रशासन के स्तर पर भी सभी विभागों से विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण की जानकारी मांगी गई है और इसके लिए तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय निकाय से संबंधित परियोजनाओं की जानकारी मांगी।

### पुलिस झंडा दिवस : डीजीपी ने मुख्यमंत्री को लगाया फ्लैग पिन



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में बुधवार को पुलिस झंडा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डीएस चौहान ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फ्लैग पिन लगाया। उन्होंने प्रतीक चिन्ह भी सौंपा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर प्रदेश की पुलिस को पुलिस झंडा दिवस की शुभकमानाएं दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों को 'पुलिस झंडा दिवस' की हार्दिक बधाई। समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा की प्रतीक यूपी पुलिस पर हमें गर्व है। जय हिंद...। इस दौरान डीजीपी के अलावा अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार सहित पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे थे।

### मुजफ्फरपुर में दो चचेरे भाईयों के शव मिले, हत्या की आशंका

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नडियार गांव के समीप एक साथ दो चचेरे भाईयों के शव मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों युवक की पहचान रोशन कुमार और पवन कुमार के रूप में हुई है। दोनों बांगरा टोला के रहने वाले थे और मोतीपुर के नडियार में पाइप लाइन का काम करते थे। मृतक रोशन के पिता अशरफी राय ने कहा कि पाइप लाइन में दोनों काम करते थे। पैसा बकाया था, जिसको लेने गये थे, जहां उनकी हत्या कर दी गई। मोतीपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि प्रथम द्दष्या मामला सड़क दुर्घटना का लग रहा है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### संजीव मिश्रा की हत्या पुलिस-अपराधी गठजोड़ का नतीजा : महबूब आलम



**कटिहार (एजेंसी)।** बलरामपुर से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) विधायक कॉ. महबूब आलम ने भाजपा नेता संजीव मिश्रा की हुई हत्या को एक जघन्य अपराध बताते हुए कहा कि हमारी पार्टी ऐसी घटना की घोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस सही दिशा में अनुसंधान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड को राजनीतिक रंग देकर समाज में आपसी प्रेम व भाईचारे को भंग करने की कोशिश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोषी को अवश्य कड़ी सजा मिलनी चाहिए परंतु निर्दोष को पुलिस परेशान नहीं करे। उल्लेखनीय है कि बीते सात नवम्बर की सुबह बारसोई के तेलता में भाजपा नेता संजीव मिश्रा की हत्या अपराधियों ने गोली मारकर कर दी थी। इस हत्याकांड को लेकर भाजपा ने बिहार की महा गठबंधन की सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। महबूब आलम ने भाजपा नेता संजीव मिश्रा हत्या कांड को पुलिस-अपराधी गठजोड़ का नतीजा बताते हुए कहा कि संजीव मिश्रा तेलता थाना का दलाल था। उनका काम लोगों को झूठा मुकदमा में फसाना और उगाही कर समझौता करवाना था। उन्होंने कहा कि संजीव मिश्रा जनप्रतिनिधियों के चुनाव में भी किसको जितना और हराना है, इस गतिविधि में सम्मिलित रहते थे। इस वजह से इससे पहले भी संजीव मिश्रा के बहनोई की हत्या हुई थी। इसके बाद मुखिया पति खुशदिल की हत्या हुई। इस मामले में संजीव मिश्रा नामजद अभियुक्त है। महबूब आलम ने कहा कि संजीव मिश्रा की बहन बिंदु कुमारी उक्त हत्याकांड की चश्मदीद गवाह बनी है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना संजीव की बहन घटना के समय कटिहार में थी, और घटना की सूचना मिलने के बाद तेलता पहुंची है। ऐसे में वह घटना का चश्मदीद गवाह कैसे हो सकती है? उन्होंने कहा कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता है, ताकि निर्दोष लोगों पर किसी तरह का जुल्म ना हो।

## पसमांदा मुसलमानों के हक की बात कर उन्हें अपने पाले में करने में जुटी है भाजपा

**उत्तर प्रदेश (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पसमांदा मुसलमानों पर भाजपा को ध्यान देने की टिप्पणी के बाद पार्टी अब इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। अभी पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर पार्टी की ओर से कार्यक्रम किया गया था। इसके बाद अब 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर भाजपा बिहार की राजधानी पटना में कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसके तहत भाजपा ईबीसी, दलितों, आदिवासियों और पसमांदा मुसलमानों के प्रतिभागियों को एक साथ लाने के प्रयास में जुटी है। बिहार में जदयू से अलग होने के भाजपा की नजर पसमंदा मुसलमानों पर है, जिनकी आबादी मुसलमानों में अस्सी प्रतिशत के आसपास है। ऐसे में भाजपा की नजर अब इस समाज



पर टिक गई है। उत्तर प्रदेश में पसमांदा समाज के लोगों ने भाजपा के तरफ झुकाव के संकेत भी दिये थे। दरअसल,यह समुदाय बिहार में अभी तक महागठबंधन का वोट बैंक माना जाता है। लेकिन अब भाजपा इन्हें तोड़ने की रणनीति पर काम करने लगी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद संजय पासवान इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। उनके देखरेख में यह कार्यक्रम होने जा रहा है। संजय पासवान का कहना है कि पिछले कई साल से पसमांदा मुसलमानों को विकास की प्रक्रिया से महरूम रखा गया है, जबकि इनके वोट बैंक को अपने पाले में कर कभी कांग्रेस तो कभी राजद और कभी जदयू ने बिहार में सरकार बनाई। लेकिन जब इनको हक देने की बारी आती है तो राजनीतिक दल कन्नी काट लेते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार ने अभी तक पसमांदा मुस्लिमों के विकास के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई, जिसकी वजह से आज भी ये तबका विकास से कोसों दूर है। संजय पासवान के अनुसार पसमांदा मुसलमानों की एक बड़ी आबादी धर्मांतरण कर मुस्लिम बनी है, ये पहले हिंदू थे। इस वजह से भी हमें उम्मीद है कि वो हमारी बातों को ठीक-तरीके से समझ पाएंगे। इस बीच पूर्व सांसद और ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अली अनवर ने बयान दिया है कि इस समाज को अब तक उसका हक नहीं मिल पाया है और सिर्फ इसे वोट बैंक ही समझा गया। लेकिन अब पसमांदा वोट बैंक बनने को तैयार नहीं है। अली अनवर ने बताया कि कुछ महीना पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था और पसमांदा मुसलमानों को हक दिलाने की मांग की थी। एक अनुमान के मुताबिक बिहार में कुल मुस्लिम जनसंख्या में से करीब 80 प्रतिशत मुसलमान पसमांदा समुदाय से आते हैं।

## न्यूज गैलरी

### भारत के चार मुक्केबाजों ने पक्के किये पदक

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मुस्कान और तमन्ना समेत चार भारतीय मुक्केबाजों ने स्पेन के ला नुसिया में जारी पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किये जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या 11 हो गयी। युवा एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कीर्ति (81 किग्रा से अधिक) और देविका घोरपडे (52 किग्रा) अन्य दो मुक्केबाज हैं जिन्होंने अंतिम चार चरण में अपनी जगह पक्की की। इन चार पदकों के साथ भारत ने पिछले सत्र में पोलैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11 पदक की बराबरी कर ली। तमन्ना ने भारत के लिए दिन की शुरूआत आक्रामक अंदाज में करते हुए महिलाओं की 50 किग्रा क्वार्टर फाइनल में सर्वसम्मत निर्णय से जापान की जूनी टोनेगावा को मात दी। देविका ने जर्मनी की अस्या अरी के खिलाफ 5-0 से आसान जीत दर्ज की। मुस्कान (75 किग्रा) और कीर्ति अपने-अपने प्रतिद्वंदियों मंगोलिया की ज्येइनयेप अजीमबाई और रोमानिया की लिविया बोटिका खिलाफ काफी मजबूत साबित हुईं। इन दोनों को बाउट शुरू होने के तीन मिनट के अंदर ह्यरेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्टह्न के फैसले से विजेता घोषित किया गया। इस बीच, प्रीति दहिया (57 किग्रा), रिदम (92 किग्रा से अधिक) और जादुमणि सिंह मांडेंगबाम (51 किग्रा) अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए।

### मुंबई ने रेलवे के 338 रन के लक्ष्य को भेदा

**मुंबई (एजेंसी)।** रेलवे के खिलाफ खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई ने सरफराज खान की शतकीय पारी की बदौलत 9 गेंदे रहते 5 विकेट से जीत दर्ज की। सरफराज खान ने 94 गेंदों पर कुल 117 रन की पारी खेली जिसमें 10 चौके और 5 छक्के शामिल थे। रेलवे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का विकल्प चुना। टीम की शुरूआत खराब रही और चौथे ही ओवर में ओपनर शिवम चौधरी (6) आउट हो गए। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए विकेट सिंह और प्रथम सिंह के बीच 102 रन की साझेदारी हुई। यह साझेदारी 25वें ओवर की चौथी गेंद टूटी जब मुलानी ने विकेट (47) को आउट कर दिया। इसके बाद प्रथम और मोहम्मद सैफ के बीच तीसरे विकेट के लिए एक और महत्वपूर्ण साझेदारी हुई जिसमें दोनों ने कुल 142 रन बनाए। 44वें ओवर में प्रथम मुलानी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए और 109 रन बनाकर पवेलियन लौटे। टीम के अंतिम दो विकेट उपेंद्र यादव और सैफ के गिरे जिन्होंने क्रमश: 22 और 92 रन बनाए और मुंबई को 338 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में उतरी मुंबई की टीम की शुरुआत भी खराब रही और यशस्वी जायसवाल (4) दूसरे ओवर में ही अपना विकेट गंवा बैठे। लेकिन दूसरे विकेट के लिए पृथ्वी शॉ और अरमान जाफर के बीच 58 रन की साझेदारी हुई और जाफर (30) अपना विकेट गंवा बैठे जिसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे और शॉ ने कमान संभाली लेकिन यह साझेदारी लम्बी नहीं चल सकी और शॉ 16वें ओवर में अर्धशतक लगाकर अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद सरफराज खान की एंट्री हुई और यहीं से पूरा खेल पलट गया। सरफराज ने रहाणे के साथ 152 रन की अहम साझेदारी करते हुए टीम को जीताने में अपना योगदान दिया। हालांकि 37वें ओवर में रहाणे (88) और 46वें ओवर में सरफराज (117) अपना विकेट गंवा बैठे लेकिन वह दोनों अपना काम कर चुके थे और बची हुई कसर शम्स मुलानी की 46 रन की पारी ने कर दी और टीम 9 गेंदें शेष रहते 5 विकेट से मैच जीत गई।

# फीफा 2022 : ड्रा पर समाप्त हुआ क्रोएशिया और मोरक्को का मुकाबला

**कतर (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2022 के चौथे दिन ग्रुप एफ मुकाबले में फैंस को वैसा मुकाबला देखने को नहीं मिला जिसकी उम्मीद थी। पिछली बार की उपविजेता क्रोएशिया की टीम हावी दिखा, लेकिन गोल नहीं कर पायी। ऐसे में मोरक्को ने भी दमदार खेल दिखाते हुए 0-0 पर मैच ड्रा पर समाप्त किया। दोनों ओर से पूरे मैच में कोई गोल नहीं हो सका। यह इस विश्व कप का तीसरा मुकाबला रहा जो बिना किसी गोल के खत्म हुआ। इससे पहले पोलैंड और मेक्सिको के मैच में भी कोई गोल नहीं हुआ था। फिर डेनमार्क व ट्यूनीशिया के बीच हुआ मुकाबला भी ड्रा पर खत्म होता दिखा। मुकाबले की बात करें तो पहले हाफ में दोनों के पास गोल करने के मौके मिले, लेकिन चूक गए। क्रोएशिया ने पांच तो मोरक्को ने आठ शॉट्स लगाए। मैच के अंत दोनों ने गोल करने का कड़ा प्रयास किया। रेड कार्ड दोनों टीमों में से किसी भी खिलाड़ी को नहीं मिला, हालांकि एक येलो कार्ड मोरक्को को मिला। पजेशन के मामले में क्रोएशिया 65 प्रतिशत के साथ पूरे मैच में आगे रहा, तो ट्यूनीशिया पांच प्रतिशत रहा। डेनमार्क की ओर से क्रिश्चियन एरिक्सन ने



शानदार प्रदर्शन दिखाया। उन्हें चार बार गोल करने का मौका मिला, लेकिन ट्यूनीशिया ने उन्हें गोल करने से रोका।

## अमरीका के खिलाफ मैच से पहले टखने का स्कैन करवायेंगे इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन

**दोहा (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन फीफा विश्व कप-2022 में अमरीका के विरुद्ध मैच से पहले अपने टखने का स्कैन करवाएंगे। फीफा विश्व कप 2018 के गोल्डन बूट विजेता केन ने ईरान के विरुद्ध सोमवार को खेले गए मैच के दौरान अपने टखने का उपचार करवाया था। वह मैच के 75वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए थे और डगआउट में टखने पर पट्टी के साथ नजर आए थे। केन ने मंगलवार को अभ्यास किया, लेकिन सूत्रों के अनुसार बुधवार के सत्र में उन्होंने हिस्सा नहीं लिया। इंग्लैंड फुटबॉल टीम के प्रबंधक गैरेथ साउथगेट ने सोमवार के मैच के बाद कहा था कि मेरे अनुसार हैरी ठीक हैं। देखने से लगा था कि टक्कर बुरी है, लेकिन वह इसके बाद भी खेलते रहे। हमने उन्हें (75वें मिनट में) मैदान से बाहर बुला लिया, क्योंकि हमें लगा कि मैच हमारी पकड़ में है। केन ने इंग्लैंड के लिए खेलते हुए 76 मैचों में 51 गोल किए हैं। इंग्लैंड को ग्रुप-बी मैच में शुक्रवार को अमरीका का सामना करना है। यदि केन इस मैच में हिस्सा नहीं लेते तो रहीम स्टर्लिंग टीम की कमान संभाल सकते हैं।

# हार्दिक बोले - बाहरी बातों से फर्क नहीं पड़ता, सबको मौका मिलेगा

**नेपियर (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप के बाद बीसीसीआई सीमित-लंबे फॉर्मेट की टीमों के लिए अलग-अलग कप्तान बनाने का मन बना रहा है। पिछले साल आईपीएल की नयी नवेली टीम गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाने वाले हार्दिक पंड्या को टी-20 टीम का कप्तान माना जा रहा है। एक्सपर्ट भी कह रहे हैं कि पंड्या को टी-20 टीम की कमान सौंप देनी चाहिए। 29 साल के पंड्या दोनों मौकों पर बोर्ड की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। उनकी लीडरशिप में टीम इंडिया ने मंगलवार को न्यूजीलैंड को उसी के घर में टी-20 सीरीज में 1-0 से हराया है। उनकी कप्तानी में टीम ने आयरलैंड से दो मैचों की सीरीज जीती थी। नेपियर में तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले के बाद पंड्या ने मीडिया से चर्चा की। उन्होंने टीम परफॉर्मेंस और कप्तानी पर बात की। पांड्या ने कहा कि सबसे अहम यह है कि दूसरे मैच को हमने जीता, वह कॉन्फिडेंस देगा। दूसरी बात कि आगे हमें जो करना है या हम जो करना चाहते हैं, यह उसका एक स्टेप है। धीरे-धीरे जाने के लिए क्योंकि हमारे पास काफी टाइम है। यहां से एक जर्नी शुरू हुई है। कोशिश करेंगे कि अब जितनी भी सीरीज खेलें। खुद को बेहतर करें। उन्होंने कहा कि बाहर कौन क्या कह रहा है उससे इस लेवल पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। जहां तक सिलेक्शन की बात है- यह मेरी टीम है, कोच और मुझे जो ठीक लगेगा। जो साइड हमें चेक करनी है करेंगे...बहुत समय है। सब को मौका मिलेगा और लंबा मिलेगा। ज्यादा कठिन नहीं है। सीरीज छोटी थी। इसलिए कुछ लोगों को मौका नहीं मिला। मैच ज्यादा होते तो मौका मिलता।


## न्यूजीलैंड में भी फ्लॉप रहे पंत, 66 मैचों में सिर्फ तीन फिफ्टी



**भारत** और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को नेपियर में खेला गया तीसरा टी-20 मैच टाई रहा। इस नतीजे के साथ ही भारत ने तीन मुकाबलों की सीरीज को 1-0 से अपने नाम कर लिया। तीन मैचों की इस सीरीज का पहला मैच बारिश के चलते रद्द हो गया था। दूसरा मैच भारत ने जीता और तीसरा टाई रहा। वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद यह जीत सुकून देनेवाली है। हालांकि, एक समस्या ऐसी है जो वर्ल्ड कप में भी हमारा सिरदर्द थी और न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई सीरीज में भी इसका कोई समाधान नहीं हुआ। वास्तव में यह समस्या वर्ल्ड कप से भी पुरानी है और लंबे समय से यह भारतीय क्रिकेट फैंस को फ्रस्ट्रेट कर रही है। इस समस्या का नाम है ऋषभ पंत। टेस्ट क्रिकेट के मैच विनर पंत टी-20 फॉर्मेट में बिल्कुल भी परफॉर्म नहीं कर पा रहे। ऋषभ पंत टी-20 इंटरनेशनल में अब तक आठ देशों में मुकाबले खेल चुके हैं। इनमें से वेस्टइंडीज के अलावा किसी भी देश में औसत प्रभावशाली नहीं है। वेस्टइंडीज में उन्होंने 58 की औसत से 174 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने 7.25, इंग्लैंड में 13.50, श्रीलंका में 15 और भारत में 20 की औसत से रन बनाए हैं।

# टी-20 रैंकिंग में सूर्या नंबर-1 पर कायम

## ताजा रैंकिंग में 890 पॉइंट्स, विराट को दो स्थान का नुकसान



**दुबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार सूर्यकुमार यादव ताजा आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बने हुए हैं। वे पिछले हफ्ते भी टॉप पर थे। इस बार उनके रेटिंग अंकों में इजाफा हुआ है। सूर्या के 890 रेटिंग पॉइंट्स हैं। पिछले सप्ताह उनके 859 पॉइंट्स थे। विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान 836 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा नंबर-1 पर हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन दुनिया के नंबर-1 ऑलराउंडर हैं।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में जमाया था शतक :** सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाये। दो मुकाबलों में उनके बल्ले से 124 रन निकले हैं। इसमें एक शतक शामिल है। सर्या ने दूसरे टी-20 मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी। यह उनके करियर का दूसरा शतक था। इस मैच के बाद सूर्या के 895 रेटिंग पॉइंट्स हो गये थे। लेकिन, दूसरे मैच में फेल होने की वजह से उन्हें पांच पॉइंट्स का नुकसान उठाना पड़ा। आईसीसी हर बुधवार को ही रैंकिंग जारी करती है। इसलिए पहले मैच के बाद के उनके रेटिंग पॉइंट्स सामने नहीं आये।

**विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान :** टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनानेवाले बल्लेबाज विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान हुआ है। कोहली अब 650 पॉइंट्स के साथ 13वें नंबर पर हैं। केएल राहुल 582 अंकों के साथ 19वें स्थान पर हैं। इस तरह भारत के तीन बल्लेबाज टॉप 20 में हैं।

### गेंदबाजी में भुवी सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय

**गेंदबाजी** में भुवनेश्वर कुमार 647 पॉइंट्स के साथ 11वें स्थान पर हैं। वे सबसे ऊंची रैंकिंगवाले भारतीय गेंदबाज हैं। अर्शदीप सिंह 616 अंकों के साथ 21वें और रविचंद्रन अश्विन 606 अंकों के साथ 22वें नंबर पर हैं। युजवेंद्र चहल 535 पॉइंट्स के साथ 40वें स्थान पर हैं।

# टी-20 वर्ल्ड कप का बदलेगा फॉर्मेट

**दुबई (एजेंसी)।** अगला टी-20 वर्ल्ड कप नए फॉर्मेट के साथ खेला जाएगा। दुनिया में क्रिकेट को संचालित करनेवाली संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 2024 में होने वाले इस टूर्नामेंट के फॉर्मेट में बदलाव किया है। अहम बात यह है कि वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले जाने वाले टी-20 के सबसे बड़े टूर्नामेंट में 20 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। इसके मैच अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे। कुछ दिन पहले ऑस्ट्रेलिया में खेला गया टी-20 वर्ल्ड कप लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट में खेला गया था। इसमें सबसे पहले क्वालिफाइंग राउंड खेला गया था। दो ग्रुप के क्वालिफाइंग राउंड से चार टीमों ने सुपर-12 के लिए क्वालिफाई किया, जहां आठ टीमें पहले से मौजूद थीं। सुपर-12 में 6-6 टीमों के दो ग्रुप थे। दोनों ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंची और इन मैचों की विजेता टीमों ने फाइनल मैच खेला।

■ पहले राउंड में चार, फिर सुपर-8 में दो ग्रुप बनेंगे



### क्या होगा नया फॉर्मेट?

अब 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। यानी कि हर ग्रुप में 5 टीमें। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर-8 राउंड में प्रवेश करेंगी। इन आठ टीमों को दो सुपर लीग डिवीजन में बांटा जाएगा। हर डिवीजन में चार टीमें। ये सभी आपस में तीन-तीन लीग मैच खेलेंगी। यहां से हर डिवीजन की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल राउंड में जाएंगी और सेमीफाइनल जीतने वाली टीम फाइनल खेलेगी।

### अब तक कौन-कौन सी टीमें क्वालिफाई हुई हैं?

अब तक 12 टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं। इनमें बीते दिनों खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप की टॉप-8 टीमें सीधे क्वालिफाई कर गई हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका को बतौर मेजबान डायरेक्ट एंट्री मिली है। इसके अलावा दो अन्य टीमें रैंकिंग के आधार पर आई हैं। शेष 8 टीमें क्वालिफायर टूर्नामेंट के जरिये आयेंगी।

## पाकिस्तान दौरे पर पर्सनल शेफ को साथ लेकर जायेगी इंग्लैंड

**लंदन (एजेंसी)।** सितम्बर में टी-20 दौरे के दौरान खिलाड़ियों के बीमार पड़ने के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान दौरे से पहले एक बड़ा कदम उठाया है। इंग्लैंड की फुटबॉल टीम के साथ काम करनेवाला शेफ पुरुष क्रिकेट टीम के साथ पाकिस्तान जाएगा। इंग्लैंड की फुटबॉल टीम और हार्लेक्विंस के साथ काम कर चुके उमर मेजियाने ट्रैवलिंग शेफ होंगे। हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टेस्ट टीम इस सप्ताह के अंत तक पाकिस्तान पहुंच जाएगी और रावलपिंडी, मुल्तान और कराची में तीन मैच खेलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक मेजियन रविवार को टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड के खिलाड़ी अबूधाबी में हैं, जहां उन्होंने फॉर्मूला वन ग्रां प्री देखी और गोल्फ भी खेला। इन-हाउस शेफ होने से इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम के आधिकारिक होटलों और मैदान में खाना नहीं खाएंगे।

## वनडे सीरीज से पहले बोले धवन -

# टीम लीडर के तौर पर हो गया हूं मैच्योर

**नेपियर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले भारतीय कप्तान शिखर धवन ने कहा कि मैं कप्तान के तौर पर मैच्योर हो गया हूं और कड़े फैसले ले सकता हूं। वो दिन गए जब मैं बड़े फैसले लेने से हिचकिचाता था। अब मैं ऐसे फैसले लेने से नहीं हिचकिचाता, जो किसी खिलाड़ी को अच्छे न लगे और टीम के हित में हों। 36 साल के शिखर धवन शुक्रवार से शुरू होनेवाली तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज में टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। पंड्या को इस सीरीज से आराम दिया गया है। टीम अपने सीनियर प्लेयर्स के



बिना उतर रही है। यह पहला मौका नहीं है जब धवन टीम की कप्तानी कर रहे हैं। इससे पहले वे पिछली कुछ सीरीज में टीम के कप्तान रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 3-2 से और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की थी। टीम को उनके कप्तान रहते हुए वेस्टइंडीज से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया इस समय न्यूजीलैंड दौरे पर है। उसने तीन मैचों की टी-20 सीरीज 3-1 से जीत ली है। उसे 25 नवंबर को ऑकलैंड में पहला वनडे खेलना है। धवन ने कहा कि समय के साथ मेरी निर्णय लेने की क्षमता में सुधार हुआ है। पहले ऐसे भी मौके आते थे। जब मैं किसी गेंदबाज के प्रति सम्मान दिखाते हुए उसे अधिक ओवर दे देता था, लेकिन अब मैं परिपक्व हो गया हूं और अगर किसी को बुरा भी लगे तब भी मैं वह फैसला करूंगा। जिससे टीम को फायदा पहुंचे।

# फीफा 2022 : महिला पत्रकार ने ऑन एयर पहनी ऐसी ड्रैस, फैंस को याद आ जायेगी शैफाली जरीवाला

**कतर (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2022 के दौरान बीते दिनों ही रिपोर्टिंग कर रही महिला पत्रकार के साथ चोरी की घटना हो गई थी। अब एक और महिला पत्रकार अपने पहनावे को लेकर चर्चा में आ गई है। 42 वर्षीय अभिनेत्री देबोराह सेको ने ब्राजीलियाई चैनल स्पोरटीवी के विश्व कप कवरेज के दौरान ऑन-एयर ऐसा आउटफिट डाला जिसे देख भारतीय फैंस को मशहूर मॉडल शेफाली जरीवाला की याद आ गई। दरअसल, फैंस ने कतर विश्व कप को कवर करने के दौरान अभिनेत्री के पहरावे को लेकर टिप्पणयां की थीं। इस पर टेलीविजन होस्ट ने ट्रोल्र्स को कड़ा जवाब दिया है। देबोराह सेको की इस ड्रैस को लोग प्राइम टाइम के लिए सही नहीं मान रहे हैं। एक फैंस ने कमेंट किया- क्या यह फैशन शो है या विश्व कप? अन्य प्रशंसकों ने लिखा- हालांकि हमें सेको पसंद



है, लेकिन उनका पहनावा खेल आयोजन के लिए अनुपयुक्त लग रहा है। एक ने लिखा- आप अद्भुत हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन हमें एक खेल आयोजन के लिए उचित रूप से सम्मानीय पोशाक पहननी होगी। एक यूजर ने कहा- क्या आप उस कल्चर से परिचित हैं? आप जिस कल्चर के आदी हैं, उससे काफी अलग हैं। इसे गूगल करें। अभिनेत्री ने अपने पहनावे की आलोचनाओं का जवाब दिया। इंस्टाग्राम पर एक कैप्शन पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा- मुझे परवाह नहीं है - मैं वह हूं जो मैं हूं। अभिनेत्री को ब्राजीलियाई मारिया रिबेरो और गैब्रिएला प्रियोली से भी समर्थन मिला। उन्होंने लिखा- हम कतर जैसे देश में विश्व कप देख रहे हैं, जो स्त्री विरोधी, नस्लवादी और होमोफोबिक आदमी का समर्थन करता है। और हम यहां सवाल डेबोरा सेको के कपड़ों पर उठा रहे है? मारिया रिबेरो ने लिखा- मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है। तथ्य यह है कि एक अभिनेत्री फुटबॉल के बारे में बात कर सकती है। बता दें कि कतर विश्व कप के दौरान महिला यात्रियों के लिए विशेष हिदायतें जारी की हैं। महिलाओं को अपने कंधे और घुटने ढंकने को कहा गया है। अगर ऐसा न हुआ तो सख्त कार्रवाई होने की संभावना है।



## न्यूज गैलरी

### उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक ने सावधि जमा पर बढ़ाई ब्याज दर




नयी दिल्ली। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्राहकों के लिए सावधि जमा पर ब्याज दर 7.20 प्रतिशत से बढ़ाकर आठ प्रतिशत कर दी है। बैंक ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि आम ग्राहकों के लिए 80 सप्ताह के सावधि जमा पर सर्वाधिक ब्याज दर आठ प्रतिशत होगी। इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों के लिए सर्वाधिक ब्याज दर 80 सप्ताह के लिए 8.75 प्रतिशत होगी। प्लेटिना सावधि जमा में 0.20 प्रतिशत की अतिरिक्त ब्याज दर मिलेगी। यह 15 लाख रुपये से ज्यादा और दो करोड़ रुपये से कम की जमा पर लागू होगा। ये नई दरें 05 नवंबर 2022 से प्रभावी हो गई हैं। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी इत्तिरा डेविस ने कहा, ह्यह्यसावधि जमा की ब्याज दर में वृद्धि से ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ उत्पाद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिलता है। यह ग्रेनुलर जमा एकत्रित करने और मैक्रो-इकॉनॉमिक स्थिति का विकास करने की हमारी रिटेल स्ट्रेट्जी के अनुरूप है।

### बॉयलर में गड़बड़ी से औद्योगिक इकाइयों में बिजली उत्पादन का तीन प्रतिशत नुकसान

**नयी दिल्ली।** बॉयलर ट्यूब में गड़बड़ी की वजह से विभिन्न औद्योगिक संयंत्रों में बिजली उत्पादन को तीन प्रतिशत तक नुकसान पहुंचता है। उद्योग से जुड़े एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। टीसीआर एडवांस्ड इंजीनियरिंग में प्रबंध निदेशक परेश हरिभक्ति ने पुस्तक ह्यफेलियर इन्वेस्टिगेशन ऑफ बॉयलर ट्यूब्सह्न के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि औद्योगिक इकाइयों के बॉयलर में 36 प्रकार की खामियां आती हैं। यह किताब अमेरिका की अमेरिकन सोसायटी फॉर मेटल्स ने प्रकाशित की है। किसी भी औद्योगिक संयंत्र में बॉयलर से भाप बनती है जिसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन में किया जाता है। हरिभक्ति ने संवाददाताओं से कहा कि बॉयलर के काम नहीं करने के कारण उसकी खामियों को दूर करने के उपाय तथा औद्योगिक इकाई के अहम हिस्सों की देखरेख के तरीकों के बारे में किताब में जानकारियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों को बॉयलर पर नजर रखनी चाहिए क्योंकि देश इस्पात, ऊर्जा उत्पादन जैसे कई क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।

### एलआईसी ने बंद किया दो जीवन बीमा प्लान, अब लोगों के पैसों का क्या होगा

नई दिल्ली। सरकारी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी ने दो टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी को बंद कर दिया है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि तीन साल पहले जारी की गई दोनों टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी को अब बंद किया जा रहा है। इन पॉलिसी की मियाद आज 23 नवंबर बुधवार से ही खत्म मानी जाएगी। इसमें से एक बीमा पॉलिसी ऑनलाइन बेची जा रही थी, तो दूसरे को कंपनी ऑफलाइन ही बेच रही थी। एलआईसी ने सर्कुलर जारी कर बताया है कि अब एलआईसी जीवन अमर और एलआईसी टेक टर्म नाम की बीमा पॉलिसी को बंद किया जा रहा है। टेक टर्म पॉलिसी एक ऑनलाइन पॉलिसी है, जबकि जीवन अमर ऑफलाइन है। दोनों ही प्लान को 23 नवंबर, 2022 से खत्म किया जा रहा है। अब कोई भी ग्राहक इन पॉलिसी को ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड से नहीं खरीद सकेगा। सूत्रों का कहना है कि टर्म प्लान का री-इंश्योरेंस रेट बढ़ने की वजह से कंपनी इसे वापस ले रही है। एलआईसी ने अगस्त, 2019 में जीवन अमर पॉलिसी को लांच किया था, जबकि सितंबर, 2019 में टेक टर्म को बाजार में उतारा था। इसके बाद से करीब तीन साल तक इन दोनों ही पॉलिसी के प्रीमियम में कोई बदलाव नहीं किया गया, लेकिन अब इनकी दरें बढ़ाने पर काफी ज्यादा अंतर आ रहा। लिहाजा इसे बंद कर कुछ और बदलाव के साथ रीलांच किया जाएगा। एलआईसी की ये दोनों पॉलिसी उपभोक्ता की मृत्यु हो जाने के बाद उसके परिवार को सम एश?योर्ड मुहैया कराती थीं। इसके तहत बीमाधारक को 10 से 40 साल का टर्म मिलता था। एलआईसी जीवन आधार का मिनिमम सम एश्योर्ड 25 लाख रुपये था, जबकि टेक टर्म प्लान का मिनिमम एश्योर्ड 50 लाख रुपये रखा गया था। दोनों ही प्लान में मैक्सिमम कोई लिमिट नहीं थी।

# ट्विटर में छंटनी से लेकर बहाली पर कई कंपनियों ने मस्क पर उठाया सवाल, जोमैटो भी हुआ शामिल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की ट्विटर को संभालने के उनके तरीके को लेकर काफी आलोचना हो रही है। लगातार छंटनी से लेकर सस्पेंडेड अकाउंट की बहाली पर कई लोग मस्क पर सवाल उठा रहे हैं। इसके साथ ही मस्क को सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जा रहा है। फूड डिलीवरी कंपनी, जोमैटो भी अब इसमें कूद गई है। जोमैटो ने ट्विटर की मौजूदा स्थिति पर एक मीम पोस्ट किया। कंपनी ने स्पेगेटी की दो तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर बिना पकी स्पेगेटी की है जिसके साथ लिखा है 'ट्विटर बिफोर एलन मस्क' यानी मस्क के टेकओवर से पहले ट्विटर की स्थिति। दूसरी तस्वीर में स्पेगेटी उलझी हुई तारों की तरह नजर आ रही है। इसके साथ लिखा है 'ट्विटर आफ्टर एलन मस्क' जो मस्क के अधिग्रहण के बाद ट्विटर की स्थिति दिखा रहा है। पोस्ट को 'नमस्ते' टाइटल और इमोजी के साथ शेयर किया गया है। इस इमोजी के जरिए भी मस्क पर कटाक्ष किया गया है। दरअसल, एक दिन पहले मस्क ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए उनसे अन्य प्लेटफॉर्म पर बने रहने का आग्रह किया था। उन्होंने इसके साथ 'नमस्ते' इमोजी भी बनाया था। मस्क ने कहा था, उम्मीद करता हूं कि सभी आलोचक और हॉल मॉनिटर दूसरे प्लेटफॉर्म पर ही रहें, प्लीज मैं हाथ जोड़कर निवेदन कर रहा हूं। जौमेटो का यह पोस्ट अब काफी वायरल हो रहा है। इस पोस्ट को देखने के बाद सैकड़ों लोगों ने कमेंट बॉक्स में रिएक्ट किया। एक यूजर ने लिखा, 'गजब पोस्ट है यार, लोगों को आसानी से समझाने वाला।' वहीं एक यूजर ने प्लेट में मैगी की फोटो शेयर करते हुए लिखा, मस्क के रिटायरमेंट के बाद ट्विटर। एक अन्य यूजर ने लिखा, एलन मस्क के बाद ट्विटर टेस्टी हो गया है। एलन मस्क ट्विटर के 7,500 एम्प्लॉइज में से 50% से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल चुके हैं। इसके बाद उन्होंने बचे हुए एम्पलॉइज को कंपनी में बने रहने के लिए अल्टीमेटम देते हुए ईमेल किया था। एम्पलॉइज को भेजे एक ईमेल में मस्क ने लिखा था, कर्मचारियों को एक सफल ट्विटर 2.0 बनाने के लिए बहुत परिश्रमी होने की जरूरत होगी। साथ ही सफलता के लिए देर तक काम और उच्च क्षमता दिखानी होगी। ईमेल में कहा गया था कि जो भी एम्पलॉइज कंपनी का हिस्सा बने रहना चाहते हैं वो ईमेल में दिए गए लिंक पर हां में क्लिक करें।

## फिर सस्ता हुआ सोना, चांदी के भी गिरे भाव 48000 रुपये से नीचे आया 22 कैरेट गोल्ड का रेट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शादियों के सीजन में सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए राहत भरी खबर है। आज भी सोना-चांदी सस्ते हुए हैं। मंगलवार के बंद भाव 52153 रुपये प्रति 10 ग्राम के मुकाबले बुधवार को सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोने का औसत हाजिर भाव 163 रुपये सस्ता होकर 52350 रुपये पर आ गया है। वहीं चांदी भी 308 रुपये सस्ती होकर 61243 रुपये प्रति किलो पर आ गई है। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 3904 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से अब केवल 14765 रुपये सस्ती है। आज सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोने का जीएसटी समेत औसत हाजिर भाव 53920 रुपये है। इसमें 99.99 पर्सेंट सोना होता है और इससे कोई जेवर नहीं बनता। वहीं, 23 कैरेट गोल्ड की औसत कीमत अब जीएसटी के साथ 53704 रुपये है। आज यह 52140 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। इसमें 95 पर्सेंट सोना होता है। इस पर अगर ज्वेलर का मुनाफा जोड़ लें तो यह 59074 रुपये पड़ेगा। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के साथ यह 61500 रुपये के पार पहुंच जाएगा। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 47953 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अब 3 फीसद जीएसटी के साथ इस सोने की कीमत 49391 रुपये है। इसमें 85 फीसद गोल्ड होता है। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और ज्वेलर का मुनाफा जोड़ने के बाद यह आपको करीब 61300 रुपये का पड़ेगा। जबकि, 18 कैरेट गोल्ड का रेट 39263 रुपये प्रति 10 ग्राम है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत अब 40440 रुपये हो गई है।

## अमेजन में छंटनी की खबर, श्रम मंत्रालय ने कंपनी के अधिकारी को जवाब देने के लिए बुलाया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन वैश्विक स्तर पर बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी कर रही है। छंटनी की यह प्रक्रिया अगले हफ्ते शुरू हो सकती है। कंपनी के इस लेऑफ से भारत में भी बड़े पैमाने पर कंपनी से जुड़े कर्मचारियों के प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया है। इस बीच भारतीय श्रम मंत्रालय ने भी इस पर सख्त रुख अपनाया है। श्रम मंत्रालय की ओर से इस संबंध में नोटिस जारी कर एक बड़े अधिकारी को जवाब देने के लिए बुलाया गया है। ट्विटर और फेसबुक जैसी दिग्गज आईटी कंपनियों में छंटनी की खबरों के बीच अमेजन के मुखिया जेफ बेजोस ने भी अपने यहां बड़ी छंटनी का ऐलान किया कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी इस सप्ताह कॉरपोरेट और आईटी क्षेत्र में काम करने वाले लगभग दस हजार लोगों को घर वापस भेजने की योजना बना रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक छंटनी की जद में बड़ी संख्या में भारतीय कर्मचारी भी आएंगे। बता दें कि 31 दिसंबर 2021 तक के आंकड़ों के मुताबिक अमेजन में स्थायी और अस्थायी कर्मचारियों की संख्या करीब 16 लाख थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत में छंटनी की खबरों के बीच श्रम मंत्रालय ने अमेजन इंडिया के पब्लिक पॉलिसी मैनेजर को जवाब देने के लिए बुलाया है। इस पद पर तैनात स्मिता शर्मा को 23 सितंबर को जवाब देने के लिए तलब किया गया। नोटिस में कहा गया है कि कंपनी के कर्मचारियों को 30 नवंबर की डेडलाइन देकर उनके साथ वॉलेंटरी सैपरेशन प्रोग्राम की डिटेल साझा की गई है। उसे बाद से कर्मचारियों के बीच डर का माहौल है। कंपनी की ओर से कर्मचारियों को भेजे गए वीएसपी दस्तावेज में कहा गया है कि कंपनी एक वॉलेंटरी सेपरेशन प्रोग्राम लागू कर रहा है, जिसके तहत एईटी आगेर्नाइजेशन के संबंधित कर्मचारियों को अस्थायी रूप से उपलब्ध है।

### विमान यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी, फ्लाइट में देख सकेंगे फिल्म और वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** अगर आप भी अक्सर फ्लाइट में सफर करते हैं तो यह खबर आपको खुश कर देगी. जी हां, अब आप आसमान में उड़ान भरने के दौरान फिल्म और वेब सीरीज देखने का लुत्फ उठा सकते हैं. एयरलाइन कंपनी एयर एशिया ने क्लाउड टेक्नोलॉजी कंपनी शुगर बॉक्स के साथ साझेदारी में उड़ान के दौरान अपने सभी विमानों के भीतर वाईफाई सुविधा उपलब्ध करवाना शुरू किया है. कंपनी की तरफ से एक संयुक्त बयान में इस बारे में जानकारी दी गई. कंपनी की तरफ से बताया गया कि इससे एयर एशिया इंडिया के जरिये यात्रा करने वाले लोगों को विमान में पहले से लगी प्रणाली के जरिये ओटीटी ऐप से बफरमुक्त सामग्री के साथ ही वेब सीरीज के एपिसोड, शॉर्ट फिल्में और 1,000 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्में देखने को मिलेंगी.

## भारत 2022-23 में जी20 समूह में सऊदी अरब के बाद तेजी से वृद्धि करती अर्थव्यवस्था होगा : ओईसीडी



**लंदन (एजेंसी)।** विकसित औद्योगिक देशों के संगठन (ओईसीडी) का अनुमान है कि भारत वित्त वर्ष 2022-23 में जी20 समूह में सऊदी अरब के बाद सबसे तेजी से वृद्धि करती अर्थव्यवस्था होगा। रूस यूक्रेन लड़ाई के कारण कच्चे तेल के बाजार में आए उबाल से परेशान पूरी दुनिया इस समय मुद्रास्फीति के भारी दबाव और आर्थिक गतिविधियों में नरमी के दौर से गुजर रही है। पेरिस स्थित संगठन ओईसीडी ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मांग नरम हो रही है और केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीतियों को सख्त करते जा रहे हैं, इसके बावजूद भारत चालू वित्त वर्ष में जी20 समूह की अर्थव्यवस्थाओं में दूसरे नंबर की सबसे तीव्र वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था रहेगा। ओईसीडी की ताजा इकोनामिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर निर्यात में और घरेलू अर्थव्यवस्था में मांग के हल्का होने के चलते घटकर 5.7 फीसदी रहेगी, बावजूद इसके भारत की आर्थिक वृद्धि दर अगले वर्ष चीन और सऊदी अरब से ऊपर ही रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में 6.6 फीसदी की वृद्धि हासिल करने के बाद 2023 में भारत की वृद्धि गिरकर 5.7 फीसदी पर आ जाएगी, लेकिन 2224-25 में यह फिर बढ़कर सात फीसदी तक जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है भारत में मुद्रास्फीति कम से कम 2023 के शुरूआती महीनों तक रिजर्व बैंक के ऊपरी सहनीय छह फीसदी के लक्ष्य से ऊपर बनी रहेगी। रिपोर्ट में वित्तीय क्षेत्र में भारत द्वारा हाल के वर्षों में की गई प्रगति का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि वित्तीय सेवाएं आबादी के एक बड़े हिस्से तक पहुंचने लगी हैं और आज इसका लाभ आर्थिक सामाजिक रूप से अभाव में गुजर रहे लोगों तक पहुंच रहा है ।

## ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स में शामिल हुई मीशो

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने छोटे क्षेत्र के विक्रेताओं (हाइपरलोकल) के साथ खरीदारों को जोड़ने के लिए सरकार की पहल ह्यओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स' (ओएनडीसी) के साथ अपने एकीकरण की घोषणा की। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार ओएनडीसी की एक पायलट परियोजना चला रही है, जहां सभी ई-कॉमर्स कंपनियां प्रतिस्पर्धी कीमतों पर वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा उपलब्ध कराएंगी, जिससे विक्रेताओं एवं उपभोक्ताओं पर लागत का बोझ घटेगा। मीशो के साथ पायलट को पहले बेंगलुरु में शुरू किया जाएगा और आने वाले महीनों में धीरे-धीरे अन्य स्थानों पर इसका विस्तार होगा। हर किसी के लिए ई-कॉमर्स को सुलभ बनाने के मीशो के उद्देश्य के अनुरूप, यह एकीकरण छोटे क्षेत्र के आपूर्तिकर्ताओं के लिए व्यापक बाजार बनाते हुए उपभोक्ताओं के लिए उत्पादों की खोज को बढ़ावा देगा। मीशो के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विदित आत्रे ने बयान में कहा, यह एकीकरण छोटे विक्रेताओं को सशक्त बनाने और छोटे क्षेत्र के व्यवसायों को बढ़ावा देने के एक साझा लक्ष्य के साथ हर किसी के लिए इंटरनेट आधारित कारोबार को लोकतांत्रिक बनाने के हमारे प्रयासों को बढ़ावा देगा।'' ओएनडीसी के सीईओ टी कोशी ने कहा, ई-कॉमर्स भारत में अब भी काफी छोटा' है।

### पाकिस्तान का एफडीआई चार महीनों में 52 प्रतिशत घटा

# नकदी की तंगी से जूझ रहा देश, बढ़ी परेशानी




> ◂◂ रिपोर्ट के अनुसार 74.8 मिलियन अमरीकी डालर का उच्चतम एफडीआई चीन से वित्तीय वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान आया था।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में खराब आर्थिक स्थिति और राजनीतिक अस्थिरता के बीच, नकदी की तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) ने चालू वित्त वर्ष (एफवाई 23) के पहले चार महीनों के दौरान 52 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। रिपार्ट ने बताया है कि पाकिस्तान स्टेट बैंक ने नवीनतम डेटा जारी किया, इसके अनुसार जुलाई-अक्तूबर एफवाई 23 में एफडीआई गिरकर 348.3 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष (एफवाई 22) की समान अवधि के दौरान 726.5 मिलियन अमरीकी डॉलर था। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक एफडीआई में हर साल गिरावट आ रही है जबकि निवेश की मात्रा भी क्षेत्रीय देशों जैसे भारत, बांग्लादेश और चीन की तुलना में बहुत कम है। रिपोर्ट के अनुसार 74.8 मिलियन अमरीकी डालर का उच्चतम एफडीआई चीन से वित्तीय वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान आया था। पाकिस्तानी दैनिक ने कहा कि चीन पिछले कई सालों से सबसे बड़ा निवेशक रहा है, लेकिन उसके निवेश में गिरावट शुरू हो गई है, जैसा कि दो साल के तुलनात्मक आंकड़ों से पता चलता है। इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात से एफडीआई प्रवाह पहले चार महीनों में बढ़कर 67.6 मिलियन अमरीकी डालर हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान 51.4 मिलियन अमरीकी डालर था। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब पाकिस्तान के योजना मंत्री अहसान इकबाल ने रविवार को देश के डिफॉल्ट जोखिमों से संबंधित रिपोर्टों को खारिज कर दिया। इकबाल ने उन्हें इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी का प्रचार करार दिया। पाकिस्तान के संघीय मंत्री ने यह टिप्पणी इमरान के पाकिस्तान में आर्थिक स्थिति के बारे में चेतावनी देने के बाद की, जिसमें कहा गया था कि शहबाज शरीफ सरकार इसे नियंत्रित करने में सक्षम नहीं है।

### पीएनबी के एटीएम से अब एक लाख रुपये तक निकाल सकते हैं, मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली।** पीएनबी ने बताया है कि वीजा गोल्ड डेबिट कार्ड, प्लेटिनम मास्टरकार्ड और रूपे कार्ड पर एटीएम से निकासी की सीमा बढ़ाकर 1 लाख रुपये की जा रही है। पहले ये कार्डधारक एटीएम से सिर्फ 50 हजार की राशि निकाल पाते थे। बैंक ने कहा है कि ग्राहकों की सुविधा के लिए जल्द ही डेबिट कार्ड ट्रांजेक्शन लिमिट और बढ़ाई जाएगी। पीएनबी ने बताया है कि वीजा गोल्ड डेबिट कार्ड, प्लेटिनम मास्टरकार्ड और रूपे कार्ड पर एटीएम से निकासी की सीमा बढ़ाकर 1 लाख रुपये की जा रही है। पहले ये कार्डधारक एटीएम से सिर्फ 50 हजार की राशि निकाल पाते थे। बैंक ने कहा है कि ग्राहकों की सुविधा के लिए जल्द ही डेबिट कार्ड ट्रांजेक्शन लिमिट और बढ़ाई जाएगी। बैंक ने प्वाइंट ऑफ सेल यानी पीओएस की लिमिट भी बढ़ा दी है।

## पेज एक के शेष

### बैठक में लिये...

▸▸ होड़ोपैथी आदिवासी ज्ञान परंपरा का गौरवपूर्ण हिस्सा रहा है। इसे देखते हुए इसके वैज्ञानिक विश्लेषण, अध्ययन, अनुसंधान, प्रकाशन के साथ सीएसआईआर के तरह वैज्ञानिक प्रयोगशाला बनाते हुए इसे आयुष में सम्मिलित किये जाने पर जोर दिया गया।

▸▸ झारखंड पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार नियामावली-2022 के प्रारूप पर संबंधित विभागों एवं पक्षों से सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया जाये।

▸▸ जनजातीय समुदाय के युवाओं को पांच वर्ष से अधिक भुगतान अवधि के साथ ऋण प्रदान किये जाने के लिए अन्य राज्यों के प्रावधानों का अध्ययन कराते हुए बैकों के साथ राज्यस्तरीय बैठक कर नीति बनायी जाये।

### 41ए के नोटिस...

पत्र, पार्सल के जरिये किसी चीज को भेजा जाये तो उसे उपेक्षा का अनुपालन नहीं माना जायेगा।

साक्षियों को कैसे उपस्थित करायेगी पुलिस : किसी केस में धारा-160 के तहत साक्षियों को बुलाने का प्रावधान है, लेकिन 15 वर्ष से क्रम उम्र या 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, मानसिक या शारीरिक रूप से निशक्त को थाने नहीं बुलाया जा सकता। अगर थाने के अलावे पुलिस पदाधिकारी साक्षियों को निवास स्थान से भिन्न कहीं बुलायेंगे तो ऐसे में उचित खर्चों का वहन करना होगा।

नोटिस जारी करने की क्या होगी प्रकिया : पुलिस पदाधिकारी किसी को 41ए का नोटिस भेजे तो उसमें वक्त व स्थान लिखित हो साथ ही खुद तय समय पर उपस्थित रहे। अभियुक्त या संदेही वैध या न्यायोचित कारणों से नोटिस पर उपस्थित न होने पाये तो उसे सात दिनों से अधिक का वक्त नहीं दिया जा सकता। वहीं, 41ए का नोटिस नहीं भेजना अनुसंधान के लिए हानिकारक न हो तो इसे केस डायरी में लिखना होगा।

### वित्तीय गड़बड़ी करनेवाले...

अभियुक्तों द्वारा लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत परमसाई गांव में योजना राशि प्राप्त करने के बाद योजना कार्य को अधूरा रखने, खराब गुणवत्ता, एकरारनामा के अनुसार सामानों को नहीं लगाने तथा योजना के अन्तर्गत निर्गत राशि का निकासी कर गबन किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा सरकारी पद का दुरुपयोग, अपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप है।

### ईडी ने एक...

सोरेन के खिलाफ बयान देनेवाले झामुमो के पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल, संताल परगना के पूर्व कमीश्नर व रिटायर्ड आईएएस अधिकारी चंद्रमोहन प्रसाद कश्यप, प्रेम प्रकाश के स्टाफ अनिल झा, रेलवे अधिकारी कर्नलीयुस मरांडी, डीसीएम मालदा रेल डिविजन पवन कुमार, एक्सिस बैंक हिनू के ब्रांच ऑपरेशनल हेड नवीन कुमार, बंधन बैंक के ब्रांच मैनेजर मनोरंजन, बैंक आफ बड़ौदा बिरसा चौक शाखा की चीफ मैनेजर चंद्रकांति कुमारी, बीओआई डोरंडा के चीफ मैनेजर लाल त्रिलोचन नाथ शाहदेव, केनरा बैंक हिनू की मैनेजर रोहिणी टोप्पो, एचडीएफसी बैंक के सूर्यांशू वर्मा समेत कई बैंक अफसरों को ईडी ने गवाह बनाया है।

**साहिबगंज के कई सरकारी पदाधिकारी भी बने गवाह :** ईडी ने इस मामले में साहिबगंज सदर के सीओ अब्दुस समद, राजमहल के सब रजिस्ट्रार मनोज टुडू, दुमका में प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल अफसर कमलाकांत पाठक, रांची के स्टेशन हेड से जूनियर इनवायरोमेंट इंजीनियर राजीव कुमार सिन्हा, रेंज फोरेस्ट अफसर जितेंद्र दूबे, अमीन शहबाज आलम, प्रभात कुमार और साहिबगंज के एसडीओ राहुल आनंद को भी गवाह बनाया गया है।

### मानव तस्करी की...

भाग निकली। भागने के दौरान किसी की नजर उस बच्ची पर पड़ी और उसे रेस्क्यू किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक छवि रंजन द्वारा सभी जिले को सख्त निर्देश दिया गया है कि जिस भी जिले के बच्चे को दिल्ली में रेस्क्यू किया जाता है, उस जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा उन्हें वापस उनके जिले में पुनर्वास किया जायेगा। इसी कड़ी में रांची जिले की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती ने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम बनाकर इन बच्चों को झारखंड लाकर पुनर्वास हेतु दिल्ली भेजा है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वेद प्रकाश तिवारी एवं दुर्गा शंकर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चों को वापस झारखंड में उनके गृह जिले में पुनर्वासित करने की कार्यवाही की जा रही है।

### एग्रो केमिकल कंपनी के शेयरों को ग्रे मार्केट में तगड़ा रिस्पॉन्स मिल रहा है

# आईपीओ आने से पहले ही 25 रुपये का प्रीमियम, मार्केट में हो सकती है दमदार एंट्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक और कंपनी का आईपीओ आ रहा है। यह कंपनी धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड है। कंपनी एग्रो केमिकल्स बनाती है। कंपनी का आईपीओ 28 नवंबर 2022 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और यह 30 नवंबर तक ओपन रहेगा। धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड के आईपीओ का प्राइस बैंड 216 से 237 रुपये है। एंकर इनवेस्टर्स के लिए यह इश्यू 25 नवंबर 2022 को ओपन होगा। धर्मज क्रॉप गार्ड का आईपीओ खुलने से पहले ही ग्रे मार्केट में इसे जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। बाजार पर नजर रखने वाले लोगों का कहना है कि धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड के शेयर ग्रे मार्केट में 25 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। एग्रो केमिकल कंपनी के शेयरों को ग्रे मार्केट में तगड़ा रिस्पॉन्स मिल रहा है। कंपनी के शेयर गुरुवार 8 दिसंबर 2022 को इरए और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। धर्मज क्रॉप गार्ड के आईपीओ में शेयरों का अलॉटमेंट 5 दिसंबर 2022 को फाइनल हो सकता है। कंपनी के पब्लिक इश्यू में 216 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और कंपनी के प्रमोटर्स, मौजूदा शेयरहोल्डर्स की तरफ से 14,83,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल है। कंपनी, फ्रेश इश्यू से मिली रकम का इस्तेमाल गुजरात में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने में करेगी। इसके अलावा, इस पैसे का इस्तेमाल कुछ कर्ज चुकाने और इंक्रीमेंटल वर्किंग कैपिटल रिक्वॉयरमेंट्स को पूरा करने में किया जाएगा। धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड की शुरूआत साल 2015 में हुई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### रूस ने किया यूक्रेन के अस्पताल पर हमला

**मॉस्को (एजेंसी)।** 20 फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश पर रुसी सेना ने यूक्रेन में घुसपैठ करते हुए हमला कर दिया। रूस और यूक्रेन के बीच चल युद्ध को 9 महीने पूरे हो चुके हैं, पर अभी भी यह युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि लंबे समय और कई प्रयासों के बावजूद भी रुसी सेना को अब तक अपने मंसूबों में सफलता नहीं मिली है और उनके हौसले में भी गिरावट आयी है। अब तक इस युद्ध में यूक्रेन में बड़ी तादाद में लोगों की मौत हुई है और बड़ी तादाद में ही लोग घायल भी हुए हैं। पर इसके बावजूद रुसी राष्ट्रपति के आदेश पर सेना पीछे नहीं हट रही। ताजा रिपोर्ट के अनुसार रुस ने एक बार फिर यूक्रेन के अस्पताल को टारगेट किया है। रुसी हमले में अस्पताल के मैटरनिटी बिल्डिंग को टारगेट किया। इस हमले में एक नवजात शिशु की मौत हो गई। युद्ध शुरू होने के बाद रुसी सेना यूक्रेन के हेल्थ सिस्टम पर अब तक करीब 700 हमले कर चुकी है। यूक्रेन की इमरजेंसी सर्विस ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के जेपोरीजिया प्रांत के शहर विलनिअन्स्क शहर में स्थित दो मंजिला मैटरनिटी अस्पताल पर रूस ने हमला किया। इससे यह मैटरनिटी ब्लॉक ध्वस्त हो गया। यूक्रेन के अस्पताल पर हुए इस रुसी हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इसकी निंदा की है। साथ ही उन्होंने रूस पर आतंक और हत्या का आरोप भी लगाया है।

### सऊदी अरब में महज 10 दिन में 12 लोगों को सजा-ए-मौत



**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब में आज भी पुरानी परंपरा पर चल रहा है जहां सजा का मतलब मौत ही माना जाता है। कुछ ऐसा ही बीते 10 दिनों में देखने को मिला। जहां 12 लोगों को सिर काट कर सजा दी गयी। इस सजा में लोगों का सिर धड़ से अलग किया गया। हालांकि, इससे पहले कुछ समय पहले सरकार ने मौत की सजा में ढील छोड़ी थी। लेकिन एक बार फिर से सजा की ये परंपरा शुरू हो गयी है। एक रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब में जिन 12 लोगों को ये सजा दी गयी है। उसमें अधिकतर लोग प्रवासी है। जिसमें तीन पाकिस्तानी, चार सीरियाई और दो जॉर्डन के रहनेवाले हैं। इन लोगों में तीन सऊदी अरब के ही लोग हैं। जिन पर ड्रग्स संबंधित कानून के उल्लंघन का आरोप था, जिसके चलते इन्हें सजा-ए-मौत दी गयी थी। खास बात ये है कि सऊदी अरब के मॉडर्न इतिहास में पहली बार इतनी संख्या में लोगों को सजा-ए-मौत की सजा दी गयी थी।

### उत्तरी सेना के कमांडर बोले -

# पीओके पर कार्रवाई को सेना है तैयार

### सरकार के आदेश का इंतजार, लॉन्चपैड पर 300 आतंकी मौजूद

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तरी सेना के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बड़ा बयान दिया है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, मीडिया को दिये बयान में उन्होंने कहा सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने के लिए तैयार है। उन्हें सरकार के आदेश का इंतजार है। पीओके वापस लेने के रक्षा मंत्री के बयान पर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि जहां तक भारतीय सेना का संबंध है, वह भारत सरकार द्वारा दिये गये किसी भी आदेश को पूरा करेगी। जब भी इस तरह के आदेश दिये जायेंगे, हम हमेशा इसके लिये तैयार रहेंगे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 27 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में इन्फेंट्री दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पाकिस्तान को चुनौती देते हुए कहा था कि पाकिस्तान उसके कब्जे वाले कश्मीर अर्थात पीओके में लोगों पर अत्याचार कर रहा है और पाकिस्तान को इसके लिए अंजाम भुगतने पड़ेंगे।

**सीमापार से 300 आतंकी घुसपैठ को तैयार :** जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 82 विदेशियों समेत आतंकवादी सक्रिय हैं। जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों की संख्या लगभग है, जिनमें 82 आतंकवादी और 53 स्थानीय शामिल हैं, लेकिन केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की सभी योजनाओं को विफल करने के प्रयास जारी हैं।



**जनरल** द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पुंछ लिंक अप दिवस के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा कि उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि राजौरी-पुंछ बेल्ट समेत जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में 300 आतंकवादी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि उनमें से 150 से अधिक अज्ञात सूचीबद्ध हैं जिन्हें आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने का जिम्मा सौंपा गया है? सेना कमांडर ने कहा कि सुरक्षाबलों पर हमला करने के संबंध में सभी योजनाओं को रोकने और विफल करने के लिए सहयोगी संबंधित एजेंसियों के साथ निकट समन्वय में सेना द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि लॉन्च पैड्स पर सक्रिय आतंकवादियों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर शीर्ष अधिकारी ने कहा कि सीमा पार विभिन्न लॉन्च पैड्स पर 160 आतंकवादी बैठे हैं। इस बीच, अनुच्छेद-370 के निरस्त होने के बाद सुरक्षा स्थिति पर, जीओसी-इन-सी ने कहा कि सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखा गया है, शांति और विकास को गति मिली है और नागरिक प्रशासन जगह ले रहा है।

### गुजरात में कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम, बोले-

# वोट बैंक की राजनीति ने देश को किया बर्बाद



**मेहसाणा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस की राजनीति के मॉडल का अर्थ भाई-भतीजावाद, जातिवाद, संप्रदायवाद और वोट बैंक की राजनीति है। उत्तर गुजरात के मेहसाणा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ना सिर्फ गुजरात को बल्कि पूरे देश को बर्बाद कर दिया। गुजरात में दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण का मतदान एक और दूसरे चरण का मतदान पांच दिसम्बर को होगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस मॉडल का अर्थ है भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, परिवारवाद की राजनीति, संप्रदायवाद और जातिवाद। वे सत्ता में बने रहने के लिए वोट बैंक की राजनीति करने और लोगों के बरीच दरार पैदा करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस मॉडल ने ना सिर्फ गुजरात को बर्बाद किया बल्कि देश को भी बर्बाद किया। यही वजह है कि देश को आगे ले जाने के लिए हमें कठिन परिश्रम करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने दाहोद, वड़ोदरा और भावनगर में भी चुनावी रैलियों को संबोधित किया।


> ■ पीएम बोले - कांग्रेस की राजनीति के मॉडल का अर्थ भाई-भतीजावाद, जातिवाद, संप्रदायवाद और वोट बैंक की है राजनीति

## चीन में दुनिया की सबसे बड़ी आईफोन फैक्ट्री में मचा बवाल, हिंसक झड़प

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के झोंगझोउ शहर में स्थिति दुनिया की सबसे बड़ी आईफोन फैक्ट्री के बाहर बुधवार को जमकर बवाल हुआ है। कई हफ्ते से कोरोना प्रतिबंधों का सामना कर रहे फैक्ट्री के कर्मचारी बुधवार को बैरिकेड्स तोड़कर परिसर से भागने लगे। इस बीच वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़प भी देखने को मिली है। परिसर से भाग रहे कर्मचारियों को पीटा भी गया है और कुछ को हिरासत में भी रखा गया है। फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप प्लांट के कर्मचारी, जो ऐप्पल आईफोन बनाते हैं उन्हें पिछले कुछ दिनों से कोरोना प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा रहा है। कंपनी को चारों तरफ से सील कर दिया गया है। चीनी सोशल मीडिया पर उपलब्ध झोंगझोउ स्थित कारखाने के वीडियो में नकाब पहने हजारों प्रदर्शनकारी सफेद सुरक्षात्मक सूट पहने पुलिसकर्मियों का सामना करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को पोस्ट किये गये कुछ वीडियो में यह नजर भी आ रहा है। वीडियो और फुटेज में कई लोग खून से लथपथ भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा ग्रुप में कुछ लोगों को नारे भी लगाते हुए दिखाया गया है। कई कर्मचारियों ने सुरक्षाकर्मियों से भिड़ने के लिए प्लांट में लगे अग्निशमन यंत्रों का भी इस्तेमाल किया है। ब्लूमबर्ग ने बुधवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि एक ही प्वाइंट पर कई लोगों ने पुलिस की कार को घेर लिया था और वाहन को धक्का देना शुरू कर दिया था। हिंसक झड़प के बाद चीनी दंगा पुलिस को कारखाने के आसपास तैनात कर दिया गया है।

## युवा इंजीनियर उम्मीदवार पर भारी पड़े पीएम देउबा

### लगातार सातवीं बार जीते चुनाव, डडेलधुरा से कभी नहीं मिली हार



**काठमांडू (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने सुदूर पश्चिमी नेपाल के डडेलधुरा निर्वाचन क्षेत्र से भारी मतों के अंतर से लगातार सातवीं बार जीत दर्ज की है। देउबा (77) को 25,534 वोट मिले, जबकि उनके निकटम प्रतिद्वंद्वी एवं निर्दलीय उम्मीदवार सागर ढकाल (31) को 1,302 मत हासिल हुए। देउबा अपने पांच दशक के राजनीतिक करियर में कभी कोई संसदीय चुनाव नहीं हारे हैं। ढकाल एक युवा इंजीनियर हैं, जिनकी पांच साल पहले साझा सवाल कार्यक्रम में एक सार्वजनिक परिचर्चा के दौरान देउबा से मौखिक बहस हुई थी।

इसके बाद उन्होंने यह कहते हुए देउबा को चुनौती देने का फैसला किया था कि अब युवाओं को राजनीति में आना चाहिए और देउबा जैसे वरिष्ठ लोगों को आराम करना चाहिए। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा अभी पांचवीं बार प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हैं। सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस ने अभी तक प्रतिनिधि सभा में 10 सीटें जीती हैं, जबकि वह 46 अन्य सीटों पर आगे चल रही है। केपी ओली की अगुवाई वाले मुख्य विपक्षी दल सीपीएन-यूएमएल (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सीसिस्ट-लेनिनिस्ट) ने अभी तक तीन सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि 42 सीटों पर उसने बढ़त हासिल कर ली है।

हिमालयी देश में प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतों की विधानसभाओं के लिए गत रविवार को मतदान हुआ था। मतों की गिनती सोमवार को शुरू की गयी। नेपाल में संघीय संसद की 275 सीटों और सात प्रांतीय विधानसभाओं की 550 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। संघीय संसद के कुल 275 सदस्यों में से 165 का चयन प्रत्यक्ष मतदान के जरिए होगा।


## पुलिस दिखा सकती थी और संयम : सरमा

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम-मेघालय सीमा से लगे एक गांव में हिंसा में छह लोगों की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि पुलिस भीड़ को काबू करने के लिए और संयम दिखा सकती थी। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मंगलवार की घटना का असम-मेघालय सीमा मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। यह दो पक्षों के बीच लड़ाई का परिणाम था। कुछ स्थानीय लोग और वन रक्षक आपस में उलझ रहे थे, जो अंततः घटना का कारण बना। छह लोगों की मौत वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अकारण गोलीबारी का मामला प्रतीत होता है। हमने कुछ पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

# यरूशलम में बस स्टॉप के पास धमाका, कई घायल



**यरूशलम (एजेंसी)।** यरूशलम में बुधवार को एक बस स्टॉप के पास हुए धमाके में कम से कम 12 लोग घायल हो गये। इजराइली पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने धमाके के पीछे फलस्तीनियों का हाथ होने की आशंका जतायी। पुलिस के मुताबिक, धमाका शहर के बाहर एक राजमार्ग पर स्थित बस स्टॉप के पास हुआ, जो हमेशा यात्रियों से भरा रहता है। घटनास्थल पर मौजूद चिकित्सा कर्मी योसेफ हैम गाबेय ने आर्मी रेडियो को बताया कि यहां हर तरफ विनाश का मंजर है और कुछ घायलों के शरीर से बहुत ज्यादा खून बह रहा है। यरूशलम के अस्पतालों ने बताया कि उनके यहां धमाके में घायल 12 लोगों को भर्ती कराया गया है, जिनमें दो गंभीर और दो अन्य बेहद गंभीर रूप से जख्मी हैं। धमाके के पीछे की वजह पता लगायी जा रही है, लेकिन यह ऐसे समय में हुआ है, जब इजराइलियों के खिलाफ किये गये जानलेवा हमलों में 19 लोगों की मौत के बाद इजराइली बलों द्वारा वेस्ट बैंक में महीनों से की जा रही छापेमारी से इजराइल और फलस्तीन के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। वर्ष 2022 में वेस्ट बैंक और पूर्वी यरूशलम में इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष में 130 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिससे यह साल 2006 के बाद से क्षेत्र में सबसे घातक वर्ष बनकर उभरा है। इजराइली सेना का कहना है कि उसकी कार्रवाई में मारे गये ज्यादातर फलस्तीनी आतंकवादी थे। हालांकि, इजराइली बलों की छापेमारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कुछ युवा और कई ऐसे लोग भी मारे गए हैं, जो टकराव में शामिल नहीं थे। यरूशलम के उत्तर में स्थित रामोत के एक इलाके में भी एक धमाके की खबर है, लेकिन पुलिस ने इसकी तत्काल पुष्टि नहीं की है।



# असम में प्रेमी ने प्रेमिका की लाश से रचाई शादी

### भाई बोला- बहन की आखिरी इच्छा पूरी हुई



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के एक प्रेमी की कहानी ने सभी को हैरान कर दिया है। सोशल मीडिया पर इस प्रेमी का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी प्रेमिका की लाश से शादी कर रहा है। वीडियो के साथ बुधवार को जो जानकारियां साझा की गयीं, उनके मुताबिक वीडियो असम के मोरीगांव के रहनेवाले बिटुपन तमोली और उसकी प्रेमिका प्रार्थना का है, जिसकी 18 नवम्बर को मौत हो गयी। बिटुपन ने प्रार्थना से शादी का वादा किया था। उसकी मौत के बाद परिवार ने ऐसा करने से मना किया, पर बिटुपन नहीं माना। उसने लाश की मांग में सिंदूर भरा और माला पहनाई। उसने दूसरी माला अपने गले में डाल ली। अंतिम विदाई से पहले प्रार्थना के शव को माला पहनाई और फिर दूसरी माला उसके शरीर से लगाकर अपने गले में डाल ली। प्रार्थना के भाई ने कहा कि मेरी बहन बहुत खुशकिस्मत थी। वह बिटुपन से शादी करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि उन्होंने उनकी आखिरी इच्छा पूरी की। फूट-फूट कर रोते बिटुपन ने परिजनों की मौजूदगी में शव के साथ शादी की रस्में अदा कीं।

### कई सालों से था प्यार जल्द करनेवाले थे शादी

**मोरीगांव** निवासी 27 साल का बिटुपन तमुली और चापरमुख के कोसुआ गांव की 24 साल की प्रार्थना बोरा कई सालों से एक-दूसरे से प्यार करते थे। यह बात दोनों के घरवालों को पता थी। वे जल्द ही शादी करनेवाले थे, लेकिन इसी बीच प्रार्थना बीमार पड़ गयी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान प्रार्थना की मौत हो गयी। जब बिटुपन को प्रार्थना के बारे में पता चला, तो वह उसके घर पहुंचा और अपनी दुल्हन बनने की उसकी आखिरी इच्छा पूरी की।